दैनिक
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
नवप्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 2 | अभिव्यक्ति 3 | राजधानी 8 | राजनीतिक सरगर्मी 9 | खेल/बिजनेस

RNI NO.CHHHIN/2015/62431 बिलासपुर, शुक्रवार 1 सितंबर 2023, शुक्ल पक्ष प्रतिपदा, विक्रम संवत-2080 वर्ष-9 अंक- 152 पृष्ठ-10 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

...तो क्या भाजपा के दूसरे नंदकुमार साय बनने जा रहे विजय बघेल!

यशवंत धोटे

रायपुर/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी ने जब से दुर्ग सांसद विजय बघेल को पाटन विधानसभा सीट से उम्मीदवार बनाया हैं तब से राजनीतिक गलियारों में एक ही आशंका तैर रही है कि क्या विजय बघेल भाजपा के दूसरे नंदकुमार साय बनने जा रहे है? कांग्रेस के मुख्यमंत्री रहते अजीत जोगी के सामने चुनाव लड़े नंदुकमार साय का राजनीतिक हश्र जगजाहिर हैं। दरअसल साय उस समय भाजपा की ओर से मुख्यमंत्री पद के प्रबल दावेदार थे और अब 23 साल की नये राज्य में राजनीतिक यात्रा के बाद वे कांग्रेस की सरकार में केबीनेट मंत्री का दर्जा प्राप्त नेता हैं और आने वाले चुनाव के लिए टिकिट के दावेदार भी। छत्तीसगढ़ के अल्प राजनीतिक इतिहास में यह तो कही नहीं दिख रहा हैं कि कोई मुख्यमंत्री अपनी सीट से चुनाव हारा हो। फिर आने वाले चुनाव में भाजपा कोई इतिहास रच दे तो अलग बात है। लेकिन ये इतिहास रच देने के बाद विजय बघेल कही मुख्यमंत्री पद के स्वाभाविक दावेदार हो गए तो? इसीलिए यह आशंका तैर रही है कि विजय बघेल भी कही नंदकुमार साय की गति को ही प्राप्त तो नहीं हो जाएंगे। दरअसल इस चुनाव में भाजपा की तैयारिया तो ऐसे दिख रही है कि 2018 में 15 साल की सरकार वाली पाटी जब चुनाव लड़ रही थी तब भी इतनी तैयारीं नहीं दिख रही थी। या यूं कह सकते है अतिआत्मविश्वास और आत्ममुग्धता ने पार्टी को 50 से 15 सीटों पर ला दिया।

किसान ने याद दिला दी लंबित बोनस

इस चुनाव में भाजपा के लिए भरोसे का संकट मुंह बाए खड़ा है। इसका प्रमाण एक वायरल वीडियो में पार्टी को मिल गया। पाटन के भाजपा प्रत्याशी विजय बघेल संगठन महामंत्री भूपेन्द्र सवन्नी के साथ जनसंपर्क कर रहे थे तो एक किसान ने दो साल के लम्बित बोनस की याद दिला दी और साथ में हमर कका वाला एक उलाहना भी दे दिया। दरअसल 2018 के चुनाव में जाने से पहले भाजपा ने किसानों का दो साल का बोनस रोक कर मोबाइल बांट दी थी। किसानों की मांग थी कि हमें मोबाइल नहीं बोनस चाहिए। इधर कांग्रेस के घोषणा पत्र में न केवल 2500 रूपए प्रति क्विन्टल धान की खरीदी का वादा था बल्कि बचा हुआ दो साल का बोनस भी देने का था। हालांकि साढ़े चार साल में वो दो साल का बोनस तो नहीं दिया लेकिन वादे के मुताबिक 2500 रूपए क्विन्टल धान खरीदी जारी है। निकट भविष्य में यह लम्बित बोनस दिया जाएगा या नहीं अब तक सरकार की ओर से कुछ संकेत नहीं है लेकिन भरोसे और न्याय की कसौटी के बूते चुनाव में जा रही कांग्रेस को भाजपा शराब और गोबर पर बहुआयामी विधाओं से घेर रही है।

कांग्रेस की पीच पर खेल रही भाजपा

छग की राजनीति में किसान और धान कितना अहम है इस बात को समझने के लिए भाजपा को 15 साल लग गए। अब भाजपा कांग्रेस पर छत्तीसगढ़िया वाद का आरोप तो लगा रही है लेकिन कांग्रेस की पीच पर खेल भी रही है। अब हम आते है भाजपा की चौकाओ साइक्लाजी पर। भाजपा यह मानकर चल रही है कि 21 सीटों के प्रत्याशी घोषित कर विरोधियों पर मनोवैज्ञानिक बढ़त बना ली। 21 में से 15 सीट जीतने का दावा करने वाली भाजपा की रणनीति है कि सांसद विजय बघेल को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के सामने मैदान में उतार कर उन्हें इंगेज कर दिया गया है। हालांकि अब तक एकतरफा जीत का दावा करने वाला कांग्रेस का पोलिटिकल थिंक टेंक अब अन्कम्फर्टेबल महसूस करने लगा है।

केंद्रीय एजेंसियों की धमक

राज्य में ठीक चुनाव से पहले केन्द्रीय जांच एजेसियों की धमक से सत्ता व संगठन के राजनीतिक समीकरण गडबड़ाने लगे है। हमने खबर की शुरूआत नंदकुमार साय से की थी और उन्हीं पर खबर खत्म कुछ ऐसी होती है कि राज्य की 34 फीसदी आदिवासी आबादी के लिए 90 में 29 विधानसभा सीटे आरक्षित है और कांग्रेस के पास अभी 27 सीटें है। कम से कम 20 सीटें ऐसी है जहा आदिवासी वोट 20 से 40 हजार है। और नंदकुमार साय अब यह बताते घूम रहे है कि कांग्रेस में आदिवासी सुरक्षित है और भाजपा में भरोसे का संकट है। इसलिए पाटन के भाजपा प्रत्याशी विजय बघेल भी मेरी गति को प्राप्त हो सकते हैं। अर्थात उनका राजनीतिक हश्र भी मेरे जैसा हो सकता है। फर्क सिर्फ इतना है कि मैं 34 फीसदी आबादी वाले समाज का 3 बार का सांसद था और विजय बघेल 6 फीसदी सामाजिक भागीदारी वाले एक बार के सांसद हैं। इसके बाद विजय बघेल को किसी भी चुनाव में टिकिट की चाहत नहीं रखनी चाहिए।

'छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया', इस कहावत में है सदियों का सच : राष्ट्रपति

रायपुर/नवप्रदेश। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू छत्तीसगढ़ दौरे पर हैं। इस दौरान वे राजधानी रायपुर में स्थित जगन्नाथ मंदिर में पहुंचीं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने यहां पहुंचकर विशेष पूजा-अर्चना की। भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा का आशीर्वाद लेने के बाद राष्ट्रपति रायपुर में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हुईं। रायपुर के शांति सरोवर स्थित प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के वार्षिक परियोजना सकारात्मक परिवर्तन वर्ष 2023 के शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि मुझे छत्तीसगढ़ की धरती पर आप सबसे मिलने का अवसर मिला। मेरी इच्छा आज पूरी हुई। एक कहावत है छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया, ऐसी ■ शेष पृष्ठ 6 पर

बेटी के साथ पहुंची राष्ट्रपति

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु छत्तीसगढ़ के दो दिवसीय प्रवास पर गुरुवार को रायपुर पहुंचीं। राष्ट्रपति मुर्मु के साथ उनकी बेटी इतिश्री भी रायपुर पहुंचीं। यह पहला मौका है, जब राष्ट्रपति अपनी बेटी के साथ किसी यूनिवर्सिटी और धार्मिक कार्यक्रम में शामिल होंगी। स्वामी विवेकानंद अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु जवानों ने उन्हें गार्ड आफ आनर दिया। स्वामी विवेकानंद अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने राष्ट्रपति मुर्मु का स्वागत किया। राज्यपाल के साथ मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, मुख्य सचिव अमिताभ जैन, डीजीपी अशोक जुनेजा, कलेक्टर सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे, एसएसपी प्रशांत अग्रवाल और महापौर एजाज ढेबर भी मौजूद रहे। राष्ट्रपति आज सुबह बिलासपुर दौरे पर जाएंगी। वहीं जीजीयू के दीक्षांत समारोह के अलावा विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगी।

ऐसा लग रहा है जैसे कोई अपना, अपने ही घर आया

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने सम्बोधन में कहा कि राष्ट्रपति जी का आगमन छत्तीसगढ़ के लोगों के लिए बहुत गौरव का क्षण है। उनकी इस यात्रा के लिए मैं छत्तीसगढ़ के तीन करोड़ नागरिकों की ओर से उन्हें बहुत धन्यवाद देता हूं। आज राष्ट्रपति के रूप में पूरे देश की मुखिया के आगमन से हम छत्तीसगढ़ के लोग विशेष आत्मीयता का अनुभव कर रहे हैं। ऐसा लग रहा है जैसे कोई अपना, अपने ही घर आया है। यह प्रदेश एक आदिवासी प्रदेश है, अनुसूचित जाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के लोग बहुत बड़ी संख्या में यहां निवास करते हैं। सभी वंचितों को न्याय मिले, यह संविधान की ■ शेष पृष्ठ 6 पर

कल रायपुर आएंगे राहुल, राजीव युवा मितान सम्मेलन को करेंगे संबोधित

रायपुर/नवप्रदेश। इस साल के अंत में देश के पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव होने हैं। जिन राज्यों में चुनाव होना है। इनमें छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, राजस्थान, मिजोरम और तेंलगाना शामिल है। ऐसे में इन राज्यों में कांग्रेस और भाजपा के बड़े नेताओं का लगातार दौरा हो रहा। छत्तीसगढ़ में भी दोनों ही पार्टियों के नेताओं का आना जाना बना हुआ है, साथ ही कई कार्यक्रम में शामिल हो रहे। इसी कड़ी में 2 सितंबर को कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी रायपुर पहुंच रहे। वे 2 सितंबर की दोपहर 1 बजे मेला ग्राउण्ड नवा रायपुर में विशाल राजीव युवा मितान सम्मेलन आयोजित है। इस सम्मेलन को राहुल गांधी संबोधित करेंगे। राज्य में युवाओं के अंदर कांग्रेस नेताओं की भारी डिमांड के बाद पार्टी ने यह फैसला लिया है। वहीं माना जा रहा है कि इस बार

का यूथ जिसके साथ होगा, उसकी सत्ता का रास्ता साफ है। जानकारी के अनुसार राज्य में करीब 48 लाख ऐसे यूथ वोटर्स हैं, जिनकी उम्र 18 से 29 साल के बीच है। इनमें पहली बार वोट डालने वाले यूथ वोटर्स की संख्या लगभग 4 लाख 43 हजार बताई जा रही है। ऐसे में दोनों ही दलों (कांग्रेस-बीजेपी) का ज्यादा फोकस यूथ पर हैं। इसी तरह से रायपुर में होने वाली राहुल गांधी की सभा भी युवाओं का दिल जीतने की कोशिश करने का एक प्रयास है। वहीं चुनाव के लिए कांग्रेस प्रत्याशियों की लिस्ट की बात करें तो 6 सितंबर तक उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर जाएगी। छत्तीसगढ़ कांग्रेस की प्रभारी कुमारी सैलजा ने बताया कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे 8 सितंबर को राजनांदगांव में बड़ी सभा करने वाले हैं। 2 सितंबर को राहुल गांधी की सभा में कांग्रेस के महासचिव एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी कुमारी सैलजा, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत, उप-मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव, कांग्रेस सचिव एवं प्रभारीद्वय डॉ. चंदन यादव, सप्तगिरीशंकर उल्का, सह-प्रभारी विजय जांगिड़, मंत्रीगण एवं प्रदेश के वरिष्ठ नेतागण उपस्थित रहेंगे।

आज बेबाक

मंहगाई की मार से आहत आम जनता को थोड़ी राहत देने के लिए केन्द्र सरकार ने घरेलू रसोई गैस में 200 रुपए की सब्सिडी दी है। उज्वला योजना अंतर्गत 400 रुपए की छूट दी गई है। इसे सरकार महिलाओं को राखी का गिफ्ट बता रही है तो विपक्ष इसे अपनी दबाव की राजनीति का सुपरिणाम बता रहा है। कुछ विपक्षी नेता तो इस राहत को ऊंट के मुंह में जीरा बता रहे हैं और कम से कम पांच सौ रुपए की सब्सिडी देने की मांग उठा रहे हैं। गनीमत है किसी ने मुफ्त में रसोई गैस देने की मांग नहीं की है।

70 दिनों में शाह का चौथा दौरा, आज पहुंचेंगे रायपुर

कल सरायपाली में सभा

रायपुर/नवप्रदेश। इस साल के अंत में देश के पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव होने हैं। जिन राज्यों में चुनाव होना है। इनमें छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, राजस्थान, मिजोरम और तेंलगाना शामिल है। छत्तीसगढ़ में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर बीजेपी में की नजर सबसे ज्यादा टिकी हुई है। ऐसे में पार्टी कोई कसर नहीं छोड़ना चाहती। केंद्रीय नेतृत्व का पूरा फोकस इन दिनों छत्तीसगढ़ की चुनावी रणनीति पर है। जिसके चलते पार्टी के शीर्ष नेता लगातार छत्तीसगढ़ का दौरा कर रहे हैं। गृहमंत्री अमित शाह का 70 दिनों में चौथा छत्तीसगढ़ दौरा होगा। इससे पहले उन्होंने

22 जून को दुर्ग में एक बड़ी आम सभा को संबोधित किया था। इसके 12 दिन बाद 5 जुलाई और 22 जुलाई को को रायपुर आए। अब करीब 40 दिन बाद फिर शाह आ रहे हैं। जानकारी के अनुसार केन्द्रीय मंत्री अमित शाह 1 सितंबर की शाम 6:40 बजे रायपुर पहुंचेंगे। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

18-22 सितंबर तक संसद का विशेष सत्र, 5 बैठकें होंगी

नई दिल्ली (एजेंसी)। केंद्र सरकार ने 18 सितंबर से 22 सितंबर तक संसद का विशेष सत्र बुलाया है। इसमें कुल 5 बैठकें होंगी। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने गुरुवार (31 अगस्त) को सोशल मीडिया पर बताया- अमृत काल के बीच संसद में सार्थक चर्चा और बहस का इंतजार कर रहा हूं। इससे पहले संसद का मानसून सत्र 20 जुलाई से शुरू होकर 11 अगस्त तक चला था। मणिपुर हिंसा को लेकर विपक्ष के विरोध के बाद कई बार सत्र बिना कामकाज के स्थगित करना पड़ा था। इस सत्र में विपक्ष सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव भी लाया, जो गिर गया। ाज्यसभा सांसद और शिवसेना (उद्धव गुट) नेता प्रियंका चतुर्वेदी ने संसद का विशेष सत्र बुलाए

जाने पर कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि सत्र भारत के सबसे महत्वपूर्ण त्योहार गणेश चतुर्थी के दौरान बुलाया गया। विशेष बैठक का आह्वान हिंदू भावनाओं के खिलाफ है। इस सेशन में विपक्ष एक बार फिर से चीन के मैप, मणिपुर हिंसा और अडाणी मामले की जेसीसी से जांच कराने जैसे मुद्दों पर केंद्र सरकार को घेरेगा। चीन ने ■ शेष पृष्ठ 6 पर

केंद्र सरकार ने सुको से कहा, जम्मू-कश्मीर में चुनाव के लिए तैयार

नई दिल्ली (वार्ता)। उच्चतम न्यायालय के समक्ष केंद्र सरकार ने गुरुवार को कहा कि जम्मू-कश्मीर में वह किसी भी समय चुनाव कराने को तैयार है, लेकिन पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करने के लिए कोई निश्चित समय सीमा नहीं बता सकती। पूर्ण राज्य बहाल करने में कुछ समय लगेगा। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति एस के कौल, न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, बी आर गवई और न्यायमूर्ति सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने केंद्र सरकार का पक्ष रख रहे सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता के इस बयान को रिकॉर्ड पर लिया, लेकिन स्पष्ट किया कि संविधान के अनुच्छेद 370 को निरस्त करने की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर योग्यताओं के आधार पर निर्णय लिया जाएगा। श्री मेहता ने जम्मू-कश्मीर के लिए पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करने पर एक निश्चित समय सीमा बताने से परहेज किया। उन्होंने वहां निवेश, रोजगार और पर्यटकों की संख्या बढ़ने सहित विकास के लिए उठाए जा रहे कदमों के बारे में अदालत को बताया। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच सदस्यीय संविधान पीठ ने 29 अगस्त को केंद्र सरकार को आधिकारिक बयान देने के लिए कहा था। शीर्ष अदालत द्वारा पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए श्री मेहता ने कहा कि केंद्र सरकार अब किसी भी समय जम्मू-कश्मीर में चुनाव के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची को अपडेट करने का काम चल रहा है। इस दिशा में काफी काम पूरा हो चुका है।

गरमा-गरम

मुंबई में 'इंडिया' की तीसरी बैठक, सीटों पर होगी चर्चा आज

मुंबई (एजेंसी)। विपक्षी दलों के गठबंधन इंडिया नेशनल डेवलपमेंटल इनक्लूसिव अलायंस (इंडिया) की तीसरी बैठक गुरूवार से मुंबई में शुरू हो गई है। ये बैठक दो दिन (31 अगस्त-1 सितंबर) चलेगी। शरद पवार ने कहा कि बैठक में 28 पार्टियों के करीब 63 नेता शामिल होंगे। राहुल गांधी ने शाम सवा 5 बजे प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने एक बार फिर अडाणी मुद्दे पर केंद्र सरकार को घेरा। इसके बाद 8 बजे उद्धव ठाकरे डिनर होस्ट किया। आज यानी 1 सितंबर को सुबह 10 बजे से आधिकारिक बैठक शुरू होगी। इसमें गठबंधन का लोगो और कन्वीनर

(संयोजक) का नाम सामने आ सकता है। सबसे प्रमुख ये तय होना है कि कौन सा दल, कहां से, कितनी सीटों पर चुनाव (सीट शेयरिंग) लड़ेगा। गठबंधन में शामिल दल कई राज्यों में एक-दूसरे के विरोधी हैं। इससे पहले कांग्रेस नेता पीएल पुनिया ने कहा था- लोकसभा चुनाव इंडिया गठबंधन को जीत मिलने के बाद ही पीएम पद के लिए नाम तय किया जाएगा। चुनकर आए सांसद ही पीएम चुनेंगे। आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव, उनके बेटे तेजस्वी यादव 29 अगस्त को, जबकि बंगाल सीएम ममता बनर्जी 30 अगस्त को मुंबई पहुंचीं। ममता अमिताभ बच्चन और उनके परिवार से मिलीं। इसके बाद उन्होंने उद्धव ठाकरे को राखी बांधी। सपा प्रमुख अखिलेश यादव सैफई से और तमिलनाडु सीएम एमके स्टालिन आज चेन्नई से मुंबई पहुंचे हैं। मुंबई में होने वाली तीसरी मीटिंग में सीटों के बंटवारे को लेकर चर्चा होनी है। इसमें 11 सदस्यीय कोऑर्डिनेशन कमेटी को भी अंतिम रूप दिया जाएगा। 2024 लोकसभा चुनावों को देखते हुए संयुक्त विरोध प्रदर्शनों और रैलियों को आयोजित करने के एक अन्य पैनल की घोषणा करने की भी ■ शेष पृष्ठ 6 पर

अडानी मामले की जांच जेपीसी से हो : राहुल

मुंबई (वार्ता)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने अडानी समूह को लेकर दो वैश्विक फाइनेंशियल अखबारों में छपी खबरों के हवाले से आरोप लगाया है कि अडानी समूह ने देश का पैसा विदेश भेजकर उसके जरिये देश के शेयर बाजार को प्रभावित करके अत्यंत गंभीर आर्थिक अपराध किया है, इसलिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को संयुक्त संसदीय समिति(जेपीसी) का गठन करके इसकी व्यापक जांच करानी चाहिए। विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडिया' की बैठक में शामिल होने मुंबई आए श्री गांधी ने गुरुवार को यहां आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा कि दो वैश्विक फाइनेंशियल अखबारों ने अपनी खोजी रिपोर्ट से खुलासा किया है कि अडानी समूह ने एक अरब डॉलर विदेश भेज कर उसी पैसे से फिर देश के शेयर बाजार को प्रभावित करके बड़े स्तर पर ढांचागत विकास का काम हासिल किया है। उन्होंने कहा कि शेयर बाजार से खिलवाड़ करने के काम में दो विदेशी नागरिक शामिल रहे हैं जिनमें एक चीन का रहने वाला व्यक्ति भी है। यह देश की जनता का पैसा था जिसका इस्तेमाल विदेश से शेयर बाजार को प्रभावित करने के लिए किया गया है। कांग्रेस नेता ने इसे बड़ा घोटाला बताया। उन्होंने कहा कि इस घोटाले का खुलासा ऐसे समय पर हुआ है जब विश्व की सबसे बड़ी आर्थिक मंच जी-20 का सम्मेलन भारत में हो रहा है। यह भारत की प्रतिष्ठा का मामला बन गया है इसलिए इसकी जेपीसी जांच करनी जरूरी है।

संपादकीय

पेट्रोल व डीजल के दाम भी घटे

देश के पांच राज्यों में होने जा रहे विधानसभा चुनाव को मद्देनजर रखकर केन्द्र सरकार ने रसोई गैस की कीमतें घटाई है। महिलाओं को राखी का तोहफा देते हुए रसोई गैस की सब्सिडी दो सौ रुपए की गई है। वहीं उज्जवला योजना अंतर्गत दिए जाने वाले गैस सिलेंडर के दाम चार सौ रुपए कम किए गए है। इससे भीषण महंगाई की मार से त्रस्त आम जनता को थोड़ी सी राहत जरूर मिलेगी। खास तौर पर बढ़ती महंगाई ने महिलाओं के रसोई घर का जो बजट बिगड़ रखा है। उन्हें इससे थोड़ा ही सही लेकिन कुछ लाभ मिलेगा। किन्तु रसोई गैस की तरह ही पेट्रोल और डीजल के दामों में भी कमी की जानी चाहिए, तभी आसमान छूती महंगाई पर थोड़ा अकुंश लग पाएगा। वैसे भी पिछले एक साल से पेट्रोल और डीजल के मुल्य स्थीर बने हुए है। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में भी पेट्रोलियम पदार्थों के मुल्य नहीं बढ़ रहे हैं। तेलपुल से सरकार को पूर्व में जो देन दारिया चुकानी थी वह भी चुकाई जा चुकी है। अब पेट्रोल और डीजल से सरकार को अच्छी कमाई हो रही है। इसलिए सरकार चाहे तो पेट्रोल डीजल के मुल्य कम करके जनता को बड़ी राहत दे सकती है। उम्मीद की जा रही है कि चुनावी लाभ को देखते हुए ही सही केन्द्र सरकार शिघ्र ही पेट्रोल और डीजल पर लगने वाले टैक्स को कम कर सकती है। जिन राज्यों में विधानसभा चुनाव होने जा रहे है वहां की राज्य सरकारें भी चाहे तो अपने प्रदेश में पेट्रोल और डीजल पर लगने वाले वेट को कम करके जनता को राहत प्रदान कर सकती है। दरअसल बीते जुलाई माह में महंगाई दर इस साल में सर्वाधिक रही है। आवश्यक वस्तुओं के मुल्य में लगातार वृद्धि होने से आम जनता की कमर टूटने लगी थी। ऐसे में सरकार को महंगाई कम करने के लिए प्रभावी पहल तो करनी ही थी। जिसकी शुरूआत रसोई गैस की सब्सिडी बढ़ाने से की गई है। सरकार के इस निर्णय का स्वागत किया जाना चाहिए। इसके साथ ही जो विपक्षी पार्टियां रसोई गैस की किमतों में की गई कमी को अपनी जीत के रूप में प्रचारित करके इसका श्रेय लुटने में लगी है। उन्हें चाहिए कि वे महंगाई के मुद्दे को लेकर मोर्चा खोले और केन्द्र सरकार पर यह दबाव बनाए कि वह पेट्रोल व डीजल के मुल्यों में भी कमी करें। गौरतलब है कि महंगाई को लेकर विपक्षी पार्टियों ने अब तक जुबानी जमा खर्च ही किया है। महंगाई के खिलाफ विपक्षी पार्टियों ने सड़क पर उतरकर कोई आंदोलन नहीं किया। संसद के मानसून सत्र में महंगाई के मुद्दे को लेकर सरकार को घेरा जा सकता था लेकिन विपक्ष मणिपुर और अध्यादेश को लेकर ही पूरे सत्र के दौरान हंगामा करता रहा। बहरहाल जो हुआ तो हुआ अब भी समय है कि विपक्षी पर्टियां देश की आम जनता को महंगाई की मार को बचाने के लिए सड़क पर उतरे ताकि सरकार पर दबाव बने और वह महंगाई को नियंत्रत करने के लिए ठोस पहल करने विवश हो। पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कमी करके ही आवश्यक वस्तुओं के दाम में कमी आ सकती है। इसलिए सबसे जरूरी तो पेट्रोलियम पदार्थों के मुल्य में कटौती है। वैसे केन्द्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदिप सिंह पुरी ने इस बात के संकेत भी दिए है कि पेट्रोल व डीजल पर टैक्स कम किए जाने के विषय को लेकर सरकार विचार कर रही है। लेकिन सिर्फ एक दो रुपए की छूट देने से काम नहीं चलेगा। जिस तरह एक साल पहले पेट्रोल व डीजल के मुल्य में पांच से आठ रुपए प्रति लिटर की कमी की गई थी। उसी तरह इस बार भी कम से कम आठ से दस रुपए प्रतिलिटर कटौती करने से ही लोगो को राहत मिल पाएगी।

महापर्व विशेष

54 अस्पतालों के बाद भी दम तोड़ रहे मवेशी

प्रदेश सरकार यदि सबसे ज्यादा संवेदनशील नजर आई तो वह है गौधन, किसान और व्यस्ततम मार्ग से मवेशियों को दुर्घटना से बचाने के लिए टैगिंग के साथ रेडियम लगा रही है। गांव में पशुपालकों को मुनादी करवा कर चेतावनी दी गई है कि यदि मवेशी सड़क पर नजर आए तो पशु पालकों पर जुर्माना लगाया गाएगा। सब कुछ ठीक होने के बाद भी लापरवाही और उदासीनता बेफिक्री के चलते मवेशियों की मौत का सिलसिला रूकने का नाम नहीं ले रहे है। पशुओं कि सुरक्षा के लिए 54 पशु चिकित्सालय एवं गर्भाधान केंद्रों का संचालन किया जा रहा है, ताकि पशु का बेहतर देखभाल करने के अलावा उनका उपचार किया जा सके, लेकिन ऐसा नहीं हो पा रहा है। जांजगीर-चांपा जिले में पशुधन सेवा को बेहतर बनाने 54 पशु चिकित्सालय एवं गर्भाधान केंद्रों का संचालन किया जा रहा है, फिर भी मवेशियों का इलाज समय पर नहीं हो पाता. ऐसे में उपचार के अभाव में मवेशी दम तोड़ देते है। गौरतलब है कि शासन के ड्रीम प्रोजेक्ट में से गरूवा योजना अंतर्गत मवेशियों के देखभाल एवं उसके संरक्षण पर विशेष जोर दिया जाना है, लेकिन पशु चिकित्सालय पशु औषधालय एवं गर्भाधान केंद्रों का संचालन होने के बाद दुर्घटना के शिकार मवेशी उपचार के अभाव में दम तोड़ देते हैं. इस तरह की कई घटनाएं सामने आ चुकी है, लेकिन जिम्मेदार पशु चिकित्सा विभाग के अफसर को इससे कोई सरोकार नहीं है। जानकारी के मुताबिक जांजगीर-चांपा जिले में 8 पशु चिकित्सालय, 22 पशु औषधालय, 2 कृत्रिम गर्भाधान केंद्र एवं 22 गर्भाधान उप केंद्र का संचालन किया जा रहा है। कुल मिलाकर देखें तो 54 केंद्रों का संचालन किया जा रहा है, ताकि मवेशियों का बेहतर देखभाल करने के अलावा उनका उपचार किया जा सके, लेकिन ऐसा नहीं हो पा रहा है। जिला मुख्यालय जांजगीर के अलावा चांपा, अकलतरा, बलौदा, नवागढ़, सारागांव, मुलमुला, पामगढ़, शिवरीनारायण आदि क्षेत्रों में मवेशी आए दिन दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं. वहीं उपचार नहीं हो पाने के चलते इन मवेशियों की मौत भी हो जाती है।फोरलेन के खोखरा मुख्य मार्ग से लेकर पीथमपुर एवं अफरीद के मध्य मुख्य मार्ग पर आए दिन मवेशी दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं. शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में गौठान का निर्माण कराया गया है, ताकि आवारा घूम फिर रहें मवेशियों को चारागाह क्षेत्रों में सुरक्षित रखा जा सके, लेकिन यहां भी उनके चारा पानी की समुचित व्यवस्था नहीं है. खास बात यह है कि ज्यादातर मवेशी रात के समय सड़कों पर आकर बैठ जाते हैं। इस बीच मवेशी दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं। रात के समय तेज रफ्तार वाहन मवेशियों की जान ले रहे हैं। देखा जाए तो जिला मुख्यालय जांजगीर के नवनिर्मित रेलवे ओवरब्रिज में दिन व रात के समय आए दिन मवेशियों का जमावड़ा रहता है. इस तरह की स्थिति चांपा रेलवे ओवरब्रिज में देखने को मिलती है. इसे लेकर जिम्मेदार पशु चिकित्सा विभाग के अफसर ध्यान नहीं देते है. मुख्य मार्ग में आए दिन मवेशी हादसे के शिकार हो रहे है. एक ओर जहां जिला पंचायत के अधिकारी द्वारा ग्रामीण क्षेत्र में यदि मवेशी खुले में विचरण कर यदि धान की फसलों को नुकसान पहुंचाते है. उस स्थिति में ग्राम पंचायत के सचिव एवं सरपंच को जिम्मेदार ठहराया जा रहा है। जांजगीर चांपा जिले में 3 लाख 21 हजार गोवंश मवेशियों की संख्या है। यहां के किसान बड़ी संख्या में पशु पालन भी करते हैं। हालांकि पहले की अपेक्षा पशुपालकों की संख्या कम होती जा रही है, लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में दूध को व्यापार के रूप में विकसित करने के उद्देश्य से गांव के लोग पशु पालन कर उससे मुनाफा भी कमा रहे हैं। गाय के दूध की बिक्री भी बड़े पैमाने पर ग्रामीण से शहरी क्षेत्रों में हो रही है। दुर्घटना के दौरान घायल हुए मवेशियों का उपचार किया जाता है, पशु मालिकों को अपने मवेशी की समुचित देखभाल एवं घरों में रखने समझाइश भी दी जाती है।

आज का पंचांग शुक्रवार, 1 सितंबर 2023)

सूर्योदयः 06:08, सूर्यास्तः 06:45, चन्द्रोदयः 19:10, अयन दक्षिणायणे (उत्तरगोलीय), ऋतुः शरद, शक सम्वतः 1945 (शोभकृत) विक्रम सम्वतः 2080 (पिंगल),मास श्रावण (द्वितीय, शुद्ध) पक्ष शुक्ल, तिथि द्वितीया, नक्षत्र पूर्वाभाद्रपद, योग सुकर्मा (17:16 से धृति), प्रथम करण बव (07:05 तक), द्वितीय करण बालव (17:10 तक)।

शुभ यात्रा दिशाः पश्चिम-दक्षिण (दही का सेवन कर यात्रा करें)

आज जन्मे शिशुओं का नामकरणः आज जन्मे शिशुओ का नाम पूर्वाभाद्रपद नक्षत्र के प्रथम , द्वितीय , तृतीय एवं चतुर्थ चरण अनुसार क्रमशः (से, सो, दा, दी) नामक्षर से रखना शास्त्रसम्मत है।

नीरज मनजीत

मिशन चन्द्रयान की कामयाबी में सभी का योगदान

> *इसमें कोई संदेह नहीं है कि चन्द्रयान-3 की अभूतपूर्व कामयाबी ने हमें गौरवान्वित किया है, गर्व से भर दिया है। इस ऐतिहासिक सफलता का पूरा श्रेय इसरो के वैज्ञानिकों, इंजीनियरों और कर्मियों को दिया जाना चाहिए, जिन्होंने मुश्क़िल हालात में दिन-रात एक करके चन्द्र-अभियान को गंतव्य तक पहुँचाया। 'विक्रम' की लैंडिंग और रोवर 'प्रज्ञान' की चहलक़दमी के बाद इसरो चीफ़डॉ. एस सोमनाथ और उनकी टीम ने तो बड़ी ही शालीन ख़ामोशी अख़्तियार कर रखी है, मगर हमारी सियासत का इलाक़ा शोर-शराबे से भरा हुआ है। हमारी दो प्रमुख पार्टियों के बीच इस सफलता का श्रेय लेने की होड़ लगी हुई है।*

इसमें कोई संदेह नहीं है कि चन्द्रयान-3 की अभूतपूर्व कामयाबी ने हमें गौरवान्वित किया है, गर्व से भर दिया है। इस ऐतिहासिक सफलता का पूरा श्रेय इसरो के वैज्ञानिकों, इंजीनियरों और कर्मियों को दिया जाना चाहिए, जिन्होंने मुश्क़िल हालात में दिन-रात एक करके चन्द्र-अभियान को गंतव्य तक पहुँचाया। 'विक्रम' की लैंडिंग और रोवर 'प्रज्ञान' की चहलक़दमी के बाद इसरो चीफ़ डॉ. एस सोमनाथ और उनकी टीम ने तो बड़ी ही शालीन ख़ामोशी अख़्तियार कर रखी है, मगर हमारी सियासत का इलाक़ा शोर-शराबे से भरा हुआ है। हमारी दो प्रमुख पार्टियों के बीच इस सफलता का श्रेय लेने की होड़ लगी हुई है। वजह साफ़ है। इस वर्ष के आख़िरी महीनों में पाँच राज्यों के चुनाव होने वाले हैं, जिसे सियासत की बोली में सत्ता का सेमीफ़ाइनल कहा जा रहा है। अगले साल की शुरुआत के साथ ही फ़ाइनल मुकाबले का शंखनाद भी हो जाएगा। चूँकि केन्द्र में भारतीय जनता पार्टी सत्तारूढ़ है, इसलिए चन्द्रयान की कामयाबी का अधिकतम श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भाजपा के खाते में जाता दिखाई पड़ रहा है। अगले महीनों में पीएम मोदी और भाजपा के नेता इस क्रेडिट को भुनाने में कोई कोर-कसर बाक़ी नहीं रखेंगे। कांग्रेसी नेता भी क्रेडिट की इस दौड़ में पीछे नहीं रहने वाले हैं। ज़ाहिर है कि चन्द्रयान चुनावी सियासत के केन्द्र के आसपास भी कहीं होगा। किंतु हमें सियासत के इस शोर में छिपी कुछ तारीख़ी हक़ीक़तों पर गौर करना चाहिए। तब हम पाएँगे कि इस कामयाबी में सभी का योगदान है।

खेलों की दुनिया में एथलेटिक्स की एक स्पर्धा होती है--रिले रेस। यह रेस एक टीमवर्क से जीती जाती है। चन्द्रयान की लैंडिंग को हम यदि रिले रेस की तरह समझें, तो हम इन हक़ीक़तों को अच्छे से जान सकेंगे। चाँद की ज़मीन पर 'विक्रम' का पैर जमाना इस रेस का फिनिशिंग पॉइंट था, जहाँ हमें पीएम मोदी कामयाबी का बैटन पकड़े नज़र आ रहे हैं। पीएम मोदी को जिस स्प्रिंटर ने बैटन थमाया था, उसकी दौड़ भी इस रेस में शामिल है। जिस धावक ने स्टार्टिंग पॉइंट से दौड़ना शुरू किया और बीच के धावक को बैटन थमाया, उन्हें भी इस कामयाबी का श्रेय दिया जाएगा। ज़ाहिर है कि चन्द्रयान की रेस का जो गोल्ड मैडल पीएम मोदी ने हासिल किया है, उसमें उनके पहले के प्रधानमंत्रियों की दौड़ भी शामिल है।फ़िलहाल तो भाजपा के सारे नेता इस मैडल का सारा क्रेडिट पीएम मोदी को ही देने में जुटे हैं, जबकि कांग्रेस इसरो की स्थापना का श्रेय पंडित नेहरू को देकर इसे अपनी उपलब्धि के रूप में प्रचारित कर रही है। दोनों पार्टियां अपनी-अपनी जगह सही हैं। इसे समझने के लिए हमें इतिहास में झाँकना होगा।

भारत के अंतरिक्ष अनुसंधान को आगे बढ़ाने के लिए 1962 में 'अंतरिक्ष अनुसंधान के लिए भारतीय राष्ट्रीय समिति--इंडियन नेशनल कमेटी फ़ॉर स्पेस रिसर्च' (इन्कोस्पार) का गठन किया गया था। इसके अगुआ थे डॉ. विक्रम साराभाई। इसके पहले अंतरिक्ष कार्यक्रम को परमाणु ऊर्जा विभाग के तहत रखा गया था, जिसके निदेशक होमी भाभा थे। उस वक़्त भारत के प्रधानमंत्री पंडित नेहरू थे, जो देश को वैज्ञानिक चेतना संपन्न औद्योगिकीकृत राष्ट्र के रूप में ढालने के लिए कटिबद्ध थे। 15 अगस्त 1969 को इन्कोस्पार का नाम बदलकर इसरो (इंडियन स्पेस रिसर्च ऑर्गेनाइजेशन--भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन) रख दिया गया और इसका बजट बढ़ाकर कमान पूरी तरह डॉ. विक्रम साराभाई को सौंप दी गई। उस वक़्त इंदिरा गांधी देश की प्रधानमंत्री थीं।

1983 में इसरो ने इन्सैट (भारतीय राष्ट्रीय उपग्रह प्रणाली) श्रृंखला लांच की थी। 3 अप्रैल 1984 राकेश शर्मा पहले भारतीय अंतरिक्ष यात्री थे, जो दो अन्य सोवियत अंतरिक्षयात्रियों के साथ सोयूज टी-11 यान में सवार होकर स्पेस में गए और सात दिनों तक अंतरिक्ष में रहे थे। यह इंदिरा गांधी के कार्यकाल में संभव हुआ था। उनके बाद जब राजीव गांधी प्रधानमंत्री बने, तो वे भारत में कंप्यूटर और दूरसंचार क्रांति लेकर आए। आज के डिजिटल भारत की संकल्पना राजीव गांधी उस वक़्त कर चुके थे। उनकी पहल पर अगस्त 1984 में भारतीय दूरसंचार नेटवर्क--सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ टेलीमैटिक्स (सी-डॉट) की स्थापना हुई थी। चाँद पर पहुँचने के लिए जिन गणनाओं की जरूरत थी, उसकी नींव तब पड़ चुकी थी। 2008 में जब चन्द्रयान-1 लांच किया गया, तब मनमोहन सिंह प्रधानमंत्री थे। यहाँ हमें प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को कतई नहीं भूलना चाहिए, जिन्होंने चन्द्रयान मिशन की शुरुआत की थी। प्रधानमंत्री वाजपेयी ने ही इस मिशन के लिए इसरो को समुचित राशि जारी करते हुए, 15 अगस्त 2003 को लालकिले से चन्द्रयान मिशन का बाक़ायदा ऐलान किया था। इन बातों का मतलब सिर्फ़ यह है कि चन्द्रयान को चन्द्रमा की सतह पर उतारने में सभी प्रधानमंत्रियों ने बड़ा रोल अदा किया है।

चन्द्रयान के बाद सूर्य की किरणों और उसके प्रकाश संश्लेषण का अध्ययन करने के लिए इसरो एक अत्यंत महत्वाकांक्षी अभियान की शुरुआत करने वाला है। इसरो ने सोमवार को ऐलान किया है कि 2 सितंबर शुक्रवार को सुबह श्रीहरिकोटा प्रक्षेपण केन्द्र से अंतरिक्ष यान ÷आदित्य-एल1÷ उड़ान भरेगा। चुने हुए लोग इस उड़ान को श्रीहरिकोटा की 'लॉन्च व्यू गैलरी÷ से प्रत्यक्ष देख सकेंगे। आदित्य-एल1 सूर्य का अध्ययन करने वाला पहला भारतीय मिशन होगा। इस यान को पृथ्वी से 15 लाख किमी दूर सूर्य-पृथ्वी प्रणाली के लैग्रेंज बिंदु 1 (एल1) के चारों ओर एक प्रभामंडल कक्षा में स्थापित किया जाएगा। यहाँ रहकर आदित्य-एल1 जो डेटा इसरो के अध्ययन कक्ष में भेजेगा, वह भारत के साथ-साथ दुनियाभर के अंतरिक्ष विज्ञानियों के लिए काफी उपयोगी साबित होगा।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

लहरों संग ही बहना मुझको थाह

लहरों संग ही बहना मुझको थाह कहाँ से पाऊँ... तुझमें तेरा ही रहना बनके यार कहाँ अब जाऊँ... इश्क़ है मजहब,जाति इश्क़ है कौन गली मैं गाऊँ...अंदर -बाहर रह जाए मुझमें गागर प्रेम का पाऊँ...आखर बन बिखरे कागज पर मसि नैनन कहलाऊँ पत्थर बनकर जीने से अच्छा पानी बन बह जाऊँ। **सपना चन्द्रा**

वादों के ख्वाब अधूरे थे सख्सियत

वादों के ख्वाब अधूरे थे सख्सियत के बदलाव पूरे थे हम अधूरे थे और तुम पूरे थे। आना एक बहाना था जो लौटकर जाना था हम अधूरे थे और तुम पूरे थे। करुणा का प्रहार पुरा था संगम में उमंग पुरा था हम अधूरे थे और तुम पूरे थे ।

सोनू कुमार आकाश

खास पाती

सत्य जिनका मन है, तप

सत्य जिनका मन है, तप जिनकी आत्मा है, विद्या जिनकी वाणी है, ज्ञान जिनका कर्म है, दया जिनका धर्म है, सेवा जिनकी माता है, धर्म जिनका पिता है, सहयोग जिनका भाई है, शान्ति जिनकी पत्नी है, पुरुषार्थ जिनका पुत्र हैं, धैर्य जिनका मित्र है, भाग्य जिनका साथी है, साहस जिनका शस्त्र है तथा प्रभु भक्ति जिनका जीवन है ऐसे महापुरुष इस संसार में बिरले ही होते हैं । और इन गुणों के बिना मनुष्य हुए भी तो क्या और जीये भी तो क्या? **मोन सेन गुप्ता**

सवेरा सुकून खोजने में बीत

सवेरा सुकून खोजने में बीत गया हाथ दिन भर ना मिल पाया काम 24घंटे का हो गया कब शाम कब रात कोई देख ना पाया आँखो से नींद कहा खो गई सुबह की किरण देखे ही हमारी भोर हो गई! तन्हाई ही जीवन सबक हो गई कब सोये हम रात भर, अब तो यह सोचे भी मुद्दत हो गई ज़ब से मिली तुम, हम ही हम ना रहे जरूरते पुरी करते करते अंधेरों मे गुम हो गये मुस्कुराहट भी फीकी हो गयी तेरे आने से जो मिली खुशी शने शने धीमी हो गयी।। **मोनिका शर्मा**

पूजा की थाल की, पावन?

पूजा की थाल की, पावन? सी रोली हो तुम, सीता सी साथी, राधे सी हमजोली हो तुम, तुम्हें सोचते हैं तो ये दरोदीवारें हँस देतीं हैं, मौसम ए उदासी की हँसी ठिठोली हो तुम, किसी विधवा के आँचल जैसा मेरा जीवन, यूँ रंगा है तूने, लगा जैसे मेरी होली हो तुम, लहज़ा अमृत,लफ़्ज़ लफ़्ज़ मिश्री की ढली, शोख़ ग़ज़ल सी उर्दू सी मीठी बोली हो तुम, आँखों में हया,आँचल! ज्यों लाज का पर्दा, नख सिख तक मासूमियत की टोली हो तुम।

अनिल अनमोल शर्मा

उतारी है उम्मीदों पर ख़री

उतारी है उम्मीदों पर ख़री ये कोशिशें हमनें भुला दी दुश्मनों की दुश्मनी सब रंजिशें हमनें बढ़ाते जा रहे पथ में कदम हम हौंसला लेकर सफ़र में मुश्किलों की काट डाली बन्दिशें हमनें। **निधि भार्गव मानवी**

पढ़ रहे हैं सांप बिच्छू आस्तिनों

पढ़ रहे हैं सांप बिच्छू आस्तिनों से निकल कर,लिख रहे घोड़े गदहे, नाखूनों को रगड कर। लिख दिया इतिहास कुत्ते बिल्लियों ने, आप की तकदीर बनकर! शेर थे जितने, रगें सियार से दिखने लगे एक बारिश में, उम्मीद सब खुलने लगे! रो रही है सभ्यता आपकी बेबसी पर, फिर बन गये हैं जानवर, इंसान हो कर? **अजयश्री**

प्रीत की रीत में अश्रु वंदन

प्रीत की रीत में अश्रु वंदन किया, अपने वीराने मन वन को नंदन किया, जब हृदय में विरह अग्नि जलने लगी, तेरी यादों को घिस घिस के चन्दन किया ! **कुलदीप मिश्रा**

खुशियों की राह में जब कोई

खुशियों की राह में जब कोई मोड़ आता है लम्हों की लड़िया बन जाती है। जैसे कोई बीज बोया था अब अंकुर फूट रहै हो कुछ इतना हसीन होता है जिंदगी के सफ़र में आया बदलाव मोड़ बहुत है जीवन की राह पर अनदेखे अनचीन्हें मोड़ सम्भावनाओं की गति को द्विगुणित कर देता है मोड़ बदल देने और बदल जाने की चुनोती इसमें समाहित है हर मोड़ अहम होता है बदलाव का मौका देता है नएपन का अहसास कराता है हौसलों के तस्मे बाधने का अवकाश देता है माद्दे के तोलने का मौका देता है नए तजुर्बे कर पाने का यकीन दिलाता है जिंदगी की राह परअभी बहुत से नजारे बाकी है इसका शिद्दत से अहसास कराता है खुशियों की राह में जब कोई मोड़ आता है। **हेमा पाण्डेय**

आज का इतिहास

नईदिल्ली/वार्ता। पीसा काउंसिल 1511 में खुला। अमेरिका के पूर्व उपराष्ट्रपति आरोन बर्र 1807 को राजद्रोह के मामले में निर्दोष पाये गये। एम्मा एम नट्ट अमेरिका में 1878 को पहली महिला टेलीफेन ऑपरेटर बनी। ग्रेट कैंटो भूकंप ने 1923 में जापान के टोक्यो और योकोहामा में भयंकर तबाही मचायी। जर्मनी का पोलैंड पर आक्रमण करने के साथ ही द्वितीय विश्व युद्ध की शुरुआत 1939 में हुई। भारतीय मानक समय को 1947 में अपनाया गया। भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) की स्थापना 1956 में हुई। राज्यों के पुनर्गठन के बाद 1956 को त्रिपुरा केन्द्रशासित प्रदेश बना। महाराष्ट्र के कोल्हापुर में 1962 को शिवाजी विश्वविद्यालय की स्थापना। इंडियन ऑयल रिफ़ाइनरी और इंडियन ऑयल कम्पनी को 1964 में विलय करके इंडियन ऑयल कॉपरेशन बनाई गयी। मिस्र और लीबिया ने 1972 में फेडरेशन बनाया। उत्तरी आयरलैंड में आयरिन रिपब्लिकन आर्मी ने 1994 में युद्ध विराम लागू किया। साहित्यकार महाश्वेता देवी तथा पर्यावरणविद एम सी मेहता को 1997 में रेमन मैग्सेसे पुरस्कार प्रदान किया गया।

QUIZ TIME

1) भारत का पहला विद्युतीकृत रेलमार्ग कौन-सा है?

2) कश्मीर में कनिष्क के शासनकाल में जो बौद्ध संगीति आयोजित हुई थी उसकी अध्यक्षता किसने की थी?

3) कर्क और मकर रेखा के क्षेत्र को क्या कहते है?

4) भारत शासन अधिनियम 1935 के अनुसार अवशिष्ट शक्तियाँ किसको प्रदान की गई थी?

5) डॉ. एन. कलाईसेल्वी किस भारतीय अनुसंधान संगठन की पहली महिला महानिदेशक बन गई है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) मुंबई-पुणे (2) वसुमित्र (3) उष्ण कटिबंध (4) गवर्नर जनरल (5) वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेष- आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहेगा सेहत एवं व्यापार दोनों उत्तम रहेंगे। क्रय-विक्रय के व्यवसाय अथवा शेयर सट्टे में निवेश से धन लाभ होगा।

वृष -आज के दिन सुयोग बन रहे है कार्यो में सहज सफलता मिलने से उत्साह बढ़ेगा। भाग्य साथ देने से अटके कार्य पूर्ण होंगे।

मिथुन-आज के दिन आप में परोपकार की भावना अधिक रहेगी। अपने कार्यो को छोड़ दुसरो के कार्य करने के कारण परेशानी होगी परन्तु मानसिक संतोष भी रहेगा।

कर्क -आज के दिन अधिक संवेदनहीनता प्रत्येक कार्यो में हानि करा सकती है। आज आप हर किसी को शक की दृष्टि से देखेंगे जिससे मन हीन भावना से ग्रस्त रहेगा।

सिंह-आज के दिन आपका मुख्य लक्ष्य अधिक से अधिक धन कमाना रहेगा। व्यावसायिक कार्य भी निर्बाध्य रूप से चलते रहेंगे।

कन्या-आज का दिन भी शुभफलदायी रहेगा। कुछ दिनों से मन में चल रही योजनाएं आज फलीभूत हो सकेंगी परन्तु इसके लिए अधिक परिश्रम भी करना पड़ेगा।

तुला-आज का दिन मिला जुला फल देगा। प्रातः काल से ही किसी कार्य को करने में किसी के सहयोग की आवश्यकता पड़ेगी।

वृश्चिक-आज आर्थिक विषयो को लेकर नई समस्याएं बनेगी जिनका समाधान होने में समय लग सकता है।

धनु-आपका आज का दिन अवश्य धन लाभ कराएगा। लाभ की उम्मीद प्रातः काल से ही रहेगी लेकिन टलते टलते दोपहर तक ही इसमें सफलता मिलेगी।

मकर -आज के दिन आपका स्वभाव संतोषी रहेगा। घर एवं बाहर परिस्थिति के अनुसार खुद को ढाल लेंगे।

कुंभ-आज के दिन आपके अंदर चंचलता अधिक रहेगी। किसी भी बात पर ज्यादा देर नहीं टिकेंगे।

मीन -आपका आज का दिन मिश्रित फलदायक रहेगा दिन के आरंभिक भाग में कल वाली स्थिति यथावत रहेगी।

वर्ग पहेली

शब्द सामर्थ्य -172

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. संघर्ष, दौड़धूप (उर्दू.) 5. सुपुत्र, लायक पुत्र 7. ताकतवर, बलशाली 9. खुशबू, सुरभि, सुगंध 10. अकारण, व्यर्थ, बेवजह 12. गर्म तेल आदि में खाद्य वस्तु छोड़कर पकाना 13. यात्रा 15. मृत, जो मर गया हो 16. छोटे कद का, वामन, बौना 18. सांप का सिर, गुण, कला, कौशल 20. निरुत्तर, बेमिसाल 23. गोल हरे दानों वाला एक प्रसिद्ध पौधा, या इस पौधे की फली 24.माता, जननी 25. संतान, औलाद 26. अधीन, अधीनस्थ, कर्मचारी 27. चिड़िया, खग तरफदार।

ऊपर से नीचे

1.पानी में डूबा हुआ, जल प्लावित 2. पाकेटमार, जेब काटने वाला 3. समाधान, खेत जोतने का यंत्र 4. औषधालय 6. युक्ति, उपाय 8. गीला, तर, भीगा हुआ 11. झटके से मुंह से आवाज के साथ हवा बाहर आना, बलगम आदि का बाहर आना 14. तुरंत, झटपट 15. स्त्री, नारी, अबला 17. एक और एक चौथाई 19. आदमखोर 21. दुनिया, संसार, जग 22. वर्ष की छः ऋतुओं में एक ऋतु जिसमें मौसम सुहावना रहता है 23. बुद्धि, दिमाग।

1		2	3	4	■	5		6
	■	7			8	■	■	
9			■	10		11	■	
	■	12			■	13	14	
■	15		■	■	■	16		■
■		■	17	■	■	■	18	19
■	20	21		22	■	23		
24	■		■	25			■	
■	26				■	■	27	

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 171 का हल

पी	चि	दं	ब	र	म	■	■	स
ट	■	भ	ला	ई	■	अ	स	म
ना	म	■	■	स	मा	धि	■	झ
■	ज	■	बे	■	न	का	र	ना
बा	बू	■	आ	य	क	र	■	■
■	र	की	ब	■	■	■	प्र	था
ज	■	■	रू	प	क	■	ज	न
हा	■	पा	■	ना	म	ची	न	■
ज	हां	प	ना	ह	■	ता	न	ना

महादेव एप के आरोपी एएसआई वर्मा की कोर्ट से गुहार... अंग्रेजी नहीं आती

रायपुर/नवप्रदेश। पुलिस की नौकरी में सटोरियों के लिए वर्दी की आड़ में काम करने का आरोपी चन्द्रभूषण वर्मा ने कोर्ट से गुहार लगाई है कि उससे अंग्रेजी नहीं आती ईडी से कहिये हिंदी में पूछताछ करे। बता दें ईडी का आरोप है कि आरोपी एएसआई पुलिस, प्रशासन, नेता और रसूखदारों को करोड़ों रूपये बांटता था। जानकारी के मुताबिक अब तक एक पुलिस अधिकारी, एएसआई चन्द्रभूषण वर्मा को ईडी ने गिरफ्तार किया है, जिसने प्रारंभिक बयान देने के बाद अदालत में आवेदन लगाया है कि ईडी को यह कहा जाए कि उससे पूछताछ हिन्दी में ही की जाए, क्योंकि वह अंग्रेजी नहीं जानता है। दूसरी तरफ ईडी के वकील से जानकारी मिली है कि एजेंसी गवाहों और आरोपियों के पलट जाने की वजह से अब सारे बयानों की ऑडियो-वीडियो रिकॉर्डिंग भी करती जा रही है, और जरूरत पड़ने पर उसे अदालत के सामने रखा जाएगा। ईडी ने अदालत में पेश रिमांड नोट में खुलासे से लिखा है कि किस तरह चन्द्रभूषण वर्मा बड़े राजनीतिक संरक्षण में काम कर रहा था, और ऊपर तक पैसा पहुंचा रहा था। उसे सट्टा कारोबारियों से नियमित उगाही करके पुलिस अफसरों और सत्तारूढ़ नेताओं तक पहुंचाने वाला बताया गया है। प्रदेश के कई आईपीएस अफसरों और राज्य पुलिस सेवा के अफसरों के नाम से बड़ी-बड़ी रकम पहुंचाने की बात ईडी को बयानों में मिली है, और चन्द्रभूषण वर्मा ने अदालत में अर्जी लगाकर खुद ही ऐसे आधा दर्जन से अधिक अफसरों के नाम बताए हैं जिनके खिलाफबयान देने के लिए ईडी के दबाव की बात उसने कही है।

दुबई में नौकरी, इवेंट में आने वालों को रिटर्न गिफ्ट

महादेव एप में रायपुर, भिलाई-दुर्ग, भाटापारा के सैकड़ों एक्सपर्ट युवकों को नौकरी भी दी गई है। ईडी को यह भी पता लगा कि दुर्ग-भिलाई इलाके के बहुत से नौजवान दुबई की इस पार्टी में गए थे, और वहां से लौटते हुए उन सबको बहुत महंगे तोहफे भी दिए गए थे। जांच एजेंसी के सूत्रों से यह भी पता लगा है कि दुर्ग जिले के कई पुलिस अधिकारी-कर्मचारी भी इस पार्टी में दुबई गए थे, और अब उनकी भी जांच चल रही है।

युवाओं को रोजगार-स्वरोजगार के लिए बेरोजगारी भत्ता योजना

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल मुख्यमंत्री भूपेश बघेल मुख्यमंत्री भूपेश बघेल मुख्यमंत्री भूपेश बघेल मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने निवास कार्यालय में आयोजित बेरोजगारी भत्ता योजना के हितग्राहियों को अगस्त 2023 की राशि का अंतरण किया। साथ ही उन्होंने आई.टी.आई. के प्रशिक्षण अधिकारियों को नियुक्ति पत्र वितरित किया। उ

न्होंने इस अवसर पर 1 लाख 29 हजार 886 युवाओं को बेरोजगारी भत्ते के तहत 34 करोड़ 55 लाख 65 हजार रूपये की राशि का वर्चुवल रूप से अंतरण किए। इसके साथ ही वे आई.टी.आई. में प्रशिक्षण अधिकारी पद के लिए चयनित 82 अधिकारियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। मुख्यमंत्री बघेल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में हमारी सरकार द्वारा संचालित बेरोजगारी भत्ता योजना के अंतर्गत अब तक 146 करोड़ 98 लाख रूपये की राशि बेरोजगारों को अंतरित कर चुके है। उन्होंने बताया कि बेरोजगारी भत्ता योजना का उद्देश्य शिक्षित-बेरोजगार युवाओं को केवल आर्थिक संबल प्रदान करना भर नहीं है, बल्कि उन्हें रोजगार और स्वरोजगार से जोड़ना भी है। सही मायनों में मुझे तब खुशी होती है जब किसी बेरोजगार को रोजगार मिलता है। मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा लगातार प्लेसमेंट कैंपों का आयोजन किया जा रहा है। सार्वजनिक अथवा निजी क्षेत्र में जहां भी रोजगार के नये अवसर निर्मित होते हैं, उनका लाभ शिक्षित-बेरोजगारों तक पहुंचाया जा रहा है। इसी योजना में अभी तक हम 6 हजार 692 लोगों को रोजगार और स्वरोजगार से जोड़ चुके हैं। इनमें से 4 हजार 718 युवा बेरोजगारी भत्ता प्राप्त कर रहे थे। हाल में ही हमने 42 हजार सरकारी पदों के लिए भर्तियां निकालीं है। भर्ती की प्रक्रिया तेजी से पूरी की जा रही है। आईटीआई के प्रशिक्षण अधिकारियों के 920 पदों के लिए विज्ञापन जारी किए गए थे, जो आवेदन पात्र पाए गए हैं उनमें से पहले चरण में 82 लोगों को सत्यापन के बाद नियुक्ति आदेश जारी किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री बघेल ने बताया कि लाइवलीहुड कॉलेज, पॉलिटेक्निक, आईटीआई आदि के माध्यम से हम युवाओं को कौशल प्रशिक्षण भी दे रहे हैं, ताकि वे अपने हुनर से आसानी से रोजगार हासिल कर सकें।

आज सीएम हाउस का घेराव करेगी बीजेपी महिला मोर्चा

रायपुर/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के द्वारा भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद सुश्री सरोज पांडेय के बारे में दिए गए बयान के विरोध में आज 01 सितंबर को मुख्यमंत्री निवास का घेराव कर विरोध करेगी। भाजपा महिला मोर्चा ने कहा कि सीएम द्वारा जिस प्रकार से एक नारी के बारे में इस प्रकार का बयान दिया गया वह पूर्णतः अशोभनीय है। जिसके विरोध में भाजपा महिला मोर्चा की बहनों द्वारा मुख्यमंत्री निवास का घेराव किया जाएगा। इसकी तैयारी के मद्देनजर एकात्म परिसर में महिला मोर्चा की बैठक आहूत की गई जिसमें विशेष रूप से महिला मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे, महामंत्री विभा अवस्थी, संध्या तिवारी, सोशल मीडिया प्रभारी कृतिका जैन, मिनी पांडे आदि उपस्थित थे।

सीएम, गहलोत के खत का जवाब दें : चंदेल

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने कोल ब्लॉक रद्द करने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मांग और राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा जमीन देने के लिए श्री बघेल को लिखी गई चिट्ठी पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री पहले तो जवाब दें कि वे राजस्थान की मांग पर जमीन दे रहे हैं या नहीं? कांग्रेस की नूरा कुश्ती एक बार फिर सामने आ गई है। चंदेल ने कहा कि भूपेश बघेल एक तरफ तो राजस्थान के कांग्रेसी मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के आग्रह पर कोल ब्लॉक खनन के लिए पेड़ काटने एनओसी देते हैं और कहते हैं कि बिजली चाहिए तो कोयला जरूरी है। विरोध करने वाले पहले अपने घर की बिजली बंद कर लें, फिर राजनीति करें। दूसरी तरफ वे केंद्र सरकार से मांग करते हैं कि आवंटित कोल ब्लॉक निरस्त किए जाएं! एनओसी किसने और क्यों दी, जनता जानती है। उन्होंने कहा कि हसदेव के जंगलों की कटाई की एनओसी देने वाले भूपेश बघेल की झूठ की दुकान 3 माह में बंद होने वाली है। कांग्रेस का दोहरा चरित्र जनता के सामने है। कांग्रेस पहले अपना स्वार्थ सिद्ध करती है और फिर शोर मचाती है। भूपेश बघेल किस स्तर की राजनीति करते हैं, वे चालबाजियों में कितने माहिर हैं, यह छत्तीसगढ़ की जनता ने पौने पांच साल में अच्छी तरह अनुभव कर लिया है। अब जनता के सामने उनकी कोई चालाकी चलने वाली नहीं है।

इंदिरा गांधी कृषि विवि को मिला 'राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस पुरस्कार'

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय को किसानों के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित 'क्रॉप डॉक्टर 2.0 एप विकसित करने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर 'राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस पुरस्कार 2023' 'स्वर्ण' से सम्मानित होने पर विश्वविद्यालय के कुलपति और विश्वविद्यालय की टीम को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। इस अवसर पर इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल और उनकी टीम के सदस्य उपस्थित थे।

एआई आधारित इस एप के माध्यम से 36 प्रकार की फसलों के रोगों की पहचान, हानिकारक कीटों की पहचान करने, मौसम की जानकारी, कृषि यंत्रों को किराये पर देने और किसानों को ऑनलाइन मार्केटिंग प्लेटफॉर्म की सुविधा आसानी से उपलब्ध होगी। एआई का उपयोग करने से इस एप के माध्यम से किसानों को खेती-किसानी के लिए सटीक जानकारी मिल सकेगी। जिससे प्रदेश में 'स्मार्ट कृषि' को बढ़ावा मिल सकेगा।

इस एप से प्रदेश के 8 लाख किसान जुड़े हैं और इसका लाभ खेती-किसानी में ले रहे हैं। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय को भारत सरकार के प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग द्वारा अकादमिक अनुसंधान द्वारा नागरिक केंद्रित सेवाओं पर उत्कृष्ट शोध के लिए इस सम्मान के लिए चुना गया है। केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेन्द्र सिंह ने इंदौर में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला में पुरस्कार स्वरूप स्वर्ण ट्रॉफी, प्रशस्ति पत्र एवं 10 लाख रूपए का चेक प्रदान कर सम्मानित किया। 'क्रॉप डॉक्टर 2.0 मोबाइल एपलीकेशन इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय द्वारा एनआईसी रायपुर के सहयोग से विकसित किया गया है। 'राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस पुरस्कार 2023' 'स्वर्ण' पुरस्कार इस एपलीकेशन के माध्यम से कृषि में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के प्रयोग से उन्नत एवं परिवर्तनकारी स्मार्ट खेती को प्रोत्साहित करने के लिए भारत सरकार द्वारा प्रदान किया गया। इस अवसर पर इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के डॉ. आर.आर. सक्सेना, डॉ. एल.एस.वर्मा, अभिजीत कौशिक और सुकल्पना बंजारे भी उपस्थित थीं।

शिवाजी स्कूल की एक रोटी गाय के लिए अभियान का शुभारंभ

रायपुर/नवप्रदेश। छत्रपति शिवाजी स्कूल, पुरानी बस्ती और प्रोफेसर कालोनी के विद्यार्थी अब से प्रतिदिन अपने साथ घर से टिफिन में एक रोटी गाय के लिए भी लाएंगे। स्कूल में प्रवेश करते ही सबसे पहले इसके लिए बनाए गए विशेष प्रकार के गोल डिब्बे में रोटी डालेंगे फिर प्रार्थना सभा में शामिल होंगे। इस सेवाभावी पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों में जीवदया,जीवसेवा और करुणा की भावना को बढ़ावा देना और देने की खुशी का महत्व समझना है। इस अभियान को एक रोटी गाय के लिए नाम दिया गया है। इसका शुभारंभ स्कूल परिसर में कल गुरुवार 31 सितंबर को दोपहर डेढ़ बजे राज्य गौसेवा आयोग के अध्यक्ष महंत रामसुंदर दास के मुख्य आतिथ्य और मनोहर गौशाला के संचालक पदम डाकलिया के विशेष आतिथ्य में किया जाएगा। स्कूल संचालक मुकेश शाह ने बताया कि स्कूल की दोनों शाखाओं में प्रतिदिन जमा होने वाली रोटियां गौशाला के साथ साथ सड़कों पर विचरने वाली गौमाताओं को खिलाई जाएगी।

पॉवर कंपनी ने दी ईडी चावड़ा और सीई चेलकर को विदाई

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी से कार्यपालक निदेशक डी.के.चावड़ा एवं जनरेशन कंपनी से सेवानिवृत्त मुख्य अभियंता (टी.एण्ड क्यू.ए.) शिवप्रसाद चेलकर को कंपनी मुख्यालय विद्युत सेवाभवन में भावभीनी विदाई दी गई।

कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी की एमडी श्रीमती उज्जवला बघेल एवं डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के एमडी मनोज खरे ने उन्हें प्रमाण पत्र एवं प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। प्रबंध निदेशकों ने चावड़ा एवं चेलकर की उत्कृष्ट कार्यशैली और सहज व्यवहार की प्रशंसा की। इस अवसर पर सेवानिवृत्त ईडी चावड़ा एवं सीई चेलकर ने अपने कार्य अनुभव बताते हुए अपनी सफलता का श्रेय टीमवर्क को दिया तथा सेवायात्रा के दौरान अधिकारी-कर्मचारियों से मिले सहयोग के प्रति आभार व्यक्त किया। इसी प्रकार अन्य कार्यक्रमों में एमडी (जनरेशन) में निज सहायक वाई.आर.रेड्डी को भी भावभीनी विदाई दी गई।

स्कूल की बालिकाओं ने राज्यपाल हरिचंदन को बांधी राखी

रायपुर/नवप्रदेश। राज्यपाल श्री विश्वभूषण हरिचंदन को रक्षा बंधन के अवसर पर एस.ओ.एस. बाल ग्राम रायपुर और सेंट जेवियर्स स्कूल की बालिकाओं ने राखी बांधी। राज्यपाल ने सभी बालिकाओं को मिठाई खिलाई और उनको आर्शीवाद दिया। बाल ग्राम की बालिकाओं ने अपने हाथ से बनाया हुआ मंडला आर्ट पेंटिंग उन्हें भेंट किया। सेंट जेवियर्स की बालिकाओं ने स्वनिर्मित ग्रीटिंग कार्ड और हरियाली का संदेश देते हुए आम का पौधा राज्यपाल को भेंट किया। इस अवसर पर एस.ओ.एस. बाल ग्राम की बालिकाएं कुमारी राजे सलबम, मिष्ठी बोस, अक्षरा राव, संजना जंघेल आदि उपस्थित थीं।

दुल्हीधार एनीकट योजना के लिए 3.94 करोड़ स्वीकृत

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन के जल संसाधन विभाग मंत्रालय द्वारा कोरिया जिले के विकासखण्ड-सोनहत की दुल्हीधार एनीकट योजना के कार्य के लिए 3 करोड़ 94 लाख 62 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति मुख्य अभियंता हसदेव गंगा कछार जल संसाधन विभाग अंबिकापुर को प्रदान की गई है। योजना के तहत क्षेत्र के किसानों को 100 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिल सकेगी।

दानीकोकड़ी के पेवर ब्लॉक यूनिट से युवाओं को मिल रहा रोजगार

रायपुर/नवप्रदेश। अपने गांव में ही युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की मुहिम छत्तीसगढ़ में चलाई जा रही है। रीपा के माध्यम से बड़ी संख्या में युवा स्वरोजगार से जुड़कर आर्थिक रूप से सक्षम बन रहे हैं। इसी कड़ी में दुर्ग जिले के धमधा विकासखण्ड में 2 करोड़ रूपए की लागत से ग्राम दानीकोकड़ी में लगभग तीन एकड़ क्षेत्र में रीपा केन्द्र स्थापित किया गया है। यहां शिक्षित युवाओं द्वारा बड़े पैमाने पर पेवर ब्लॉक यूनिट तैयार किया जा रहा है। शुरूआत में उत्पादन कम हो रहा था। लेकिन कार्य का विस्तार होने से उत्पादकता में बढ़ोतरी हुई है। इससे अधिक से अधिक युवक-युवतियों को रोजगार मिल रहा है, जिससे वह आत्मनिर्भर बन रहे हैं। ग्राम पंचायत दानीकोकड़ी में स्थित महात्मा गांधी रूरल इंडस्ट्रियल पार्क (रीपा) से यहां के आस-पास के बेरोजगारों को रोजगार की तलाश में कहीं दूर जाना नहीं पड़ रहा है।



वृक्षों को बांधा रक्षासूत्र दिया बचाने का संदेश

■ वन समिति के सदस्य, डीएफओ, एसडीओ समेत ग्रामीणों ने किया पौधा रोपण

जशपुरनगर/नवप्रदेश। रक्षाबंधन के अवसर पर सारुडीह गाँव के ग्रामीणों और वन सुरक्षा समिति के सदस्यों ने पर्यावरण संकट की समस्या और बचाव को लेकर सारुडीह घाट लगे पेड़ में रक्षा सूत्र बांधकर मानव जीवन को दीर्घता प्रदान करने के लिए पेड़ों के दीर्घायु की कामना के साथ पौधा रोपण किया गया। इस अवसर पर वनमंडलाधिकारी जितेंद्र कुमार उपाध्याय, एसडीओ करण सिंह, दरोगा विनोद भगत, फारेस्ट गार्ड सागर भगत भी उपस्थित रहे। गाँव की महिलाओं और लड़कियों ने अपने हाथ से राखी का निर्माण कर घाट के किनारे लगे पेड़ों को बचाने के लिए उस पर राखी बांधी। इसमें गाँव के पुरुष भी संकल्प लेने में शामिल हुए। वनमण्डलाधिकारी जितेंद्र कुमार उपाध्याय ने कहा कि आज वन प्रबंधन समिति और ग्रामवासियों ने आज पेड़ों पर राखी बांध कर पेड़ बचाने का संदेश दिया है।

आज सारुडीह के आस पास जो जंगल घने दिख रहे है उसमें गाँव वालों की सक्रियता और संकल्प दिखाई दे रही इसका उद्देश्य मात्र इतना संदेश है कि जिस तरह भाइयों के कलाई पर राखी बांध, वह रक्षा का वचन लेते हैं,ठीक उसी तरह पेड़ों को राखी बांध या सुनिश्चित करें कि वह पेड़ सुरक्षित रहे और उसकी रक्षा करे. इस वर्ष दो जगह फरसाबाहर और जशपुर से प्राम्भ किया गया है अगले वर्ष से वृहत रूप से आयोजन किया जायेगा वन सुरक्षा समिति के अध्यक्ष अनिरुद्ध सिन्हा सहित श्रीराम यादव, मनीराम, शंकर दास श्याम दास, थुपाराम राजू राम इत्यादि के नेतृत्व में गाँव के महिलाये प्रियंका दास, वर्षा, ममता, प्रीति, निमति बाई कुसुम लीलावती ने पेड़ों में राखी को बांधकर यह प्रण लिया कि वह पेड़ों को बचाएंगे और पेड़ों को लगाएंगे। पेड़ों को राखी बांधने के पीछे पेड़ों को बचाने का प्रयास के लिए मुहिम करार दिया।सारुडीह के महिलाओं एंव वन समिति के सदस्यों के द्वारा पेड़ो में राखी बांधने के बाद वृक्षारोपण का कार्यक्रम रखा गया था जिसमें गांव के किसान श्रीराम यादव, ललकू यादव और सीरियल तिग्गा के जमीन में वन समिति के सदस्य, महिलाएं, डीएफओ, एसडीओ एंव वन कर्मियों के साथ सारुडीह के किसानों की जमीन में वृक्षारोपण किया गया, जिसमें गांव के लोगों ने चढ़ बढ़कर हिस्सा लिया।

पूजा मंडप का विधायक मिंज ने किया पूजन

पत्थलगांव/नवप्रदेश। कुनकुरी विधानसभा नारायणपुर क्षेत्र के ग्राम नगरबंध शिव मंदिर पहुंचकर विधायक एवं संसदीय सचिव यू.डी. मिंज ने अपने विधायक निधि से बने मंडप का फीता काटकर उद्घाटन किया । स्थानीय समिति की माँग पर कुनकुरी विधायक ने मंदिर परिसर में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए अपने निधि से 6 लाख रुपये की राशि घोषणा की था जिसके बाद ग्रामीणों ने पूजा पंडाल का आकर्षक रूप में निर्माण कराया है । मंदिर सुंदर वनांचल और नदी के करीब होने के कारण खूबसूरत वादियों में बसा है वहाँ का वातारण लोगों को मंत्रमुग्ध करता है । समिति के सदस्यों ने इस अवसर पर अखंड कीर्तन का कार्यक्रम भी रखा था कार्यक्रम में विधायक यू.डी. मिंज स्वयं पहुंचकर अपने निधि से दिये मंडप का विधिविधान से पूजा अर्चना कर उद्घाटन कर सौगात दिया और कहा अगर आपलोगों का आशीर्वाद बना रहे तो यहाँ के लिये और बहुत कुछ करना है यहां का वातावरण मन को अपनी ओर आकर्षित करती है विधायक ने कहा हमें कम समय मिला और कम समय में ही मैंने विधानसभा के सभी क्षेत्रों में सभी ग्राम पंचायतों में विकास कार्यों को प्राथमिकता के साथ पुरा कराने का ईमानदार प्रयास मेरे द्वारा किया गया है।शांत वातावरण में बसे नगर बंध अपने आप में लोगों को अपनी ओर आकर्षित करता है । आप सभी समिति के सदस्यों का धन्यवाद करता हूँ आपलोगों के द्वारा यहां कई धार्मिक अनुष्ठान होते हैं और हमेशा ऐसे धार्मिक कार्यों को बढ़चढ़ कर कीया कीजिये और मुझे भी अवगत कराइये हमसे जो सहयोग हो सकेगा।

छेड़छाड़ का आरोपी अरेस्ट

मुंगेली/नवप्रदेश। महिला से छेड़खानी करने वाले आरोपी शंभू कश्यप को कार्यवाही करते हुए चंद घंटो के भीतर गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया। थाना जरहागांव में आरोपी के विरूद्ध धारा 354, 354ए भादवि के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। प्रार्थिया ने थाना जरहागांव में 28 अगस्त को रिपोर्ट दर्ज कराया कि 28 अगस्त को लगभग 8 बजे वह दही लेने डेयरी गई थी। दही लेते समय वहां बैठा शंभू कश्यप नामक व्यक्ति गलत नियत से प्रार्थिया की कुर्ती का चेन पीछे से खोल रहा था।

जाकेश सबसे कम उम्र के प्रदेश सचिव

सुरजपुर/नवप्रदेश। कांग्रेस राष्ट्रीय महासचिव केसी वेणुगोपाल जी के अनुमोदन पश्चात,सरगुजा महाराज,उपमुख्यमंत्री टी.एस. सिंहदेव जी,कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष दीपक बैज,जिला पंचायत उपाध्यक्ष आदित्येश्वर शरण सिंहदेव आदि बाबा सहित जिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष भगवती राजवाड़े के अनुशंसा से छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी में पूरे प्रदेश में सबसे कम उम्र के (प्रदेश सचिव) नियुक्त होने पर कार्यकर्ताओं में हर्ष व्याप्त है। जाकेश राजवाड़े पूर्व में एनएसयूआई राष्ट्रीय अध्यक्ष से 2 बार सम्मानित ,पूर्व एनएसयूआई जिलाध्यक्ष सहित लगातार जिले में छात्रसंघ चुनाव जीत दर्ज कराने का लंबा अनुभव से यह नियुक्ति युवाओ के लिए महत्वपूर्ण है । जाकेश राजवाड़े द्वारा कहा गया कि शीर्ष नेतृत्व ने जो विश्वास और जिम्मेदारी दिया गया है। उसको पूरी निष्ठा से निर्वहन करूँगा एवम प्रदेश नेतृत्व के समक्ष युवाओ के विचारों को भी रखूंगा।

अशोक महामंत्री और धर्मेंद्र अध्यक्ष नियुक्त

मुंगेली/नवप्रदेश। राष्ट्रीय संगठन छात्र युवा मंच के द्वारा आज अपनी प्रदेश कार्यकारणी और जिला स्तर पर जिला अध्यक्ष की नियुक्ति आदेश जारी किया गया। जिसमें मुंगेली से अशोक यादव को प्रदेश महामंत्री एवं धर्मेंद्र साहू को छात्र युवा मंच का जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है। धर्मेंद्र साहू को जिला अध्यक्ष बनने पर निरंजन साहू, देवराज साहू, चुरामढ़ी साहू, अजय साहू, शिव साहू, नंदू साहू, तुकेश्वर, नंदू, यशवंत, दिलहरन, देवलाल, मुकेश, लवकेश ने बधाई दिया है।

पुलिसकर्मी पर हमला, 5 आरोपी गिरफ्तार

सूरजपुर/नवप्रदेश। दिनांक 29.08.2023 के रात्रि में चौकी बसदेई पुलिस को खड़गवां निवासी राजेश साहू ने फोन कर सूचना दिया कि गांव के कुछ व्यक्ति लाठी डण्डा, लोहे का राड लेकर घर के पास आकर गाली-गलौज कर दरवाजा को लात मार रहे है सूचना पर चौकी बसदेई के एएसआई मानिकदास, प्रधान आरक्षक निर्मल मिंज, आरक्षक सुरेश साहू, सैनिक बृजेश साहू मौके पर पहुंचे और भीड़ को शांती बनाए रखने की समझाईश दिए इस दौरान भीड़ के द्वारा पुलिसकर्मी को जान से मारने की नियत से प्राणघातक हमला कर दिया गया जिसमें चारों पुलिसकर्मियों को चोट आई जिसमें प्रधान आरक्षक निर्मल मिंज को गंभीर चोट लगी है। घटना की सूचना पर पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज अंकित गर्ग ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपियों की त्वरित धरपकड़ करने के निर्देश दिए है। पुलिस अधीक्षक सूरजपुर आई कल्याण एलिसेला जिला चिकित्सालय पहुंचकर घायल पुलिसकर्मियों को बेहतर उपचार कराने के निर्देश देते हुए घटना को अंजाम देने वाले आरोपियों की धरपकड़ के लिए पुलिस टीम को लगाया।

शराब के साथ आरोपी आरोपी गिरफ्तार



मुंगेली/नवप्रदेश। अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले 4 आरोपियों से 14.6 लीटर अवैध शराब जब्त की गई। आरोपियों के विरूद्ध आबकारी अधिनियम के तहत कार्यवाही कर जेल भेजा गया। सार्वजनिक स्थान पर शराब पीने वाले 3 व्यक्तियों के विरुद्ध भी वैधानिक कार्यवाही की गई। जुआ खेल रहे 4 आरोपियों के विरूद्ध थाना चिल्फी द्वारा छ.ग. जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 के तहत कार्यवाही की गई। जिले में अवैध गतिविधियों के विरूद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले 04 आरोपियों के विरूद्ध आबकारी अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई है, जिसमें थाना पथरिया द्वारा साप्ताहिक बाजार पथरिया में दबिश देकर अवैध शराब बिक्री करते आरोपी टीमराम साहू के कब्जे से 3.9 लीटर अवैध देशी शराब, थाना सरगांव द्वारा ग्राम मोहरपारा में दबिश देकर अवैध शराब बिक्री करते आरोपी शिवचरण वर्मा के कब्जे से 3.2 लीटर अवैध देशी शराब थाना मुंगेली द्वारा बड़ा बाजार में दबिश देकर अवैध शराब बिक्री करते आरोपी राजेन्द्र यादव के कब्जे से 4.5 लीटर अवैध देशी शराब एवं थाना चिल्फी द्वारा ग्राम कंसरी में दबिश देकर अवैध शराब बिक्री करते जब्त किया।

निधन

दाऊराम सिंह ठाकुर

मुंगेली/नवप्रदेश। ग्राम चमारी निवासी दाऊराम सिंह ठाकुर का 73 वर्ष की आयु में 30 अगस्त को निधन हो गया है। वे तामसिंह, नोडल अधिकारी जिला सहकारी बैंक संतोष सिंह के पिता एवं आशीष सिंह जिला पंचायत, अयस सिंह, गौरव सिंह के दादा है। उनका अंतिम संस्कार 31 अगस्त को गृह ग्राम चमारी में प्रातः 7 बजे किया गया।

विहिप और बजरंग दल ने मनाया रक्षाबंधन

पेण्ड्रा/नवप्रदेश। विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल की बहनों के द्वारा राष्ट्र, समाज की सेवा में लगे सरकारी कार्मिकों की कलाई पर राखी बांधकर रक्षाबंधन का पर्व मनाया। पेंड्रा थाना,यातायात पुलिस के जवानों, पेंड्रा नगर पालिका के सफाई कर्मचारियों, जिले के पत्रकार इन सभी भाइयों को रक्षा सूत्र बांधे। विहिप और बजरंग दल की बहनों के द्वारा यह संदेश दिया गया कि पुलिस, सफाई कर्मी एवं पत्रकार भाई सदैव हमारी रक्षा एवं सेवा में तत्पर रहते हैंद्व वे त्योहारों के दिन भी अपने दायित्व का निर्वहन करते हैं। इसलिए हम उनका किसी न किसी रूप में सम्मान करें। इस अवसर पर पेंड्रा पुलिस ने बहनों को यह संकल्प दिया कि हर संभव मदद के लिए आप सबके साथ रहेंगे सब की रक्षा के लिए तत्पर रहेंगे।जिसमें विश्व हिन्दु परिषद की जिला उपाध्यक्ष सरोज पवार, दुर्गा वाहिनी जिला सयोजिका वैशाली पाण्डेय,सह सयोजिका काशिश गुप्ता और मातृशक्ति जिला सहसयोजिक मीनु पाण्डेय और संतोषी साहू जी ने राखी बाँधी एवं स्वामी कृष्णप्रपन्नाचार्य और विश्व हिन्दु परिषद के जिलाध्यक्ष हर्ष छाबरिया आदि शामिल रहे।

राखी बांधकर जगाया मतदान के लिए

पत्थलगांव/नवप्रदेश। जशपुर जिले में बहनों ने अपने भाइयों को राखी बांधते हुए मतदान करने का संकल्प दिलाया। रंग बिरंगे जश -प्रण राखियां जशपुर जिले में मतदाताओं को जागरूक करने और मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जश-प्रण मतदाता जागरूकता अभियान के तहत जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ रवि मित्तल के निर्देश पर तथा जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी संबित मिश्रा के मार्गदर्शन में विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक करने का लगातार प्रयास किया जा रहा है ।

इसी क्रम में आज रक्षाबंधन के अवसर पर विभिन्न महाविद्यालय तथा विद्यालय के विद्यार्थियों और आम नागरिकों ने जश -प्रण रक्षाबंधन उत्सव पूरे धूम धाम से मनाया गया। रक्षा बंधन का उत्सव इस मायने में विशेष रूप से खास बन गया क्योंकि जिले के महाविद्यालय और विद्यालयों की छात्राएं निर्वाचन से संबंधित महत्वपूर्ण शब्दों और स्लोगन लिखा हुआ स्व निर्मित राखियों के माध्यम से रक्षाबंधन त्यौहार धूमधाम से मनाया गया। संदेश लिखा हुआ था ।बहनों ने अपने भाइयों को ऐसे ही मतदान करने हेतु जागरूक करने और श्रेष्ठ नागरिक का कर्तव्य निभाने अपने भाइयों को राखी बांधी और उन्हें संकल्प दिलाया की आने वाले विधान सभा निर्वाचन में वे मतदान अवश्य करेंगे। रक्षा बंधन के अवसर पर यह परंपरा है कि भाइयों द्वारा अपनी बहनों से राखी बंधवाने पर उनकी रक्षा करने का वचन दिया जाता है। इस बार बहनों की रक्षा करने के वचन देने के साथ ही साथ मतदान करने का भी वचन दिया है क्योंकि प्रत्येक वोट महत्वपूर्ण है जिससे हमारे लोकतंत्र को मजबूती मिलती है।

'आओ खेलें खेल, नशे को करें फेल'

दतिमा मोड़/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक आई कल्याण एलिसेला के द्वारा अवैध गतिविधियों के खिलाफलगातार कड़ी कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में नशा मुक्ति, जुआ-सट्टा, गांजा-नशीली दवाएं सहित अन्य अवैध गतिविधियों एवं साइबर अपराध से बचाव हेतु जागरूकता फैलाने के लिए सजग अभियान चलाया जा रहा है। जिसकी शुरुआत खेल से युवाओं को जोड़ने के लिए कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इसी परिपेक्ष में करंजी पुलिस ने उपस्थित स्थानीय खिलाड़ियों व स्कूली बच्चों के साथ खेलकूद का आयोजन किया। पुलिस ने करंजी मिनी स्टेडियम में विजेताओं को पुरस्कार वितरीत किए। इस दौरान मौजुद पुलिस चौकी प्रभारी प्रदीप सिदार ने खिलाड़ियों के सर्वांगीण विकास के लिए उनके अधिकारों के प्रति पूरी तरह सजग रहने का संकल्प दिलाया।

कांग्रेस सरकार से छत्तीसगढ़ की जनता नराज : रूपक सरमा

मुंगेली/नवप्रदेश। स्थानीय विश्राम गृह में पत्रकारों से बातचीत करते हुए असम विधायक रूपक सरमा ने कहा कि छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार खुद तो विकास कर नहीं पा रही है क्योंकि विकास के लिए राशि नहीं है। आठ दिनों के प्रवास में हमने देखा कि यहां कांग्रेस सरकार के खिलाफ शराब बंदी नहीं करने तथा नियमितिकरण सहित अपनी घोषणाओं को पूरा नहीं करने के कारण जनता में खूब आक्रोश है। विधायक रूपक सरमा ने बताया कि विकास की राशि अन्य राज्यों में चुनाव लड़ने में लगा दिया गया। उन्होंने केंद्र से आ रही विभिन्न विकास योजनाओं की राशि का उपयोग भी जानबूझकर राज्यांश नहीं देने के कारण नहीं हो सका है। मुंगेली क्षेत्र की वर्षो पुरानी रेल लाइन की मांग केंद्र की भाजपा सरकार ने पूरी करने की स्वीकृति प्रदान कर कार्य प्रारंभ कर दिया था। किंतु सरकार बदलते ही कांग्रेस सरकार ने रेल लाइन हेतु 49 प्रतिशत राज्यांश राशि नहीं दी जिसके कारण कार्य रुका हुआ है। इसी तरह प्रधानमंत्री आवास हेतु गरीबों का घर बनाने केंद्र ने जो राशि दी थी वह राशि भी राज्यांश राशि नहीं देने के कारण वापस चली गई। कांग्रेस ने गरीबों के खुद के मकान बनने का सपना पूरा होने नहीं दिया। इसीलिए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने घोषणा की है कि भाजपा की सरकार आने पर मुख्यमंत्री पहला हस्ताक्षर इस प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए राज्यांश राशि जारी करने के लिए करेंगे। विधायक रूपक सरमा ने बताया कि उनको जनता का नब्ज टटोलने की जिम्मेदारी दी गई थी इसी के चलते मुंगेली विधानसभा क्षेत्र के सभी चारो मण्डलों के गांव-गांव का दौरा कर किसान, मजदूर, महिला, व्यापारी, युवा वर्ग और वकील चिकित्सकों से भी मिला। सभी का मन्तव्य भाजपा की सरकार बनाने की दिखाई पड़ी। पत्रकारों के प्रश्न कि असम व छत्तीसगढ़ के विधानसभा क्षेत्रों में क्या अंतर है इस पर रूपक सरमा ने कहा कि असम में किसान का मुद्दा छत्तीसगढ़ जैसा नहीं है। वहां पार्टी के घोषणा पत्र को कम धरातल पर हुए विकास कार्यो को ज्यादा महत्व दिया जाता है। उन्होंने कहा कि भाजपा छत्तीसगढ़ की जनता की राय लेकर उन्हीं के अनुरूप अपना चुनाव घोषणा पत्र बना रही है जो काफी जनहित कारी होगा।

निर्वाचन नामावली अंतर्गत दावा आपत्ति 11 तक

मुंगेली/नवप्रदेश। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य के अंतर्गत दावा आपत्ति प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 31 अगस्त से बढ़ाकर 11 सितंबर तक निर्धारित की गई है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवीण तिवारी ने बताया कि बढ़ाई गई अवधि में 2 और 3 सितंबर को पूर्व की भांति हर मतदान केंद्रों में विशेष शिविर का भी आयोजन किया जाएगा।

कार्यालय पुलिस अधीक्षक : जिला जांजगीर चांपा (छ.ग.)

// निविदा आमंत्रण सूचना //

क्र./पु.अ./ जांचा/एसी-1/नि.वि./पी/190/2023 दिनांक 22.08.2023

पुलिस अधीक्षक जिला जांजगीर चांपा (छ.ग.) की ओर से लघुनिर्माण कार्य (पीसीएण्डआर) मद अन्तर्गत निम्नलिखित निर्माण कार्य के लिये लोक निर्माण विभाग में सक्षम श्रेणी के पंजीकृत ठेकेदारों से प्रपत्र 'अ' में प्रतिशत दर पर छत्तीसगढ़ शासन लोक निर्माण विभाग द्वारा जारी भवन कार्य के अद्यतन एस.ओ. आर. के आधार पर निम्ननिखित तिथि को अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में पजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट डाक के माध्यम से मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है।

-: कार्य का विवरण :-

क्र.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत	अमानत राशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य
01	थाना शिवरीनारायण परिसर में 01 नग बैरक निर्माण कार्य हेतु	17.92 लाख	18000/-	750/-

कार्यावधि :- 04 माह
सक्षम ठेकेदार :- ''द'' वर्ग
आमंत्रण संख्या :- प्रथम आमंत्रण

समय-सारणी :-

01. निविदा प्रपत्र क्रय करने के लिए कार्या. में आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि :- 13.09.2023
02. कार्यालय से कोरे निविदा प्रपत्र कय करने की अंतिम तिथि :- 16.09.2023
03. कार्यालय में निविदा प्राप्त होने की अंतिम तिथि :- 21.09.2023
04. निविदा खोलने की तिथि :- 22.09.2023

नोट :-

01. निविदा संबंधी अन्य जानकारी / शर्तें / निर्देश कार्यालयीन दिवस में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है ।

पुलिस अधीक्षक
जांजगीर-चांपा

जी-04768/3

कार्यालय अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग, बिलासपुर मंडल, बिलासपुर

ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना

Portal: http://eproc.cgstate.gov.in

छत्तीसगढ़ शासन, लोक निर्माण विभाग, बिलासपुर मण्डल, बिलासपुर में निम्नलिखित कार्य नवीन ई-पंजीयन में पंजीकृत ठेकेदार हेतु सरल क्र. 1 हेतु दिनांक 04.09.2023 तक, सरल क्र. 2 से 9 हेतु दिनांक 13.09.2023 तक निविदा आमंत्रित की जाती है :-

क्र.	नि.आ.सू.क्र. /दिनांक	कार्य का नाम	लागत (लाख में)
1	171	पेण्ड्री तालाब से रतियापारा धोधापारा मार्ग का निर्माण कार्य । सप्तम आमंत्रण। मुंगेली संभाग मुंगेली	73.88
2	172	सक्ती वि.ख. मालखरौदा अंतर्गत् शासकीय हाई स्कूल भवन जमगहन का निर्माण कार्य । प्रथम आमंत्रण चांपा संभाग चांपा।	69.45
3	173	नवीन विश्रामगृह तुर्री जिला व विकासखण्ड सक्ती का निर्माण कार्य । प्रथम आमंत्रण चांपा संभाग चांपा ।	30.28
4	174	लोरमी उपसंभाग अंतर्गत विभिन्न मार्गो में डब्ल्यू.एम.एम. एवं बी.टी. पैच रिपेयर कार्य । प्रथम आमंत्रण। मुंगेली संभाग मुंगेली	69.30
5	175	लोरमी उपसंभाग अंतर्गत मार्गो का विशेष मरम्मत, मजबूतीकरण एवं चौड़ीकरण तथा पुल-पुलियों का विशेष मरम्मत कार्य । प्रथम आमंत्रण। मुंगेली संभाग मुंगेली	59.95
6	176	मुंगेली उपसंभाग अंतर्गत विभिन्न मार्गो में डब्ल्यू.एम.एम. एवं बी.टी. पैच रिपेयर कार्य प्रथम आमंत्रण। मुंगेली संभाग मुंगेली	80.00
7	177	ग्राम बहतराई जिला बिलासपुर के कन्नौजिया राठौर समाज सामुदायिक भवन निर्माण कार्य । प्रथम आमंत्रण संभाग क्र.-1 बिलासपुर ।	22.94
8	178	जिला रायगढ़ वि.ख. पुसौर के रेंगालपाली में हायर सेकेण्डरी स्कूल भवन निर्माण कार्य । प्रथम आमंत्रण। रायगढ़ संभाग रायगढ़ ।	120.27
9	179	वि.ख. बरमकेला के सरिया में बालक हायर सेकेण्डरी स्कूल भवन निर्माण कार्य प्रथम आमंत्रण। रायगढ़ संभाग रायगढ़ ।	119.22

निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी विभाग के उपरोक्त वेबसाईट में देखें जा सकते है।

अधीक्षण अभियंता
लो.नि.वि. बिलासपुर मण्डल, बिलासपुर

जी-04694/5

न्यायालय नजूल अधिकारी मुंगेली (छत्तीसगढ़)

ईश्तहार

क्रमांक क/वा/नजूल/2023
मुंगेली, दिनांक 08.08.2023

श्री विजय कुमार पाण्डेय पिता स्व. श्री लखनलाल पाण्डेय निवासी मोहल्ला सरदार पटेल वार्ड मुंगेली तहसील मुंगेली जिला मुंगेली (छ.ग.)
आवेदक
बनाम
छ.ग. शासन अनावेदक

इस सूचना के माध्यम से आम जनता को सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय में आवेदक श्री विजय कुमार पाण्डेय पिता स्व. श्री लखनलाल पाण्डेय निवासी मोहल्ला सरदार पटेल वार्ड मुंगेली, तहसील व जिला मुंगेली (छ.ग.) द्वारा मोहल्ला सरदार पटेल वार्ड मुंगेली स्थित नजूल भूमि शीट नं. 38-सी, प्लाट नं. 30, क्षेत्रफल 189 वर्गमीटर अपने हिस्से की भूमि को पृथक से अपने नाम पर नामांतरण किए जाने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उपरोक्त संबंध में प्रकरण विचाराधीन है। किसी व्यक्ति, संस्था या उपरोक्त भूमि पर हक रखने वालों को किसी प्रकार की दावा/आपत्ति हो तो वे दिनांक 13/9/2023 को दिन के 02.00 बजे इस न्यायालय में स्वतः अथवा अपने मुख्त्यार/अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना लिखित दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त किसी प्रकार की दावा आपत्ति पर विचार करना संभव नहीं होगा।

आज दिनांक 08.08.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

सील

नजूल अधिकारी
मुंगेली (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार कांकेर जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)

रा.प्र.क्र. बी-121/सन 20
साकिन प.ह.नं.

उद्घोषणा

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक शिवराम पिता हलाल उसेण्डी जाति गोड़ निवासी ग्राम सुरेली तहसील कांकेर जिला उ.ब. कांकेर के द्वारा उनके माता कौशिल्या पिता हलाल उसेण्डी जाति गोड़ ग्राम सुरेली का मृत्यु 08.03.2022 पंजीयन कराने बाबत शपथ पत्र, जच्चा बच्चा, स्कूल प्रमाण पत्र ग्राम पंचायत के अनुपलब्धता के साथ आवेदक शिवराम आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। जो कि इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो तो विधिवत अपना दावा अथवा आक्षेप मेरे समक्ष दिनांक 14.9.2023 को स्वयं अथवा अधिवक्ता द्वारा प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद में प्राप्त दावा आक्षेप पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 31.8.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मोहर के साथ जारी किया गया।

सील

तहसीलदार
कांकेर, जिला उ.ब. कांकेर (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार कांकेर जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)

रा.प्र.क्र. 202308140100003 अ-21/2022-23 ग्राम- कांकेर तह. कांकेर

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण श्रीमती आशा आसरानी पति विशनदास, विशनदास आसरानी पिता श्रीचंद आसरानी दोनों जाति क्षत्रिय (सिंधी) निवासी म.नं. 50 मांझापारा वार्ड कांकेर तहसील कांकेर, जिला उत्तर बस्तर कांकेर की भूमिस्वामी हक की आवासीय प्रयोजन परिवर्तित भूमि ग्राम कांकेर प.ह.नं. 24 तहसील कांकेर खसरा नंबर 15001/58 रकबा 0.0137 हेक्टयर या 1480 व.फु. परिवर्तित लगान 296.00 रुपए है को रुपयों की आवश्यकता होने पर अनावेदक क्रेता गीता आसरानी पति संजय आसरानी जाति क्षत्रिय (सिंधी) निवासी म.नं. 46 वार्ड 11 मांझापारा कांकेर जिला उत्तर बस्तर कांकेर के पास 13,00,000.00 (तेरह लाख) रुपए में विक्रय करने की अनुमति प्रदान करने आवेदन प्रस्तुत किया गया है। जो जांच प्रतिवेदन हेतु इस कार्यालय में अनुविभागीय अधिकारी कांकेर के माध्यम से प्राप्त हुआ है।

अतः उक्त आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को दावा/आपत्ति पेश करना हो तो स्वयं या आममुख्तियार से दिनांक 4/9/2023 के पूर्व पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 4.8.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा से जारी।

सील

तहसीलदार
कांकेर

न्यूज गैलरी

बहनों ने बांधी राखी भाई ने ली सुरक्षा की कसम

बिलासपुर/नवप्रदेश। भाईबहन के अटूट प्रेम का पर्व रक्षा बंधन बुधवार कोग्राम मोहरा में सहित पूरे अंचल क्षेत्र में उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बहनों ने भाई के कलाई पर राखी बांधा और भाई के दीर्घायु जीवन की मंगल कामना ईश्वर से किया। रक्षा बंधन को लेकर गांव-शहर में काफी चहल पहल देखी गई।

मारवाड़ी युवा मंच ने फिट रहने का दिया संदेश

बिलासपुर/नवप्रदेश। मारवाड़ी युवा मंच शाखा के द्वारा नेशनल स्पोर्ट्स डे के उपलक्ष्य में साइक्लोथॉन का आयोजन किया गया। साइक्लोथॉन के मुख्य अतिथि चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष संजय मित्तल के द्वारा झंडा दिखाकर शुरुआत की गई। मारवाड़ी युवा मंच के शाखा की अध्यक्ष पवन मित्तल ने बताया कि हमें फिट रहने के लिए रोज 1 घंटे साइकिल चलाना चाहिए। जिससे हम शारीरिक को मानसिक रूप से फिट रह सके। साइक्लोथॉन की शुरुआत रामा मैग्नेटो वार्म अप और एक्सरसाइज के साथ शुरू हुई। जिसमें लेडीज जेंट्स बच्चे सभी ने एक साथ योग किया और फिट रहने की संदेश दिया। साइक्लोथॉन का रूट रामा मैग्नेटो लिंक रोड होते हुए राजेंद्र नगर चौक से स्मार्ट रोड से रिंग रोड नंबर 2, अमेरी चौक में समाप्त किया गया। इस साइक्लोथॉन में शाखा अध्यक्ष पवन मित्तल, सचिव योगेश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष अनूप सिंघानिया, रवि गर्ग, रवि गोयल, आलोक अग्रवाल, अतुल चौधरी, रितेश अग्रवाल, दीपक गोयल, गर्वित मौजूद रहे।

ओणम में सजाई रंगोली, मंदिर में कार्यक्रम कल से

बिलासपुर/नवप्रदेश। केरला समाज ने मंगलवार को ओणम का पर्व मनाया। घरों को फूलों की रंगोली और तोरण से सजाया गया। समाज के लोगों ने बताया कि मंदिर में मुख्य कार्यक्रम 2 व 3 सितंबर को होगी। घरों में 10 दिनों तक पर्व मनाया जाएगा। मंगलवार को महिलाएं और पुरुष व बच्चे भी केरल की परंपरागत परिधान में सजकर घरों में ओणम का आनंद लिया। अध्यक्ष अनिल नायर ने बताया कि ओणम उत्सव की शुरुआत होते ही हर घर को सजाया जाता है। हर घर के आंगन में रंगोली बनाई गई। जिसे पूलकम कहा जाता है। पहले दिन यह रंगोली छोटी होती है, लेकिन हर दिन के साथ इस रंगोली में एक पंक्ति बड़ा दी जाती है। जिससे दसवें दिन इसका आकार बहुत बड़ा हो जाता है। इस त्योहार पर रंगोली के साथ दीप भी जलाए जाते हैं।

भोपाल से आए 11 पंडितों ने कराया रुद्राभिषेक

बिलासपुर/नवप्रदेश। सोमवार को ब्रह्मलीन महर्षि महेश योगी के सूक्ष्म संरक्षण व कुलाधिपति ब्रह्मचारी डॉ. गिरीश चंद्र वर्मा के संरक्षण में महर्षि यूनिवर्सिटी ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी प्रांगण में कुलपति कर्नल प्रोफेसर टीपीएस कान्द्रा के द्वारा श्रावण मास के अवसर पर रुद्राभिषेक का आयोजन किया गया। जिसमें कुलसचिव डॉ. विजय गरुडिक व कार्यक्रम संयोजक संकायाध्यक्ष डॉ. विकास माथुर के साथ सभी विश्वविद्यालय परिवार और महर्षि स्कूल के शिक्षक व छात्र-छात्राओं ने रूद्राभिषेक किया। रूद्राभिषेक संपन्न कराने के लिए भोपाल से 11 पंडित आए थे। रूद्राभिषेक के बाद सभी को भोजन प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर छात्रों के अभिभावक भी मौजूद रहे।

महर्षि वाल्मीकि समाज का मतदान 10 को

बिलासपुर/नवप्रदेश। महर्षि वाल्मीकि समाज बहुद्देशीय कल्याण समिति के पंजीयन नियमावली के अनुसार वाल्मीकि समाज के चुनाव की चुनाव की प्रक्रिया शुरू हो गई है। नामांकन हुआ। इसमें 7 पदों के लिए समाज के लोगों ने नामांकन फार्म भरा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी सम्मन लाल सेवते, सहायक निर्वाचन अधिकारी सुदेश डागोर हैं। इनकी उपस्थिती मे प्रबंध कारिणी समिति के सभी 7 पदों पर नामांकन फॉर्म भरे गए। इसमें उपाध्यक्ष का फार्म सोनू मेहरोलिया, सचिव का अनिल डागोर, सहसचिव का हेमंत गोदरे, कोषाध्यक्ष का चिराग डागोर, सूचना मंत्री का अमित राज चौहान ने भरा। इसी तरह सदस्य का नामांकन फार्म कमल मोरध्वज करोशिया ने भरा। इन सभी 6 पद पर कोई अन्य नामांकन नहीं आया है। इसलिए इन्हें निर्विरोध पद की घोषणा 10 सितंबर को होगी। वहीं अध्यक्ष पद पर 2 नामांकन पत्र जमा हुए। इसमें विकास सिहोते और रमेश सिहोते हैं। इस पद का चुनाव 10 सितंबर को सामाजिक वाल्मीकि भवन कस्तूरबा नगर मे समय सुबह 11 से दोपहर 3 बजे तक होगा।

हायर सेकेंडरी स्कूल की छात्राओं को बांटी साइकिल

बिलासपुर/नवप्रदेश। ग्राम बावली के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में सरस्वती साइकिल योजना के तहत 9 वीं की छात्राओं को साइकिल बांटी गई। पूर्व नेता प्रतिपक्ष व विधायक धरम लाल कौशिक ने छात्राओं को साइकिल छात्राओं को साइकिल देते हुए पढ़ाई के लिए प्रोत्साहित किया। इस दौरान मंडल अध्यक्ष कैलाश सिंह प्रदेश, जपं सदस्य प्रतिनिधि काली कौशिक, सरपंच विश्वनाथ देवांगन सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

जीएम बोले-हिंदी पर सराहनीय काम साझा करें

बिलासपुर/नवप्रदेश। कई छोटे कार्यालयों ने हिंदी के क्षेत्र में सराहनीय कार्य किया है, उसे सभी कार्यालयों के साथ साझा किया जाए ताकि वे भी नवीन कार्यो से अवगत हो सकें और प्रेरणा ले सकें। यह बात रेलवे महाप्रबंधक आलोक कुमार ने कही। वे नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की छमाही बैठक में संबोधित कर रहे थे। जोनल सभाकक्ष में हुई बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने कहा कि कार्यसूची के सभी मदों पर समस्त केंद्रीय कार्यालयों ने अच्छा काम किया है। उन्होंने भविष्य में भी राजभाषा हिंदी के प्रयोग एवं प्रसार कार्यो को बढ़ाने, शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने और जिन मदों में सुधार की गुंजाइश हो उनमें सुधार करने के निर्देश दिए। अपर महाप्रबंधक विजय कुमार साहू ने कहा कि राजभाषा नियम के अनुसार नगर 'क' क्षेत्र में आता है। इसके अनुसार सभी की यह जिम्मेदारी है कि यहां समस्त कार्यो का निष्पानदन हिंदी में करें ताकि यहां की जनता को इसका लाभ मिल सके। मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं उपाध्यक्ष शशि प्रकाश द्विवेदी ने अध्यक्ष एवं महाप्रबंधक, अपर महाप्रबंधक एवं सभी सदस्यों का स्वागत किया।

कार्यालय की मांग, चंद्रयान की सफलता पर काटा केक

बिलासपुर/नवप्रदेश। हवाई सुविधा जनसंघर्ष समिति ने चंद्रयान की सफलता पर केक काटा और में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन(इसरो) के क्षेत्रीय कार्यालय के स्थापना की मांग की। राघवेंद्र राव सभा भवन महाधरना स्थल पर मेयर रामशरण यादव ने कहा कि चांद के दक्षिण ध्रुव पर चंद्रयान उतारने वाला भारत पहला देश है। यह उपलब्धि वैज्ञानिकों की है। सभा में रेलवे यूनियन के नेता रवि बैनर्जी ने आम नागरिकों से अपने जीवन में वैज्ञानिक सोच रखने की बात कही शहर में इसरो के क्षेत्रीय कार्यालय के स्थापना की मांग करते हुए उन्होंने बताया कि वर्तमान में इसरो का सबसे नजदीकी सेंटर नागपुर में स्थापित है।

दीक्षांत समारोह में शामिल होंगी राष्ट्रपति

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में पहली बार आ रहीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जिला और पुलिस प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। उनके कार्यक्रम को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने पुख्ता इंतजाम किए हैं। एक सितंबर की सुबह 9 बजे से ही बिलासपुर-रतनपुर रोड को ब्लॉक कर दिया जाएगा और चप्पे-चप्पे पर पुलिस के जवान तैनात रहेंगे। इसके लिए करीब तीन हजार जवानों के साथ ही सशस्त्र बल की ड्यूटी लगाई जाएगी। एक सितंबर को पहले रनतपुर में महामाया देवी की पूजा-अर्चना करेंगी। फिर गुरू घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी की दीक्षांत समारोह में शामिल होंगी। पं. सुंदरलाल शर्मा ओपन यूनिवर्सिटी परिसर में उनका हेलीकाप्टर उतरेगा। विश्वविद्यालय और रतनपुर स्थित मां महामाया मंदिर तक चप्पे-चप्पे पर पुलिस, पैरामिलिट्री फोर्स के साथ ही स्थानीय व केंद्रीय खुफिया एजेंसियों के अधिकारी व जवानों की तैनाती रहेगी। राष्टपति के आगमन पर सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर नई दिल्ली से थल सेना, वायु सेना और नौसेना के अधिकारियों की विशेष टीम बिलासपुर आ रही है। बताया जा रहा है कि उनकी बाहरी सुरक्षा के लिए दो दर्जन आईपीएस अफसरों की भी ड्यूटी लगाई जाएगी। राष्ट्रपति की सुरक्षा को लेकर करीब दो दर्जन एडिशनल एसपी, 3 दर्जन से अधिक डीएसपी-सीएसपी और दर्जनों इन्स्पेटर-सब इंस्पेक्टर करीब तीन हजार जवानों की ड्यूटी लगाई जाएगी, जिसमें पैरामिलिट्री फोर्स और पुलिस के जवान तैनात रहेंगे। सुरक्षा और यातायात संबंधी कार्ययोजना को पुलिस अंतिम रूप देने में लगी हुई है। राष्ट्रपति आगमन की सुरक्षा की जिम्मेदारी खुद आईजी डॉ. आनंद छाबड़ा संभाल रहे हैं। उन्होंने सेंट्रल यूनिवर्सिटी के साथ ही रतनपुर स्थित महामाया देवी मंदिर परिसर का निरीक्षण कर लिया है। साथ ही सुरक्षा के लिए पुलिस अफसरों को जरूरी दिशानिर्देश भी दिए हैं, राष्टपति के बिलासपुर आने से दो घंटे पहले ही सरकंडा के महामाया चौक से बिलासपुर-रतनपुर मार्ग को ब्लॉक कर दिया जाएगा। पं. सुन्दरलाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय से रतनपुर और सेंट्रल यूनिवर्सिटी जाने वाले सभी मार्ग में पूरी तरह से वाहनों की आवाजाही बंद रहेगी। इस दौरान लोगों को परेशानी ना हो, इसके लिए डायवर्सन रूट बनाने की तैयारी की जा रही है।

तेज रफ्तार ट्रैलर के चालक ने स्कूटी सवार को मारी टक्कर, मौत

बिलासपुर/नवप्रदेश। रतनपुर क्षेत्र के बगदेवा में तेज रफ्तार ट्रेलर के चालक ने स्कूटी सवार को टक्कर मार दी। हादसे में एक युवक ट्रेलर के पहियों के नीचे आ गया। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, युवक का भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे की सूचना पर पुलिस ने घायल को अस्पताल भेजा है। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर चीरघर भेज दिया है। मंगलवार को स्वजन की मौजूदगी में शव का पीएम कराया जाएगा। सिविल लाइन क्षेत्र के अलका एवेन्यू कालोनी में रहने वाले प्रदीप कुर्रे(40) निजी संस्थान में काम करते थे। सोमवार को वे किसी काम से दीपका गए थे। उनके साथ उनका भाई दीपक(34) भी था। वहां काम निपटाने के बाद दोनों स्कूटी से बिलासपुर लौट रहे थे। स्कूटी सवार दोनों भाई बगदेवा के पास पहुंचे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार ट्रेलर के चालक ने पीछे से उनकी स्कूटी को टक्कर मार दी। हादसे में स्कूटी सवार प्रदीप ट्रेलर की चपेट में आ गए। इससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, दीपक सड़क से दूर जाकर गिरे। हादसे में उन्हें गंभीर चोटे आई है। आसपास के लोगों ने हादसे की सूचना रतनपुर पुलिस को दी। इस बीच ट्रेलर का चालक वाहन छोड़कर भाग निकला। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को अस्पताल भेजा है। वहीं, शव कब्जे में लेकर चीरघर भेज दिया है। पुलिस ने हादसे की जानकारी स्वजन को दी है। इस पर स्वजन रात को ही रतनपुर पहुंच गए हैं। मंगलवार की सुबह स्वजन की मौजूदगी में पंचानामा के बाद शव का पीएम कराया जाएगा।

निकली चलिहा साहिब की शोभा यात्रा

बिलासपुर/नवप्रदेश। श्री झूलेलाल वेलफेयर सोसायटी द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी श्री झूलेलाल चलिहा महोत्सव अत्यंत धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया 18 जुलाई से प्रारंभ हुए इस महोत्सव में मेंअखंड ज्योत प्रचलित की गई थी जो नियमित रूप से 40 दिनो तक प्रज्वलित अखंड ज्योत का श्रद्धालुओं ने दर्शन कर अपनी मनोकामना की प्रार्थना की इस कार्यक्रम का समापन 28 अगस्त को धूमधाम के साथ किया गया इस परिप्रेक्ष्य में दोपहर 2.00 बजे स्थानीय हेमू नगर से शोभायात्रा निकाली गई जो गुरु नानक चौक, तोरवा, सिंधु भवन ,जगमाल चौक, जूना बिलासपुर, श्याम टाकीज ,गोल बाजार, सदर बाजार ,पुराना सरकंडा पुल, से नया सरकंडा पुल होते हुए शहीद हेमू कॉलोनी चौक, मंदिर चौक जरहाभाटा होते हुए सिंधी कॉलोनी भक्त कंवरराम नगर में समापन हुआ इस बीच जगह-जगह समाज ने उक्त शोभायात्रा का स्वागत किया,अखंड ज्योत का दर्शन किया एवं प्रसाद वितरण किया गया शोभा यात्रा में भगवान श्री झूलेलाल एवं श्री शंकर भगवान की जीवंत झांकी मुख्य आकर्षण का केंद्र रही इस अवसर पर सिंधी कालोनी स्थित डेरा संत बाबा थाहिरिया सिंग धन गुरु नानक दरबार प्रबंधन कमेटी ने भी शोभा यात्रा का भव्य स्वागत किया गया दरबार के सभी सदस्यों ने अखंड ज्योत का दर्शन किया एवं प्रसाद वितरण किया गया इस दौरान दरबार द्वारा श्री झूलेलाल वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष जगदीश हरद्वानी का शाल पहना कर स्वागत किया गया एवं उन्होंने पल्लवकर विश्व कल्याण के लिए दुआएं मांगी.इस शोभा यात्रा के स्वागत में दरबार के मुख्य सेवादारी प्रबंधक मूलचंद नारवानी, डा.हेमंत कलवानी, प्रकाश जज्ञासी, सुरेश वाधवानी ,नानक पंजवानी, सोनू लालचंदानी, राजू धामेचा ,नरेश मेहरचंदानी, कंचन रोहरा एवं अनेक सेवादारी उपस्थित थे।

नकली जींस-शर्ट बेच रहा व्यवसायी पकड़ाया

बिलासपुर/नवप्रदेश। कोतवाली क्षेत्र के करबला रोड स्थित कपड़े की दुकान में छापेमारी कर पुलिस ने ब्रांडेड कंपनी के नाम से मिलते-जुलते नकली जींस और शर्ट जब्त किया है। पुलिस ने मामले में व्यवसायी के खिलाफ कापीराइट एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। मुंबई के जनकल्याण नगर में रहने वाले दीपक पटेल नेत्रिका कंसल्ट कंपनी में फील्ड आफिसर हैं। उनकी कंपनी लेविस और केल्वीन केलिन कंपनी के नकली उत्पाद पर नजर रखती है। कंपनी के अधिकारियों को सूचना मिली कि कोतवाली क्षेत्र के करबला स्थित एक दुकान से ब्रांडेड कंपनी के नाम से मिलते-जुलते नकली जींस और शर्ट की बिक्री की जा रही है। इस पर दीपक शहर पहुंचे। उन्होंने दुकान में जाकर मामले की तस्दीक की। इसके बाद मामले की शिकायत कोतवाली थाने में की गई। शिकायत के आधार पर कोतवाली पुलिस की टीम ने करबला रोड स्थित पिंटू जींस दुकान में दबिश दी। पुलिस ने संचालक पिंटू साहू निवासी शंकर नगर तोरवा को हिरासत में लेकर दुकान की तलाशी ली।

रक्षाबंधन: सेवा एक नई पहल ने बुजुर्गो की देखरेख का दिया वचन

बिलासपुर/नवप्रदेश। सामाजिक संस्था सेवा एक नई पहल ने प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी रक्षा बंधन की पूर्व संध्या पर संस्था की संयोजिका रेखा आहूजा के सानिध्य में शहर से कही दूर अपनो से बिछड़ कर एकांत में नीरस जीवन बिता रहे वृद्ध जनों को रक्षा सूत्र बांध उनके देख रेख करने का वचन दिया। इस भाव पूर्ण कार्यक्रम में आए साथियों पूज्य सिंधी पंचायत कश्यप कालोनी के अध्यक्ष जगदीश जज्ञासी , युवा समाज सेवी कैलाश श्यामनानी , भारती जेठमलानी और रूपल चांदवानी तथा आश्रम वासियों को संबोधित करते हुए संयोजिका रेखा आहूजा ने कहा कि यह सनातनी परंपरा तीज त्योहार हमे निर्देशित करते है कि हम सिर्फ खुशियां मनाएं ही नहीं उन्हे निशक्तों और वंचितों के साथ बांटे यही धर्म और सेवा का सार भी है।

हिंदू धर्म के संस्थापक है श्रीराम: अमित साई

बिलासपुर/नवप्रदेश। पूज्य सिंधी पंचायत आजाद नगर में झूलेलाल चालीहा महोत्सव 16 जुलाई से आरंभ हुआ था जिसका समापन 27 अगस्त को शाम को सिंधी धर्मशाला मसानगंज में बहराना साहिब की पूजा विधि विधान के करके किया गया।भाई भगवान दास दरबार के सेवादार भाई अमर रुपानी ने बताया कि चालीहा महोत्सव के समापन दिवस पर तिल्दा के अमित साई जी को बुलाया गया जिन्होंने बहराने साहिब की विधि विधान से पूजा करके चालीहा महोत्सव का समापन किया इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हिंदू धर्म के रक्षा करने के लिए जल के देवता वरुण देव ने झूलेलाल साई अवतार लिया था जब सिंध प्रांत के लोगो का मिरखा शाह बादशाह द्वारा जबरन धर्म परिवर्तन कराया जा रहा था तब सभी हिन्दुओं ने दरयाशाह की शरण में जाकर उसको पुकारा तब 40 दिनों बात जल से झूलेलाल साई प्रगट हुए और जुल्मी राजा से प्रजा की रक्षा की तब से सिंधी समाज में झूलेलाल साई का चालीहा उत्सव मनाना प्रारंभ किया। इस अवसर पर पूज्य पंचायत के सभी अथितियो का शाल से सम्मान किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में आजाद नगर पंचायत, सिंधी युवा विंग,महिला विंग सहित दरबार साहिब के सेवादार का सहयोग प्राप्त हुआ इस चालीहा महोत्सव में आम आदमी पार्टी से उज्जवला कराड़े एवम एनसीपी के निलेश विश्वास जी ने आकर झूलेलाल साई जी का आर्शीवाद प्राप्त किया।

एल्बम झूलण जी महिमा भाग-2 रिलीज

बिलासपुर/नवप्रदेश। झूलेलाल वेलफेयर सोसायटी बिलासपुर के तत्वाधान में 26 अगस्त को नागपुर के संत श्री मोहनलाल ठाकुर के करकमलों से राज केशवानी के एल्बम झूलण जी महिमा भाग-2 रिलीज किया समिति के प्रमुख सेवादारी जगदीश हरद्वानी, सेवक राम वाधवानी. नानक नागदेव, किशनचंद रामानी, रुपचंद डोडवानी , प्रीतम दास नागदेव, इंद्रलाल गंगवानी, मुरली मलघानी, राजकुमार मनचंदा, जगदीश जज्ञासी, विजय दुसेजा, विजय हरियानी, उत्तम बोधवानी. इस अवसर पर समाज के लगभग सभी वार्ड के अध्यक्षों ने मोहनलाल ठाकुर जी से आशीर्वाद प्राप्त किया और आज केशवानी को अपनी शुभकामनाएं दी जिसमें प्रमुख रूप से डीडी आहूजा रूपचंद डोडवानी रामचंद्र लालवानी रामचंद्र नागवानी, आनंद देसर बृजलाल नागदेव कविता चिमनानी टिंकल आहूजा दीपा आहूजा महेश पमनानी नगर विधायक श्री शैलेश पांडे जी ने भी इस अवसर पर संत जी का आशिर्वाद लिया बिलासपुर नगर के सुप्रसिद्ध कलाकार मल्टी आर्टिस्ट राज केशवानी ने भी ÷झूलण जी महिमा÷ के 50 भजनों का नान स्टॉपेज एल्बम तैयार किया है जिसका विगत दिनों पहला भाग रिलीज किया जा चुका है, सिंधी समाज के सुप्रसिद्ध गायक, गीतकार, संगीतकार राज केशवानी श्री झूलेलाल चालीहा महोत्सव के उपलक्ष्य मे सिंधी समाज को 50 सिंधी भजनों का एक गुलदस्ता भेंट कर रहे जो आर.के.प्रोडक्शन बिलासपुर के द्वारा रिलीज हुआ सिंधी समाज के पारंपरिक भजनों के संग्रह के साथ- साथ इसमें कुछ नए भजन भी शामिल किए गए है इस एल्बम का नाम नॉन स्टॉप 2023 रखा गया है जिसके निर्माता रायपुर शहर के श्रद्धालु माधव दास भोजवानी जी और सहनिर्माता राजा सलामतानी की ओर से सिंधी समाज को समर्पित करने हेतु बनवाया गया है जिसे बिलासपुर के सुप्रसिद्ध गायक राज केशवानी जी ने गाया है और इनका साथ दिया राधिका सिदारा, और रजनी कमलानी ने इस एल्बम के कुछ नए गीतों की रचना स्वयं राज केशवानी ने की है जैसा की जानकारी है की इसके पूर्व भी राज केशवानी सिंधी सुपरहिट फिल्म (लखी मुहिंजो लखन में) के सफल गीतकार, संगीतकार की भूमिका अदा कर चुके है सिंधी समाज में इनके पूर्व में भी अनेक गीत अलग- अलग कंपनी से रिलीज हो चुके है. संगीत राज केशवानी एवम् संगीत संयोजन शिवा नायडू, रूपेश मेश्राम ने किया है विशेष सहयोग हर्ष मनोज केसवानी, साई बलराम कावरानी, ट्विंकल आडवाणी,विजय दुसेजा, जगदीश जज्ञासी जी ने किया है.इस नए एल्बम के लिए भारतीय सिंधु सभा की राष्ट्रीय महामंत्री विनीता भावनानी, अध्यक्ष गरिमा शाहनी, डी.डी.आहूजा, रेखा आहूजा ,गोलू पंजवानी बिलासपुर से एवम् तुलसी सेतिया ,किशोर लालवानी, सुरेश जज्ञासी ,कंचन जज्ञासी ने नागपुर शहर से राज केशवानी को शुभ कामनाएं प्रेषित की ।

गायत्री परिवार में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा सम्मान समारोह आयोजित

बिलासपुर/नवप्रदेश। अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज के तत्वावधान में संचालित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा प्रकोष्ठ जिला बिलासपुर छत्तीसगढ़ के द्वारा गायत्री शक्तिपीठ विनोबानगर, बिलासपुर में भा. सं. ज्ञान परीक्षा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसके अंतर्गत विगत वर्ष 2022 में संपन्न हुए परीक्षा के राज्य एवं जिला स्तर पर प्रथम एवं द्वितीय स्थान वरीयता प्राप्त करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को तथा भारतीय संस्कृति के पुरोधा व संस्कृति प्रसारक समस्त शिक्षकों को सम्मानित किया गया। श्री द्वारिका प्रसाद पटेल ने बताया कि गायत्री मंत्र के साथ दीप प्रज्ज्वलन करके अतिथियों का स्वागत सत्कार हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में समाज सेविका रितु- शैलेश पाण्डेय, डॉ. संजना तिवारी (वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ संजीवनी हॉस्पिटल बिलासपुर), विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रतिभा मिश्रा (प्रो. गुरु घासीदास विश्वविद्यालय बिलासपुर), उर्मिला विश्वकर्मा (सहा. प्रबंध ट्रस्टी गायत्री शक्तिपीठ विनोबानगर), आशा सुल्तानिया (नारी जागरण प्रमुख बिलासपुर), नूरीता कौशिक, सी. पी. सिंह (ट्रस्टी), डॉ. हेमंत कौशिक (प्रांतीय कार्यकारिणी संगठन समिति सदस्य), हरि पटेल (जिला समन्वयक

जी.पी.एम.), गायत्री साहू (जिला समन्वयक मुंगेली), बृजेश सिंह (वरिष्ठ साहित्यकार), गोविंद राम मिरी (पूर्व सांसद), प्रदीप कौशिक की उपस्थिति रही। अतिथियों के स्वागत उपरान्त संगीत टोली द्वारा प्रज्ञागीत प्रस्तुत किया गया तथा नंदिनी पाटनवार (जिला समन्वयक बिलासपुर) द्वारा स्वागत उद्बोधन दिया गया। तत्पश्चात आगंतुक अतिथियों द्वारा उद्बोधन प्रस्तुत किया गया। डॉ. संजना तिवारी ने गायत्री परिवार द्वारा भारतीय संस्कृति के संवर्धन एवं सरंक्षण हेतु चलाये जा रहे भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा अभियान की सराहना करते हुए कहा कि गायत्री परिवार समाज में धरातल स्तर पर भारतीय संस्कृति के नैतिक, बौद्धिक, सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक उत्थान का कार्य कर रही है ,जो अपने आप में बहुत ही सराहनीय प्रयास है, जिसका परिणाम यह है कि विभिन्न अभियानों द्वारा लोगों युवा पीढ़ी में जागरूकता के साथ अपने संस्कृति के प्रति एक सक्रियता और सजगता देखने को मिल रही है। नूरीता कौशिक ने कहा कि वर्तमान में जो समय चल रहा है उस हिसाब से देखें तो भा. सं. ज्ञान परीक्षा जैसी पहल वाकई आवश्यक हो जाती है ,जिससे आने वाली पीढ़ी के मध्य अपने भारत की संस्कृति का परिचय कराया जा सके। प्रोफेसर प्रतिभा मिश्रा ने बताया कि शिक्षा के साथ संस्कार एवं जीवन जीने की कला व विद्या देने का कार्य गायत्री परिवार भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के माध्यम से, जीवन निर्माण के विभिन्न कार्यशालाओं के माध्यम से निरंतर करता आरहा है जो कि बिलासपुर छत्तीसगढ़ के लिए बहुत ही प्रशंसनीय है।

प्रदेश का पहला जिला अस्पताल जहां मिलेगी एमआरआई जांच की सुविधा

- कांकेर और आसपास के क्षेत्र के मरीजों को मिलेगा सीधा लाभ
- एमआरआई के लिए मरीजों को नहीं जाना होगा बाहर : शिशुपाल शोरी

कांकेर/नवप्रदेश। संसदीय सचिव छ.ग. शासन एवं विधायक कांकेर शिशुपाल शोरी के द्वारा कांकेर जिले के अति आवश्यक एवं बहुप्रतिक्षित मांगों को पूर्ण करवाते हुए स्वास्थ्य के क्षेत्र में जिलेवासियों सहित बस्तर संभाग को एक महत्वपूर्ण सौगात प्रदान की गई है। टेक्नीशियन के अभाव में उक्त मशीन चालू नहीं हो पाया था टेक्नीशियन की नियुक्ति के पश्चात जिला कोमलदेव चिकित्सालय कांकेर में विधायक कांकेर शिशुपाल शोरी के द्वारा एम.आर.आई. मशीन प्रारंभ करवाते हुए श्री घनश्याम वट्टी ग्राम व्यासकोंगेरा उम्र 25 वर्ष जो कि ब्रेन का एमआरआई कर प्रारंभ किया गया है ।

उल्लेखनीय है कि कांकेर जिला अस्पताल प्रदेश का पहला जिला अस्पताल है, जहां 6 करोड़ 49 लाख की लागत से एम आर आई मशीन स्थापित की गई है। विशेषज्ञ चिकित्सकों के माध्यम अब इसका लाभ मरीजों को मिलने लगेगा। जरूरतमंदों का एमआरआई जांच की सुविधा सही समय पर बीमारियों का पता लगने से सही समय पर सटीक ईलाज होगा तथा एमआरआई के लिए मरीजों को बाहर नहीं जाना पड़ेगा। जिला चिकित्सालय कांकेर में एम आर आई मशीन का प्रारंभ होने से जरूरतमंदों को अब जिला अस्पताल में ही जांच की सुविधा मिल सकेगी।

एम आर आई मशीन एक विशेष चिकित्सा जांच उपकरण है, जिससे अनेकों बीमारियों की त्वरित जांच कर उसके निदान में सफलता पाई जा सकती है। एमआरआई स्कैन का इस्तेमाल मस्तिष्क, हड्डियों व मांसपेशियों, सॉफ्ट टिश्यू, चेस्ट, ट्यूमर-कैंसर, स्ट्रोक, डिमेंशिया, माइग्रेन, धमनियों के ब्लॉकेज और जेनेटिक डिसऑर्डर का पता लगाने में होता है, बीमारी की सटीक जानकारी के लिए यह जांच होती है।

एम.आर. आई स्कैन के द्वारा शरीर के लगभग सभी हिस्सों जैसे हड्डियों और जोड़ों की जांच, दिमाग और रीढ़ के हड्डी की जांच, हृदय और रक्त वाहिकाओं की जांच, स्तनों की जांच सहित अन्य अंदरूनी अंगों जैसे गर्भाशय, लीवर और पौरूष ग्रंथि आदि की जांच की जा सकती है। एम.आर.आई. के लिए अब तक क्षेत्र के मरीजों को बाहर रेफर किया जाता था, लेकिन अब जिला चिकित्सालय कांकेर में एमआरआई जांच होगी, इससे लोगों के समय की बचत होगी। जांच होने से बीमारियों के वास्तविक कारण का समय पर पता चल पाएगा और ईलाज भी सही दिशा में आगे बढ़ेगी। यह भी उल्लेखनीय है कि कांकेर जिला चिकित्सालय में पहले से ही सिटी स्केन, डायलिसिस यूनिट और हमर लैब भी सफलतापूर्वक संचालित हो रहा है।

बसपा ने कलेक्टर से की कोंटा सीईओ को हटाने की मांग

- राजनीतिक पार्टी को लाभ दिलाने का लगाया आरोप सौंपा ज्ञापन

सुकमा/नवप्रदेश। मंगलवार को बहुजन समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष सोलोमन गांडा ने कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर जनपद पंचायत कोन्टा के प्रभारी सीईओ कैलाश कश्यप को सुकमा जिले का निवासी व चुनाव में पार्टी विशेष को लाभ पहुंचाने का कार्य करने समेत अन्य आरोप लगाते हुए पद से हटाने की मांग की है। ज्ञापन अनुसार बसपा जिलाध्यक्ष ने कोन्टा जनपद के प्रभारी सीईओ कैलाश कश्यप पर आरोप लगाते हुए कहा कि प्रभारी सीईओ कैलाश कश्यप जिले के तोंगपाल के निवासी हैं और पद पर रहते हुए पंचायत सचिवों पर दबाव बनाकर एक पार्टी विशेष को फायदा पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं। इसके साथ ही जिला पंचायत सीईओ के अनुमोदन के बिना ही पैसे लेकर मनमुताबिक एक सचिव को 150 किलोमीटर की दूरी पर बसे दूसरे ग्राम पंचायत का प्रभार बिना उच्च अधिकारी के अनुमति के दिया जा रहा हैं। इसके अलावा इन्होंने अपने कार्यकाल में शिविरों के अलावा कभी ग्राम पंचायतों का दौरा नही किया है और इनके कार्यकाल में क्षेत्र में कोई प्रगति आई है। जिस कारण इन्हें तत्काल पद से हटा जाए।

किरंदुल में धूमधाम से मना रक्षाबंधन

- बैलाडीला देवस्थान समिति और गायत्री परिवार ने जवानों के साथ मनाया रक्षाबंधन

किरंदुल/नवप्रदेश। एनएमडीसी किरंदुल परियोजना एवं नगर की सुरक्षा हेतु तैनात केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल एवं पुलिस थाना किरंदुल के जवानों की कलाईयां सुनी न रह जाये व बहनों के स्नेह की कमी महसूस न हो, इस भावना के साथ बैलाडीला देवस्थान समिति श्री राघव मन्दिर और गायत्री परिवार द्वारा प्रतिवर्ष सीआईएसएफ एवं जिला पुलिस बल के जवानों के साथ रक्षाबंधन का पावन पर्व मनाया जाता है। प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी इसी पुनीत परंपरा को कायम रखते हुए दोनों धार्मिक एवं सांस्कृतिक संस्थाओं, नगरपरिवार की बहनों द्वारा राखियां बांधकर भाइयों को उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं एवं दीर्घ, खुशहाल जीवन की मंगल कामनाएं की गई।

इस अवसर पर सीआईएसएफ के जवान, पुलिस थाना किरंदुल के थाना प्रभारी साकेत बंजारे, उप निरीक्षक हेमंत साहू, बैलाडीला देवस्थान समिति एवं गायत्री परिवार के पदाधिकारी ए के सिंह, डी पी डेहरिया, राजेन्द्र यादव, पी सी जैन, राघव मंदिर के प्रधान पुजारी सत्येंद्र प्रसाद शुक्ला, किरन्दुल नगरपरिवार की बहनें उपस्थित थे।

आज केंद्रीय गृह मंत्री करेंगे सरकार के खिलाफ आरोप पत्र पेश

कांकेर/नवप्रदेश। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह अपने दो दिवसीय प्रवास छत्तीसगढ़ आ रहे हैं। निर्धारित कार्यक्रम के मुताबिक केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री शाह 1 सितंबर को शाम 6:40 बजे नियमित विमान से राजधानी रायपुर स्थित स्वामी विवेकानंद विमानतल पहुंचेंगे। वहां से भाजपा प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर पहुंचकर भाजपा विभिन्न बैठके लेंगे। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री शाह 2 सितंबर को सुबह 11:00 बजे साइंस कॉलेज स्थित प. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में प्रदेश की भ्रष्ट सरकार के खिलाफ जनता की ओर से आरोप पत्र पेश करेंगे।

अवैध खनन के मामले में प्रशासन की कार्रवाई

- अवैध परिवहन एवं उत्खनन करते पाये जाने पर 17 वाहन जब्त

जांजगीर-चांपा/नवप्रदेश। कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशन में राजस्व एवं माइनिंग विभाग की संयुक्त टीम द्वारा जिले के पीथमपुर, बिरगहनी, केवा, नवापारा औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन करते हुए पाये जाने पर 17 वाहनों पर कार्यवाही किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी राजस्व जांजगीर ने बताया कि अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन कार्य में संलग्न वाहन जिसमें 01 जेसीबी, 03 नग हाईवा एवं 13 ट्रैक्टर पर जब्ती की कार्यवाही की गई तथा उक्त वाहनों को माइनिंग इंस्पेक्टर को सुपुर्द किया गया। उक्त वाहन एवं वाहन मालिकों के विरुद्ध खनिज अधिनियम के तहत नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है। कलेक्टर के निर्देशानुसार जिले में खनिज के अवैध उत्खनन, परिवहन, भण्डारण पर प्रभावी नियंत्रण हेतु खनिज अमलो द्वारा विशेष अभियान चलाकर निरन्तर जॉच किया जा रहा है।

एनएसएस के छात्रों ने बांधी विधायक शोरी को राखी

कांकेर/नवप्रदेश। रक्षाबंधन के पावन पर्व को सेजेस पटौद के बच्चों में साथ मनाया। राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी स्वामी आत्मानंद हायर सेकेंडरी पटौद के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने रक्षाबंधन विधायक आवास पर मनाया। राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने प्राचार्य डीएस निषाद के दिशा निर्देशन में मतदाता जागरूकता को ध्यान में रखते हुए मतदाता जागरूकता का संदेश देते हुए राखी का स्वयं निर्माण किया था जिससे नए वोटर अपना नाम मतदाता सूची में जोड़ने जागरूक हो सके। स्वयं सेवकों ने राखी में भैया भूल ना जाना, मतदाता सूची में नाम जुड़वाना, 18 प्लस मतदाता राखी, स्वीप कांकेर जैसे प्रेरक वाक्य लिखे राखी बनाया। विधायक शिशुपाल शोरी ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि रक्षाबंधन प्रेम और रक्षा का त्योहार है। जिनके प्रति प्रेम होता है वो बहनों को रक्षा का वचन देते हैं। उन्होंने बच्चों को अच्छे से पढ़ाई करने, प्रतियोगी परीक्षाओं में बेहतर परिणाम देने को कहा। विधायक शोरी ने बच्चों को मिठाई खिलाई और गिफ्ट दिया। रक्षाबंधन कार्यक्रम में लोमेन्द्र यादव उपाध्यक्ष शाला विकास एवं प्रबंध समिति, प्राचार्य डीएस निषाद, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी श्रद्धा पवन सेन, व्याख्याता माधवी नेताम, स्वयंसेवक हिना चक्रधारी, नेहा नेताम, साक्षी सलाम, अंजली जैन, जिज्ञासा चक्रधारी, महिमा नेताम, प्रीति जैन, टीकेश्वरी ने इकाई का प्रतिनिधित्व किया।

जाति प्रमाण पत्र में देरी, अधिकारियों को नोटिस जारी कर मांगा स्पष्टिकरण

- समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने दिया सख्त निर्देश

जगदलपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर विजय दयाराम के. ने समय सीमा की बैठक में जाति प्रमाण पत्र जारी करने में अनावश्यक देरी करने के लिए बास्तानार बीईओ, तहसीलदार और लोहंडीगुड़ा तहसीलदार को स्पष्टिकरण जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर मंगलवार की शाम जिला कार्यालय के प्रेरणा सभा कक्ष में समय सीमा की बैठक ली।

कलेक्टर ने विभागीय योजनाओं की प्रगति और क्रियान्वयन की साप्ताहिक समीक्षा करते हुए अधिकारियों निर्देशित किए कि महिला स्व सहायता समूह की सदस्यों के साथ-साथ आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, नागरिक आपूर्ति निगम,कॉपरेटिव के मजदूर और निर्माण विभाग के अकुशल श्रमिकों को इनशोरेन्स क्लेम दिलवाने के प्रयास करने की आवश्यकता बताई।

बैठक में कलेक्टर ने मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के तहत मरम्मत कार्य, बस्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण मद, सांसद निधि, विधायक निधि अन्य मदों से स्वीकृत कार्यों की प्रगति की समीक्षा कर जल्द पूर्ण करवाने के निर्देश दिए।

गोधन न्याय योजना के समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने वर्मी कामोस्ट और गोमूत्र से बने उत्पाद का उठाव करवाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही रीपा की आर्थिक गतिविधियों का संचालन की समीक्षा करते हुए उत्पादित गोबर पेंट को पूर्व आर्डर देकर सभी निर्माण विभागों को उठाव करवाने कहा। बैठक के उपरांत सहकार से समृद्धि योजना के एजेंडा और जल जीवन समिति की बैठक किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रकाश सर्वे, अपर कलेक्टर हरेश मंडावी सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

कलाईयों में सजी इको फ्रेंडली राखियां

कांकेर/नवप्रदेश। नए मतदाताओं का जिनका नाम मतदाता सूची में नहीं जुड़ा है या जिनका इपिक कार्ड नहीं बना है, ऐसे मतदाताओं को जिले के बीएलओ ने रक्षाबंधन के अवसर पर धान, बीज, फूल, मिलेट इत्यादि से बने स्वीप संदेश युक्त इको फ्रेंडली राखियां बांध कर रक्षाबंधन का पर्व मनाया और लोकतंत्र की रक्षा के लिए अनुरोध किया। स्वीप इकोफ्रेंडली राखी बांध कर बीएलओ ने समस्त मतदाताओं से अपील किया कि मतदाता सूची में अपना नाम जरूर जुड़वाए तथा मतदान जरूर करें, इससे हमारा लोकतंत्र और मजबूत होगा।

कार्यालय कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग (वि/यां.) संभाग बिलासपुर (छ.ग.)

निविदा आमंत्रण सूचना

क्रमांक- 8119/NIT-13/2023-2024/ व ले लि — दिनांक-24.08.2023

निविदा प्रपत्र कय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि :-	15.09.2023 अपरान्ह 5.30 बजे तक
ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथि :-	22.09.2023 अपरान्ह 5.30 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि :-	25.09.2023 पूर्वान्ह 11.30 बजे से
कार्य की अवधि :-	31.03.2024 वर्षा ऋतु सहित
निविदा प्रपत्र की कीमत :-	750/- रुपये
निविदाकारों की श्रेणी :-	ई पंजीयन के अंतर्गत श्रेणी 'द' से 'अ' तक

एनआईटी क्र. निविदा क्र.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (लाख में)	अमानत राशि (रू. में)
13 T0165	उपसंभाग जांजगीर अंतर्गत बम्हनीडीह के आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों में संभावित एमओडब्लू. एस आर डिपाजिट बजट, ए आर का विद्युतीकरण कार्य	18.90	14175.00
13 T0166	उपसंभाग हाईकोर्ट बिलासपुर के सेक्शन क्र. 1 अंतर्गत स्वास्थ्य केंद्र भवनों में विद्युतीकरण मरम्मत कार्य	3.00	5000.00
13 T0167	उपसंभाग हाईकोर्ट बिलासपुर अंतर्गत सेक्सन क्रमांक 1 में आवासीय और गैर आवासीय भवनों में एयर कंडीशनर मरम्मत कार्य	5.00	5000.00
13 T0168	उपसंभाग हाईकोर्ट बिलासपुर अंतर्गत आवासीय भवनों में विद्युतीकरण कार्य	10.00	7500.00
13 T0169	उपसंभाग हाईकोर्ट बिलासपुर अंतर्गत गैर आवासीय भवनों विद्युतीकरण कार्य	9.00	6750.00
13 T0170	उपसंभाग हाईकोर्ट बिलासपुर अंतर्गत बिल्हा एवं बरतोरी एरिया में विद्युतीकरण कार्य	8.00	6000.00
13 T0171	उपसंभाग हाईकोर्ट बिलासपुर अंतर्गत सेक्सन क्र. 1 में स्कूल भवनों का विद्युतीकरण मरम्मत कार्य	3.20	5000.00
13 T0172	हेड क्वार्टर सेक्शन बिलासपुर अंतर्गत स्कूल भवनों में संभावित विद्युतीकरण कार्य	13.00	9750.00
13 T0173	हेड क्वार्टर सेक्शन बिलासपुर अंतर्गत खेल विभाग के भवनों में संभावित विद्युतीकरण कार्य	5.50	5000.00
13 T0174	हेड क्वार्टर सेक्शन बिलासपुर अंतर्गत लोक निर्माण विभाग के भवनों में संभावित विद्युतीकरण कार्य	6.50	5000.00
13 T0175	हेड क्वार्टर सेक्शन बिलासपुर अंतर्गत जेल कैंपरा के आवासीय भवनों में संभावित विद्युतीकरण कार्य	8.00	6000.00
13 T0176	हेड क्वार्टर सेक्शन बिलासपुर अंतर्गत रेस्ट हाउस में संभावित विद्युतीकरण कार्य	11.00	8250.00
13 T0177	हेड क्वार्टर सेक्शन बिलासपुर अंतर्गत तकनीकी शिक्षा विभाग के भवनों में संभावित विद्युतीकरण कार्य	7.50	5625.00
13 T0178	हेड क्वार्टर सेक्शन नेहरु चौक बिलासपुर अंतर्गत व्हीआईपी बंगला में संभावित विद्युतीकरण कार्य	6.00	5000.00
13 T0179	हेड क्वार्टर सेक्शन बिलासपुर अंतर्गत पुलिस विभाग के भवनों में संभावित विद्युतीकरण कार्य	6.20	5000.00
13 T0180	बेलतरा सेक्शन बिलासपुर में संभावित विद्युतीकरण कार्य	8.50	6375.00
13 T0181	रेस्ट हाउस रतनपुर सेक्शन बिलासपुर में संभावित विद्युतीकरण कार्य	8.50	6375.00

नोट -
1. निविदा आमंत्रण में दर्शाये गये कार्य अनुसार पृथक-पृथक कार्य हेतु अमानत राशि पृथक प्रस्तुत करना होगा।
2. निविदा फार्म का लिफाफा -2 एवं अमानत राशि हेतु लिफाफा-3 को एक बड़े लिफाफा- 1 के अंदर निविदा सूचना क्रमांक एवं ग्रुप क्रमांक डाल कर पंजीकृत डाक से प्रस्तुत करना होगा। अलग अलग कार्य हेतु अलग अलग लिफाफा प्रस्तुत करना होगा, अन्यथा निविदा खोली नहीं जायेगी।
3. निविदा फार्म के साथ अमानत राशि (टी.डी.आर./एफडी.आर) के लिफाफा के अंदर 100/- का शपथ पत्र डालना अनिवार्य है।
4. आवेदन के जीएसटी नंबर संलग्न करना अनिवार्य है ।
5. वित्तीय वर्ष 2022-23 का जीएसटी रिटर्न की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है ।

निविदा संबंधी शर्तें विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। इनका अवलोकन संबंधित संभाग कार्यालय में किया जा सकता है।

कार्यपालन अभियंता
जी-04760/3 लोक निर्माण विभाग (वि/यां.)
संत्राग बिलासपुर (छ.ग.)

प्रथम पृष्ठ का शेष...

'छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया'...

कहावतों के माध्यम से सदियों से चल रहे सत्य को मात्र शब्दों में कह दिया जाता है। राष्ट्रपति ने कहा कि साइंस और टेक्नालाजी के साथ ही जीवन में आध्यात्मिकता का भी समावेश हो तो जीवन आनंद से भर जाता है। हमारी नई पीढ़ी बहुत प्रतिभाशाली है। कभी-कभी धैर्य की कमी होने की वजह से वे निराश हो जाते हैं। उन्हें बताना है कि अपनी रुचि के क्षेत्र में धैर्य और पूरे आत्मविश्वास के साथ कड़ी मेहनत करें तो सफलता जरूर मिलती है। ब्रह्मकुमारी परिवार हमेशा से इसके लिए प्रयास कर रहा है ताकि हम बेहतर समझ के साथ विपरीत परिस्थितियों का सामना कर सकें। राष्ट्रपति ने कहा कि पूरी मानवता के कल्याण के लिए ब्रह्मकुमारी परिवार बहुत अच्छा कार्य कर रहा है। मैं इसके लिए बधाई देती हूं। सकारात्मक परिवर्तन को लेकर ओडिशा में यह कार्यक्रम शुरू हुआ है और मैं आज यहाँ आप सभी के बीच में भी हूँ। मैं यहाँ पहले ही आ चुकी हूं। फिर से बुलाने के लिए आप सभी को धन्यवाद देती हूँ। उन्होंने कहा कि एक ओर हमारा देश नित-नई ऊंचाइयों को छू रहा है, चांद पर तिरंगा लहरा रहा है और विश्वस्तरीय खेलों में कीर्तिमान रच रहा है।

ऐसा लग रहा है जैसे कोई ...

भावना है। छत्तीसगढ़ प्रदेश की नीतियों, योजनाओं और कार्यक्रमों के संचालन में प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय का आध्यात्मिक मार्गदर्शन हमें मिलता रहा है।

70 दिनों में शाह का चौथा ...

शाम 7 बजे प्रदेश भाजपा मुख्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में प्रदेश के नेताओं की बैठक लेंगे। अगले दिन 2 सितंबर को अमित शाह सुबह 11 बजे राजधानी के पं. दीनदयाल उपाध्याय आडिटोरियम में एक कार्यक्रम में कांग्रेस सरकार के खिलाफ आरोप पत्र जारी करेंगे। इसके बाद शाह हेलीकाप्टर से सरायपाली में आयोजित जनजातीय सम्मेलन में अभिनंदन कार्यक्रम में शामिल होंगे। बैठक में प्रदेश भाजपा प्रभारी व चुनाव प्रभारी ओम माथुर, प्रदेश चुनाव सह प्रभारी डा. मनसुख मांडविया, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, पूर्व मुख्यमंत्री डा. रमन सिंह, भाजपा के प्रदेश महामंत्री केदार कश्यप, ओपी चौधरी और विजय शर्मा समेत अन्य नेता शामिल होंगे।

18-22 सितंबर तक...

हाल ही में एक नया मैप जारी किया है, जिसमें अरुणाचल प्रदेश और अक्साई चिन को उसने अपना हिस्सा बताया है। हालांकि विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि चीन हमेशा से ऐसी हरकतें करता रहता है। राहुल गांधी ने हाल ही में लद्दाख दौरे पर कहा था कि चीन ने हमारे इलाके में घुसपैठ की है। पूरा लद्दाख इस बात को जानता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इस पर बयान देना चाहिए।

मुंबई में 'इंडिया' की तीसरी ...

संभावना है। पार्टी सूत्रों के मुताबिक, विपक्षी दलों के बीच बेहतर तालमेल बनाए रखने के लिए एक संयुक्त सचिवालय की भी जल्द घोषणा की जाएगी।

कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक निर्माण विभाग, संभाग क्र.- 1, बिलासपुर (छ.ग.)

ज्ञाप क्र. 5834/NIT-11/2023-24/SAC — दिनांक 26.08.2023

निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि :	06.09.2023 शाम 5.30 बजे
ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथि	14.09.2023 शाम 5.30 बजे
निविदा खोलने की तिथि	15.09.2023 प्रातः 11.30 बजे
प्रत्येक निविदा प्रपत्र की क्रय राशि रू.	750/-
निविदाकारों की श्रेणी	ई-पंजीयन के अंतर्गत श्रेणी 'द' से 'अ' तक

एन.आई.टी. क्र. निविदा क्र.	कार्य का नाम No.ofCalls एवं कार्य की अवधि	कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) अमानती राशि (रु. में) बैंक साल्वेंसी (रू. में)
1	2	3
11 T0103	गार्डन एवं लैण्ड स्केपिंग हेतु सिविल एवं इलेक्ट्रीकल कार्य वार्ड नं.-16 बिलासपुर हेतु । (प्रथम आमंत्रण) दिनांक 31.12.2023 तक	9.90 7425.00 148500.00
11 T0104	जिला चिकित्सालय बिलासपुर में 42 बेडेड पीडियाट्रीक वार्ड में निर्माण एवं रेनोवेशन कार्य । (प्रथम आमंत्रण) दिनांक 31.12.2023 तक	19.57 14678.00 293550.00
11 T0105	सिम्स हॉस्पीटल परिसर में भवनों का मरम्मत कार्य । (प्रथम आमंत्रण) दिनांक 31.12.2023 तक	20.00 15000.00 300000.00
11 T0106	लोक निर्माण विभाग, संभागीय कार्यालय एवं उपसंभाग क्र.-1, बिलासपुर का मरम्मत कार्य । (प्रथम आमंत्रण) दिनांक 31.12.2023 तक	13.00 9750.00 195000.00
11 T0107	कंटीजेन्सी मद अंतर्गत उपसंभाग क्र.-1, बिलासपुर में स्टोर रूम का निर्माण कार्य । (प्रथम आमंत्रण) दिनांक 31.12.2023 तक	5.50 4125.00 82500.00

निविदा संबंधी शर्तें विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है।

नोट :- 1. ई.पी.एफ रजिस्ट्रेशन के साथ 03 माह का चालान अनिवार्य है।
2. छत्तीसगढ़ शासन, लोक निर्माण विभाग, मंत्रालय महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर, जिला- रायपुर (छ.ग.) के आदेश क्र.- एफ 21-5/टी/19/2012 / निविदा नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक 31.07.2020 के अनुसार एनेक्जर I, II and III (बिड केपीसिटी एवं शपथ पत्र) अमानत राशि लिफाफा के साथ प्रस्तुत करना अनिवार्य है, बिड केपीसिटी परीक्षण उपरांत उत्तीर्ण होने पर निविदा खोली जावेगी।

जी-04717/3

कार्यपालन अभियंता
लो.नि.वि., संभाग क्र. 1,
बिलासपुर (छ.ग.)

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा, मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सरोरा रोड, उरला इंडस्ट्रियल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर वर्मा एग्जोटीका फ्लैट नंबर 103, सर्किट हाउस के सामने बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक- प्रमोद शर्मा* प्रबंध संपादक- चन्द्रशेखर धोटे, फोन नंबर : 6262188999, डाक पंजीयन क्रमांक G-2-112/CG/BPL/108/2020-22

11 सूत्रीय मांगों को लेकर भाजपाइयों ने किया कलेक्ट्रेट का घेराव

सुकमा/नवप्रदेश। मंगलवार को भाजपाइयों द्वारा जिला मुख्यालय स्तिथ अटल सदन कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन कर 11 सूत्रीय मांगों को लेकर कलेक्टर कार्यालय का घेराव कर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान पुलिस व भाजपाइयों के बीच जमकर झूमा झटकी हुई। वहीं घेराव को ध्यान में रखते हुए पुलिस ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए थे। इस दौरान हूँगाराम मरकाम, सोयम मुका, दीपिका शोरी, कोरसा सन्नू, संजय सोड़ी, महेंद्र सिंह भदौरिया, जी साई रेड्डी, दिलीप पेद्दी, नुपुर वैदिक, धर्मेंद्र भदौरिया एवं सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे। भाजपा ने नरवा, गरवा, एवं घुरवा बाड़ी योजना के द्वारा गौठानो में गोबर से खाद बनाकर सोसायटी के माध्यम से किसान क्रेडिट कार्ड में नगद ऋण के साथ फर्जी खाद (मिट्टी बोरा) किसानों को अधिक मूल्य पर अमानक खाद क्रय करने हेतु बाध्य जा रहा जिसे तत्काल रोकने, एर्राबोर दुष्कर्म पीड़िता को 50 लाख मुआवजा, जल जीवन मिशन के कार्यों की जांच कर कार्रवाई करने, प्रधानमंत्री आवास की राशि जारी करने, स्थानीय को भर्ती में प्राथमिकता, सी मार्ट का संचालन समूह द्वारा किया जाए, फर्जी निवास के माध्यम से नौकरी पाने वालों पर कार्रवाई, निःशुल्क पट्टा देने, पोलावरम बांध से प्रभावित सुकमा जिले के निवासियों का विस्थापन कर उनका भविष्य सुरक्षित करने, मनरेगा में हुए भ्रष्टाचार की जांच करने की मांग रखा है। भाजपा जिलाध्यक्ष धनीराम बारसे ने कहा कि जिले में अराजकता का माहौल बना हुआ है आज जिले की बहु बेटियां सुरक्षित नहीं है। सरकारी संस्थाओं में पढ़ने वाली छात्राएं स्कूल आश्रम में सुरक्षित नही है। प्रदेश की कांग्रेस सरकार किसानों को खाद की जगह मिट्टी देकर उनके साथ अत्याचार कर रही है। भूपेश बघेल दूसरे प्रदेश में मुआवजा देकर आ जाते हैं परन्तु अपने ही प्रदेश के दुष्कर्म पीड़ितों को मुआवजा देने तो दूर की बात इनके द्वारा मुख्य आरोपियों को संरक्षण देने जा कार्य किया जा रहा है। जनता जान चुकी है जिस कारण मंत्री कवासी लखमा मतदाताओं को साड़ी टिफिन देकर प्रलोभन देने का काम कर रहे हैं। आज हमने 11 सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा है अगर हमारी मांग को त्वरित पूरा नही किया जाता है तो उग्र आंदोलन किया जाएगा।

कांग्रेस सरकार में शहर से लेकर गांव तक जंगल राज : सिंह

■ **बोले- ईडी दंतेवाड़ा में भी कार्रवाई करें**

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। जिला भाजपा महामंत्री धीरेन्द्र प्रताप सिंह ने आरोप लगाया है कि कांग्रेस सरकार में शहर से लेकर गांव तक जंगल राज है। दंतेवाड़ा जिले में भ्रष्टाचार चरम पर है। ईडी को दंतेवाड़ा में भी कार्रवाई कर भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाना चाहिए। पत्रकार वार्ता में सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार ने दंतेवाड़ा को भ्रष्टाचार का अड्डा बनाकर रख दिया है। ग्रामीण पेयजल के लिए तरस रहे हैं। स्कूल, आश्रमों की छत ढहने की कगार पर है। धीरेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि क्रेडा ने जल जीवन मिशन के तहत कटेकल्याण के गुड़से में सोलर टंकी लगायी है, लेकिन महीनों से वह बंद है, इसलिए ग्रामीण खेत का पानी पीने मजबूर हैं। बैठक के सिलसिले में वे सरपंच ने उन्हें इसकी जानकारी दी। ग्रामीणों की उपकरण लगाया है। कमीशनखोरी के चलते यह स्थिति बनी है। कांग्रेसी जन प्रतिनिधि भ्रष्टाचार में डूबे हैं, और इसका खामियाजा ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है। क्रेडा की लगाई स्ट्रीट लाईट भी गीदम & दंतेवाड़ा में खराब पड़ी है। जय स्तंभ चौक की हाई मास्ट लाईट महीनों से खराब है, लेकिन इसे सुधारा नहीं कटेकल्याण गए थे तो गुड़से जिला भाजपा महामंत्री ने का आलम यह है कि यहां कांग्रेस सरकार को घेरा कोई सुनवाई नहीं हो रही कटेकल्याण के गुड़से में खेत खुद उन्हें टेण्डर दिलवा रहे है।

तेलम में स्कूल की छत कभी भी ढह सकती है, इसकी सुध लेने वाला कोई नहीं है। महामंत्री धीरेन्द्र ने पत्रवार्ता में यह भी खुलासा किया कि नगरीय क्षेत्र में बस स्टैंड स्थित पालिका की दुकानों का पट्टा जारी कर दिया गया है, जबकि ये दुकानें पालिका ने 30 वर्ष की लीज पर दुकानदारों को पहले ही आबंटित किया है। पट्टा देते समय पालिका से न कोई जानकारी ली गई और न ही एनओसी ली गई। सर्व आदिवासी समाज को उन दुकानों का पट्टा दे दिया गया है। पालिका में चूंकि भाजपा का कब्जा है, ऐसे में भाजपा और पालिका की छवि धूमिल करने एक साजिश के तहत कांग्रेस के दबाव में ऐसा कृत्य किया गया है, जो निंदनीय है। धीरेन्द्र ने आगे कहा कि जिले में भ्रष्टाचार बाहर के ठेकेदारों को काम दिया जा रहा है और कांग्रेसी कि जिले में जमकर भ्रष्टाचार हो रहा है, ऐसे में ईडी को यहां भी कार्रवाई करनी चाहिए। कांग्रेस सरकार ईडी का विरोध कर रही है। अगर भ्रष्टाचार नहीं होगा तो ईडी कार्रवाई नहीं करेगी। ईडी ने अब तक जितनी कार्रवाई की बकायदा उसके सबूत दिये हैं और न्यायालय में उसे पेश किया गया है।

आपरेशन लोटस फेल, बीजेपी का निकल गया तेल

जनता को मुंह दिखाने के काबिल नहीं रहें : योगेश

जगदलपुर/नवप्रदेश। बस्तर जिले के कांग्रेस पार्टी के प्रवक्ता व आईटी सेल के प्रदेश मीडिया प्रभारी योगेश पानीग्राही ने बीजेपी के अविश्वास प्रस्ताव के ख़ारिज होने पर मीडिया को जारी बयां में कहा कि पूरे भारत वर्ष में अपनी साख खोती बीजेपी बस्तर में ऑपरेशन लोटस चलाना चाहते थे किंतु यह चाल चल नहीं पाई जिससे वह बौखलाहट मे उलूल जुलूल बयानबाजी कर रहे हैं।

पानीग्राही ने आगे कहा कि बीजेपी जो राजनीति में गंदी चाल चलती है और ऑपरेशन लोटस का सहारा लेती है, उसको कांग्रेस के ईमानदार पार्षदों ने बेनकाब कर दिया वरना यह लोग अपनी गंदी राजनीति में सफल हो जाते। लेकिन यह लोग अब जनता को मुंह दिखाने के लायक भी नहीं रह गए। पानीग्राही ने बडबोले नेता पर कटाक्ष करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी के प्रवक्ता व पार्षद आलोक अवस्थी दम्भ भरते थे कि कांग्रेस में टूट है किंतु जिस प्रकार भारतीय जनता पार्टी में ही खेमेबाजी नजर आ रही है, उसके तहत बिना तैयारी के अविश्वास प्रस्ताव पेश कर जगहँसाई के पात्र बन गए। भारतीय जनता पार्टी के पार्षदगण की संख्या 19 और कांग्रेस पार्टी के पास 29 पार्षद है।

भारतीय जनता पार्टी की रीति नीति जो की फूट डालो और राज करो की नीति है जिसके तहत पूरे भारतवर्ष में ऑपरेशन लोटस चलाया जा रहा है। इसी के तहत यह कुत्सित प्रयास भारतीय जनता पार्टी ने किया किंतु वह जनता के सामने बेनकाब हो गए। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता किरण देव जोकि अधिवक्ता है क्या उन्हें यह जानकारी नहीं था कि अविश्वास प्रस्ताव के लिए दो तिहाई बहुमत की आवश्यकता पड़ती है। नेता प्रतिपक्ष संजय पांडे भी मेरी जानकारी के अनुसार ला का कोर्स किए हैं तो क्या उन्हें भी यह ज्ञान नहीं था कि जनता के सामने कांग्रेस के खिलाफ कोई बड़ा आंदोलन नहीं कर पाए और अपनी नाकामी छुपाने के लिए इस प्रकार का कृत्य किया।

योगेश ने आगे कहा कि भारतीय जनता पार्टी के पार्षद दल ने महापौर की कार्यप्रणाली पर अविश्वास प्रस्ताव लाया तो वहां क्यों कांग्रेस से अपेक्षा कर रही है कि वह उसका समर्थन करें। महापौर साफिरा साहू से पूरे पार्षद संतुष्ट है और उन पर विश्वास जताते हैं इसलिए वह उनके साथ तटस्थ थे और शहर विकास के लिए तटस्थ रहेंगे।

डीएवी मुख्यमंत्री स्कूल में राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल, हितावर में मेजर ध्यानचंद जी का 118 वां जन्मदिवस राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप मे मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न प्रकार के खेल जैसे खो-खो, कबड्डी का आयोजन किया गया।

प्राचार्य बी के शर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बताया कि हर साल 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया जाता है. ये दिन हॉकी के दिग्गज खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद के जन्मदिन के मौके पर उन्हें श्रृद्धांजलि देने के लिए मनाया जाता है. हॉकी के दिग्गज खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद की आज, 29 अगस्त 2023 को 118वीं जयंती है.

हॉकी के जादूगर कहे जाने वाले भारत के महान हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद का जन्म 29 अगस्त 1905 को वर्तमान प्रयागराज, यूपी में हुआ था। अपनी बुनियादी शिक्षा प्राप्त करने के बाद, उन्होंने 1922 में एक सैनिक के रूप में भारतीय सेना की सेवा की, उन्होंने 1928, 1932 और 1936 में भारत को तीन ओलंपिक स्वर्ण पदक दिलाए. उन्होंने 1936 के बर्लिन ओलंपिक फाइनल में जर्मनी पर भारत की 8-1 की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी जिसमें वह 3 गोल के साथ टॉप स्कोरर भी बने थे। वह 1928 के एम्स्टर्डम ओलंपिक में अकेले 14 गोल करने वाले खिलाड़ी भी थे।

राजापारा में बच्चों ने खेल प्रतियोगिता में लिया हिस्सा

कांकेर/नवप्रदेश। शा. पूर्व मा. शाला राजापारा टिकरापारा में स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत विद्यायल में खेल दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर अनेकों खेलों का आयोजन किया जिसमें विद्यालयीन बच्चों सहित पालकों ने भी हिस्सा लिया। प्रधानाध्यापक अनिता देहारी ने जीवन में खेलों का महत्व पर प्रकाश डालते हुए पालकों से मतदान का सही उपयोग करने कह सलाह दी। खेल प्रतियोगिता में केरम में कुशल, हर्षित, देवेन्द्र, अनंत रस्सी कूद में आदित्य, देवेन्द्र दौड़ में वैष्णवी, रोशनी, तेजस, भावेश, चानिस शेखर में मिनाक्षी, वैष्ण्वी, राखी बनाओं में स्नेहा, देवेन्द्र ने बाजी मारी। इस अवसर पर अनिता देहारी, पी किरण राव, शोभा गुप्ता, राजेश ठाकुर, दुर्गा वर्मा, गिरीश ठाकूर, प्रिया विनोद, टिनू चंदवानी, कमिता नेताम सहित समस्त स्टॉफ बच्चे एवं पालकगण उपस्थित रहें।

नर्सरी प्रबंधन और खेती कार्यशाला का समापन

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग भारत सरकार द्वारा संचालित भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (एसबीआई आरसेटी) माझीपदर दंतेवाड़ा में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत दंतेवाड़ा के मार्गदर्शन में जिले में महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजनान्तर्गत 100 दिवस कार्य पूर्ण किये मजदूरों का कौशल विकास करने हेतु प्रोजेक्ट उन्नति अंतर्गत सब्जी नर्सरी प्रबंधन एवं खेती कार्य का 10 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया था।

इस प्रशिक्षण समापन कार्यक्रम में अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मिथलेश किसान एवं जिला रोजगार अधिकारी श्री अमित कुमार वर्मा द्वारा किया गया। ज्ञात हो कि इस 10 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में दंतेवाड़ा जिले के विभिन्न पंचायतों के 53 प्रशिक्षार्थियों ने भाग लिया, यह प्रशिक्षण में प्रशिक्षार्थियों को उन्नत कृषि एवं जैविक कृषि सब्जी नर्सरी प्रबंधन रखरखाव उत्पादन व विक्रय करने हेतु प्रशिक्षण प्रदान किया गया प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षणार्थियों को थ्योरिटिकल प्रैक्टिकल एवं खेल के माध्यम से आत्मविश्वास बढ़ाने, जोखिम लेने, समय प्रबंधन, आदि प्रशिक्षण कराया गया। इसके अलावा यह प्रशिक्षण में पूर्णतः निःशुल्क था जिसमें प्रशिक्षणार्थियों के लिए भोजन, हॉस्टल, प्रशिक्षण सामग्री की व्यवस्था थी। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य रोजगार गारंटी योजना में कार्यरत मजदूरों को स्वरोजगार से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाने हेतु प्रोत्साहित किया जाना था। प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षणार्थियों को विभागीय योजनाओं से लाभान्वित करने हेतु कृषि विभाग, उद्यानिकी विभाग, क्रेडा विभाग के अधिकारियों को योजनाओं की जानकारी हेतु प्रशिक्षण में आमंत्रित भी किया गया था। प्रशिक्षण सत्र के दौरान प्रशिक्षणार्थियों को उद्यानिकी विभाग के नर्सरी पुरनतराई का फील्ड विजिट कराया गया था, यह प्रशिक्षण आरसेटी के द्वारा आयोजित किया गया था। इस दौरान नितेश देवांगन, उमेश पाल जिला कार्यक्रम प्रबंधक, धनंजय टंडन, ओम प्रकाश साहू फैकल्टी, रितेश साहू यंग प्रोफेशनल जनपद पंचायत उपस्थित थे। कार्यक्रम समापन के दौरान आगन्तुक अधिकारियों ने उद्बोधन में प्रशिक्षणार्थियों को स्वरोजगार से जोड़ने प्रेरित किया गया एवं प्रशिक्षणार्थियों द्वारा भी स्वरोजगार से जुड़ने हेतु आश्वस्त किया गया, कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित अतिथियों द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरण किया गया।

अवैध प्रेमसंबंध के चलते कर दी हत्या

■ **दो आरोपी हिरासत में, एक की तलाश में जुटी पुलिस**

कांकेर/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल के मार्गदर्शन में अति.पुलिस अधीक्षक प्रशांत शुक्ला तथा अनुविभागीय अधिकारी पुलिस पंखाजूर रविकुमार कुजूर के दिशा निर्देश में थाना गोण्डाहूर क्षेत्र के ग्राम हानफरसी में 8 अगस्त 2023 के रात्रि से मृतक नवरदीप पाण्डे अपने घर से बीना बताये कही चला गया था जो 11अगस्त 2023 को हीरालाल कुजूर के घर बाड़ी के पीछे मृत अवस्था मिला जिसका मर्ग जांच कार्यवाही किया गया मर्ग जांच कार्यवाही दौरान मुतक के परिजनो से पुछताछ पर बताये कि गांव के जेरोमिना तिर्की के घर आना जाना करता था तथा दोनों में प्रेम संबंध था जिस पर मुखबीर तैनात किया गया मुखबीर के अनुसार छत्रपाल सिंह कवर थाना प्रभारी थाना गोंडाहूर के नेतृत्व में थाना गोण्डाहूर की टीम गठित की गई जिसमें प्रधान आरक्षक समोद शर्मा बाबूलाल गावडे आरक्षक चंदन कुलदीप ईश्वर सिंह मरकाम गुलशन मण्डावी रघुवीर शोरी संदेश कोराम के द्वारा मुखबीर एवं मृतक के घर वाले से पूछताछ पर बताये अनुसार जेरोमिना तिर्की ग्राम हानफरसी के घर आना जाना रहता था तथा दोनों में प्रेम संबंध था प्रेम संबंध के चलते जेरोमिना तिर्की एवं इनके देवर संजू तिर्की व ब्रिज तिर्की एक राय होकर जान से मारने के नियत से रात में बुलाकर घर में रखे ईट से मृतक के पीठ पर मारा जिससे मृतक गिर गया उसके बाद घर के मीटर से बिजली करेट लगाकर हत्या कर साक्ष्य सबूत छिपाने के लिये लाश को घर बाडी से कुछ दूर में हीरालाल कुजूर के घर बाडी के पीछे फेक दिया था आरोपियों के विरूद्ध पर्याप्त साक्ष्य सबूत पाये जाने से संजू तिर्की व ब्रिज तिर्की पर अपराध के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है। प्रकरण के आरोपिया जेरोमिना तिर्की वर्तमान में फरार बताया जा रहा है। जैरोमिना तिर्की की पतासाजी में पुलिस लगी हुई है।

जिले के ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में शिशु संरक्षण माह प्रारंभ

■ **विटामिन ए आयरन फोलिक एसिड की खुराक पिलाने कलेक्टर ने की अपील**

कांकेर/नवप्रदेश। जिले के ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में 29 अगस्त से 29 सितंबर तक आयोजित होने वाले शिशु संरक्षण माह के सफल क्रियान्वयन के लिए कलेक्टर डॉ प्रियंका शुक्ला की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग तथा महिला एवं बाल विकास विभाग सहित अन्य विभागीय अधिकारियों की जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई। इस अभियान के दौरान जिले के 06 माह से 05 वर्ष तक आयु समूह के सभी बच्चों को आयरन फॉलिक एसिड सिरप सप्ताह में दो बार तथा 09 माह से 05 वर्ष आयु समूह के सभी बच्चों को विटामिन ए सिरप की खुराक प्रत्येक छः माह में एक बार पिलाने में सहयोग करने के लिए निर्देशित किया गया। कलेक्टर ने जिले के नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि शिशु संरक्षण माह के अंतर्गत शत-प्रतिशत उपलब्धि प्राप्त करने हेतु 09 माह से 05 वर्ष तक आयु के सभी बच्चों को विटामिन ए तथा 06 माह से 05 वर्ष तक आयु के सभी बच्चों को आयरन फोलिक एसिड की खुराक देने में सहयोग प्रदान करें।

श्रमिक आवास सहायता योजना का लाभ लेने हेतु आवेदन आमंत्रित

नारायणपुर/नवप्रदेश। श्रम विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार छत्तीसगढ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल द्वारा पंजीकृत निर्माण श्रमिकों को उनके बेहतर जीवन-यापन करने हेतु स्वयं के भूखंड पर आवास निर्माण अथवा नवीन आवास क्रय करने हेतु आर्थिक सहायता दिया जाएगा। इस योजना का लाभ लेने हेतु हितग्राही को मंडल के अंतर्गत पंजीकृत ऐसे श्रमिक जिनकी निरंतर 03 वर्ष पूर्व का जीवित पंजीयन, श्रमिक के पास छत्तीसगढ़ प्रदेश में किसी भी स्थान पर स्वयं अथवा परिवार के सदस्यों के नाम से आवास ना होना अनिवार्य है। पति व पत्नी दोनों के मंडल में पंजीकृत हितग्राही होने की स्थिति में योजना के तहत् केवल एक ही हितग्राही को आवास के लिए अनुवृत्ति (सब्सिडी) प्राप्त हो सकेगा।

उक्त योजना के तहत् पंजीकृत निर्माण श्रमिक द्वारा स्वंय के भूखण्ड पर आवास निर्माण अथवा नवीन निर्मित आवास क्रय करने पर आवश्यक अभिलेख जैसे - भूखण्ड का दस्तावेज, नवीन आवास क्रय का दस्तावेज, आवास निर्माण से संबंधी जानकारी या क्रय आवास निर्माण आवास अनुबंध की मूल स्कैन प्रति के आधार पर निर्माण श्रमिक के द्वारा आवेदन किया जाता है। साथ ही योजनांतर्गत निर्माण श्रमिक या उनके परिवार में किसी भी सदस्य का किसी भी स्थान पर स्वयं का आवास ना होने के संबंध में शपथ पत्र के जमा करना अनिवार्य होगा। इस योजना का लाभ पूरे जीवन काल में एक ही बार देय होगा। हितग्राही इस संबंध में अधिक जानकारी हेतु कार्यालय कलेक्टर, श्रम विभाग, कक्ष क्रमांक 42 से संपर्क कर सकते हैं।

बेरोजगारी भत्ता योजना से 1162 युवाओं को जोड़ा गया

कांकेर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बेरोजगारी भत्ता योजना के हितग्राहियों को पांचवीं किस्त की राशि का अंतरण किया। राज्य के 01 लाख 29 हजार 886 हितग्राहियों के खाते में 34 करोड़ 55 लाख 65 हजार रूपये की राषि जारी किया गया। इस योजना के तहत राज्य में अब तक 146 करोड़ 98 लाख 95 हजार रूपये की राशि जारी किया जा चुका है। इस योजना से कांकेर जिले के 5,476 हितग्राही भी लाभान्वित हुए हैं, उनके खाते में डायरेक्ट बैंक ट्रांसफर के माध्यम से 2500-2500 रूपये की राशि अंतरित की गई। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा आईटीआई के प्रशिक्षण अधिकारियों को नियुक्त पत्र भी प्रदान किया गया, इससे कांकेर जिले के 03 युवा भी लाभान्वित हुए है। कांकेर तहसील के ग्राम दसपुर निवासी तरूण कुमार साहू, तहसील नरहरपुर के ग्राम आंखीहर्रा निवासी परिवर्तन और तहसील भानुप्रतापपुर के ग्राम गढ़बांसला निवासी किशोर कुमार राणा को भी आईटीआई में प्रशिक्षण अधिकारी की नौकरी मिली है, उन्हें कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला द्वारा शासकीय नौकरी का नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर कांकेर तहसील के ग्राम बुदेली निवासी गितेष कुमार मण्डावी को बाम्बे इंटेलीजेन्स सिक्यूरिटी रायपुर में सुरक्षा गार्ड की नौकरी के लिए नियुक्त पत्र प्रदान किया गया। कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला ने बताया कि बेरोजगारी भत्ता प्राप्त करने वाले जिले के युवाओं को कौशल उन्नय का प्रशिक्षण भी प्रदान किया जा रहा है, साथ ही रोजगार से जोड़ने के लिए रोजगार मेला आयोजित की जा रही है। जिले में अब तक 1162 युवाओं को रोजगार से जोड़ा जा चुका है।

बेरोजगारी भत्ता योजना के हितग्राहियों को राशन का अंतरण के लिए कलेक्ट्रेट के एनआईसी कक्ष में आज वर्चुअल कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुमीत अग्रवाल, जिला रोजगार अधिकारी बीआर ठाकुर, लाइवलीहुड कॉलेज गोविंदपुर के प्राचार्य सुनील नेताम, महिला आईटीआई कांकेर के प्राचार्य सुरेश कुमार ध्रुव सहित बेरोजगारी भत्ता प्राप्त करने वाले युवा भी मौजूद थे।

युवाओं ने दिया मुख्यमंत्री को धन्यवाद

बेरोजगारी भत्ता योजना से लाभान्वित होने पर कांकेर के शीतला पारा निवासी रानी विश्वकर्मा ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इससे उन्हे अपने भविष्य के निर्माण में सहुलियत होगी, पहली बार उन्हें बेरोजगारी भत्ता की राशि जारी की गई है। बीए तक पढाई के बाद टैली का प्रशिक्षण प्राप्त करना चाहती है। ग्राम आतुरगांव निवासी फरसराम चतुर्वेदी तथा ग्राम पटौद निवासी अर्चना को भी बेरोजगारी भत्ता योजना के प्रथम किस्त की राशि जारी की गई, जिस पर उन्होंने खुशी का इजहार करते हुए मुख्यमंत्री को बधाई देते हुए कहा कि इससे उन्हे प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए आवश्यक पुस्तकें खरीदने में मदद मिलेगी।

दैनिक नवप्रदेश
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश
छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव 2023

रायपुर ग्रामीण विधानसभा में पिता की विरासत संभालेंगे पंकज!

जगदीश पटेल

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर जिले को कुल चार विधानसभा सीटों में बांटा गया है। रायपुर ग्रामीण, रायपुर नॉर्थ सिटी, रायपुर साउथ सिटी, रायपुर वेस्ट सिटी। इन चारों सीटों का अपना महत्व है, हर सीट पर नए समीकरण देखने को मिलते हैं। इनमें रायपुर ग्रामीण विधानसभा सीट चर्चा में बनी रहती है। इसके चर्चा में रहने का कारण मध्यप्रदेश शासन में कई बार मंत्री रहे कांग्रेस के दिग्गज नेता सत्यनारायण शर्मा यहां से चुनाव लड़ते हैं। साल 2008 में परिसीमन के बाद रायपुर ग्रामीण विधानसभा अस्तित्व में आई। जो कि कांग्रेस का गढ़ मानी जाती है। यहां वर्तमान में सत्यनारायण शर्मा विधायक हैं। लेकिन वक्त के साथ-साथ रायपुर ग्रामीण में न सिर्फ दावेदारों की संख्या बढ़ती जा रही है, बल्कि 2023 में इस सीट पर नए चुनावी समीकरण भी देखने को मिलेंगे। दरअसल, इस बार यहां सत्यनारायण शर्मा चुनाव नहीं लड़ेंगे। उन्होंने अपने बेटे पंकज शर्मा को यह सीट सौंप दी है। कांग्रेस के वरिष्ठ व दिग्गज नेता सत्यनारायण शर्मा ने चुनाव न लड़ने को लेकर मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि वे राजनीति से संन्यास नहीं ले रहे। मैं 7 बार लगातार चुनाव लड़ चुका हूं। 35 साल से विधायक हूं। हमने तय किया है कि परिवार का कोई एक ही सदस्य चुनाव लड़ेगा। इस बार मेरी जगह पंकज शर्मा ने टिकट के लिए आवेदन किया है। पार्टी ने जो प्रक्रिया निर्धारित की है, पंकज उस प्रक्रिया का पालन कर रहे हैं। मुझे पार्टी ने कुछ नहीं कहा है। यह मेरी नैतिक जिम्मेदारी है कि मैं और पंकज दोनों ही एक स्थान से आवेदन न करें। हमारे परिवार ने तय किया है कि कोई एक ही सदस्य चुनाव लड़ेगा। पंकज चुनाव लड़ रहा है। मैं पूरी सक्रियता के साथ चुनाव में काम करूंगा। आसपास की 1-2 और विधानसभा सीटों पर काम करूंगा।

रायपुर ग्रामीण विधानसभा सीट के मुद्दे और समस्याएं

रायपुर ग्रामीण विधानसभा सीट पर प्रदूषण की समस्या मूल समस्या है। खासकर औद्योगिक क्षेत्र में बढ़ता प्रदूषण यहां चिंता का विषय है. इस बढ़ते प्रदूषण के कारण स्थानीय लोगों के स्वास्थ्य पर भी बुरा प्रभाव पड़ रहा है जिसे लेकर अब तक विधानसभा क्षेत्र में कोई बड़ा काम नहीं किया गया है। यही वजह है कि बढ़ता प्रदूषण लोगों के लिए परेशानी का सबब बनता जा रहा है। क्षेत्र में भारी वाहनों की आवाजाही भी लोगों के लिए मुसीबत खड़ी करती है। इस विधानसभा के अंतर्गत कई क्षेत्रों में पीने के पानी की समस्या है। कुछ जगहों पर लोग बोरिंग का पानी पीने को मजबूर हैं. यानी कि यहां पेयजल की समस्या भी बड़ा मुद्दा है। सड़कों की स्थित खराब है। यहां बिजली की समस्या भी बड़ा चुनावी मुद्दा है। खासकर ग्रामीण क्षेत्र होने की वजह से कई जगहों पर आज भी खंभों पर स्ट्रीट लाइट नहीं लगी है।

पंकज शर्मा

नंदे साहू

रायपुर ग्रामीण विस सीट की अहमियत

साल 2008 में सीमांकन के बाद रायपुर ग्रामीण विधानसभा सीट पर चुनाव में भाजपा ने जीत हासिल की थी। भाजपा से नंदे साहू विधायक चुने गए थे। उन्होंने सत्यनारायण शर्मा को हराकर इस सीट पर कब्जा किया था। उसके बाद इस सीट पर साल 2013 और साल 2018 में सत्यनारायण शर्मा ने जीत हासिल की। सत्यनारायण शर्मा पहली बार 1990 में विधायक बने थे। उसके बाद 1993, 1998, 2003, 2013 और फिर 2018 में वे सातवीं बार विधायक चुने गए। सत्यनारायण शर्मा मध्यप्रदेश शासन के दौरान खनिज साधन एवं पर्यावरण विभाग के राज्य मंत्री रहे। साल 1998 में मध्य प्रदेश शासन के दौरान जनसंपर्क मंत्री रहे। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ गठन के बाद साल 2000 में छत्तीसगढ़ शासन में उच्च शिक्षा मंत्री रहे।

रायपुर शहर के चारों तरफ विस का फैलाव

रायपुर ग्रामीण विधानसभा का फैलाव रायपुर शहर के चारों तरफ है। इस विधानसभा क्षेत्र से रायपुर शहर के उत्तर, दक्षिण और पश्चिम सीट के साथ अभनपुर और धरसींवा विधानसभा का क्षेत्र भी लगा हुआ है। यही कारण है कि ये विधानसभा काफी बड़ा है। इस विधानसभा के अंतर्गत कई औद्योगिक क्षेत्र भी आते हैं, जिसमें बीरगांव, उरला, उरकुरा और गोगांव जैसे दर्जनों औद्योगिक क्षेत्र शामिल हैं। इसलिए औद्योगिक परिपेक्ष में भी ये विधानसभा काफी महत्वपूर्ण है।

जातिगत समीकरण का कोई असर नहीं

कहने को तो रायपुर ग्रामीण विधानसभा ओबीसी बाहुल्य क्षेत्र है। शायद यही वजह थी कि भाजपा पिछले 3 बार से ओबीसी के उम्मीदवार को मैदान में उतार रही है। लेकिन यहां यह फैक्टर काम करता नजर नहीं आ रहा है। क्योंकि साल 2008 को छोड़ दिया जाए तो उसके बाद दोनों बार सत्यनारायण शर्मा ने जीत हासिल की है। वह सामान्य श्रेणी से आते हैं। यहां पर ओबीसी के ज्यादा मतदाता होने के बावजूद सामान्य श्रेणी से आने वाले सत्यनारायण शर्मा जीत हासिल कर रहे हैं यानी कि इस सीट पर जातिगत समीकरण का कोई खास असर देखने को नहीं मिलता है।

2003 से 2018 तक विस चुनाव के आंकड़े

2003 के नतीजे	2008 के नतीजे	2013 के नतीजे	2018 के नतीजे
राजेश मूणत भाजपा कुल वोट मिले 1,04,448	नंदकुमार साहू भाजपा कुल वोट मिले 46,535	सत्यनारायण शर्मा कांग्रेस कुल वोट मिले 70,774	सत्यनारायण शर्मा कांग्रेस कुल वोट मिले 78,468
तरूण चटर्जी कांग्रेस कुल वोट मिले 66,449	सत्यनारायण शर्मा कांग्रेस कुल वोट मिले 43,556	नंदे साहू भाजपा कुल वोट मिले 68,913	नंदे साहू भाजपा कुल वोट मिले 68,015

मतदाताओं पर एक नजर

कुल मतदाता	2,83,125
पुरूष मतदाता	1,49,722
महिला मतदाता	1,33,350
थर्ड जेंडर मतदाता	53

2-3 दिन में जारी हो जाएगी बीजेपी उम्मीदवारों की दूसरी लिस्ट

28 नामों पर लगेगी मुहर

रायपुर/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी के विधानसभा उम्मीदवारों की पहली सूची के बाद अब छत्तीसगढ़ में फिर सियासी सुगबुहाट शुरू हो गई है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह आज एक सितंबर को फिर से राजधानी रायपुर का दौरा करने वाले हैं। इस दौरान वह दूसरी सूची के उम्मीदवारों पर एक गहन चर्चा करेंगे। यह बैठक रायपुर के बीजेपी मुख्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में आहूत की जाएगी। माना जा रहा है कि इस बैठक में दूसरी लिस्ट को लेकर आखिरी स्तर की चर्चा की जाएगी। इसके बाद अमित शाह दिल्ली लौटकर वहां केंद्रीय चुनाव समिति बैठक में हिस्सा लेकर 3 या 4 सितंबर को लिस्ट जारी कर सकते हैं। बीजेपी अपनी दूसरी लिस्ट में 28 से 30 उम्मीदवारों के नाम की घोषणा कर सकती है। छत्तीसगढ़ के प्रभारी ओम माथुर ने कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में तीन दिन पहले एक अहम बैठक ली थी। इसमें लगभग कई नामों पर मोहर लग चुकी है। इस अहम बैठक के बाद वह छत्तीसगढ़ के सह प्रभारी नितिन नबीन के साथ दिल्ली रवाना हो गए।

बताया जा रहा है कि ऐसे कुल 55 नाम हैं जिन पर गहन चर्चा हुई इनमें से 21 नामों की घोषणा पहली सूची में की जा चुकी है। वहीं, बचे हुए नामों की घोषणा सितंबर के शुरुआत दिनों में कर दी जाएगी। बता दें कि इन 55 सीटों पर पिछली बार भारतीय जनता पार्टी को हार प्राप्त हुई थी।

टीएस सिंहदेव अकेले नहीं, हाईकमान से तय होगा टिकट : बृहस्पत सिंह

अंबिकापुर/नवप्रदेश। सरगुजा संभाग में टिकट वितरण को लेकर प्रत्याशियों का चयन दिल्ली हाई कमान करेगी। टीएस सिंहदेव प्रत्याशी चयन के लिए अकेले नहीं हैं। स्क्रीनिंग कमेटी में 18 से 20 सदस्य हैं। स्क्रीनिंग कमेटी के मेंबर उम्मीदवारों की सूची बनाकर हाई कमान को सौंपेंगे, जिस पर हाई कमान की मुहर लगेगी।रामानुजगंज से रायपुर के लिए निकले बृहस्पति सिंह ने अंबिकापुर सर्किट हाउस में पत्रकारों से चर्चा के दौरान डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव द्वारा उन्हें लेकर राजपुर के कार्यक्रम में दिए गए बयान को लेकर कहा कि आदरणीय महाराज साहब बहुत विद्वान हैं। पीढ़ी दर पीढ़ी वे हमारे राजा महाराजा रहे हैं। हम

उनकी प्रजा हैं। वे जो भी बोलते हैं, बहुत सोच समझकर बोलते हैं। उन्होंने जो भी बोला होगा, सोच समझकर बोला होगा, इसका जवाब वे ही देंगे। आगे कहा कि छत्तीसगढ़ में सरकार बनाने की जवाबदेही उनकी है। वे जो भी बोले होंगे, सोच समझकर बोले होंगे। महाराज साहब अकेले नहीं है। स्क्रीनिंग कमेटी में 18-20 मेंबर हैं। इसमें प्रदेश के प्रभारी सहित कई मंत्री हैं।

हमारी प्रक्रिया है कि सारी सूची बनकर दिल्ली जाती है। हमारी प्रक्रिया है कि जो भी निर्णय हो, सभी को सर्वमान्य होता है, चाहे मंत्री हों, मुख्यमंत्री हों, कार्यकर्ता हों। विधायक बृहस्पति सिंह ने कहा कि सभी नेताओं को कांग्रेस से टिकट मांगने का हक है। हाईकमान को तय करना है कि किसे कहां से जीताकर लाना है। महापौर डॉ. तिर्की मेरे मित्र हैं। मेरी जानकारी में वे तीन-चार चुनाव से दावेदारी कर रहे हैं। दावेदारी करना एक पदाधिकारी, कार्यकर्ता होने के नाते उनका हक है।

जानिए टीएस ने क्या कहा था

तीन दिनों पूर्व राजपुर में आयोजित कार्यक्रम में टीएस सिंहदेव ने कहा था कि मुझे जितना गरियाना है गरिया लो, लेकिन महाराज साहब, महारानी साहिबा को सार्वजनिक मंच से कोई कुछ भी बोलेगा तो समझौता नहीं हो सकता। घर में जो बोलना है बोलिए, लेकिन मंच से दोनों के बारे में कुछ भी बोलेंगे तो मेरी तरफ से समझौता नहीं होगा। आज तक व्यक्तिगत तौर पर कई लोगों ने क्या किया, लेकिन मैंने कभी कुछ नहीं किया। मैंने उसे राजनीति के क्षेत्र में नहीं आने दिया। लेकिन आज छत्तीसगढ़ में एक ऐसी घटना घटी है। जिसमें सीमा पार कर किसी ने मेरे उपर आरोप लगाया। जान के खतरे का आरोप लगाया है। वहां समझाता नहीं हो सकता। आगे क्या होगा वो पब्लिक जाने, पार्टी जाने, लेकिन मेरी तरफ से समझौता नहीं हो सकता। डिप्टी सीएम ने अपने बयान में भले ही कोई नाम नहीं लिया, लेकिन उनका इशारा सीधे रामानुजगंज के कांग्रेस विधायक बृहस्पति सिंह की ओर था। बृहस्पति सिंह ने सिंहदेव पर जान से मारने की साजिश में शामिल होने का आरोप लगाया था। मामला विधानसभा में भी उठा था, जिसमें बृहस्पति सिंह ने सिंहदेव से माफी मांग ली थी।

कांग्रेस ने मीडिया विभाग की नई सूची जारी की

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ विधानसभा के चुनाव के दौरान कांग्रेस ने मीडिया विभाग की नई सूची जारी की है। इसके साथ ही संयुक्त सचिवों की भी नियुक्ति की गई है।

सूची में ज्यादातर पुराने और अनुभवी नेताओं को तरजीह दी गई है। नई सूची के मुताबिक, सुशील आनंद शुक्ला को संचार विभाग के अध्यक्ष की जिम्मेदारी दोबारा दी गई है। जबकि वरिष्ठ प्रवक्ताओं में सुरेंद्र शर्मा, शिशुपाल शोरी, आरपी सिंह, धनंजय सिंह ठाकुर, घनश्याम राजू तिवारी, सुरेंद्र वर्मा और नीता लोधी को जगह मिली है। लिस्ट में 19 नेताओं को प्रवक्ता और टीवी डिबेट के लिए 39 मीडिया पैनेलिस्ट बनाए गए हैं। वहीं 7 लोग मीडिया समन्वयक बनाए गए हैं। इसके अलावा संयुक्त सचिवों की भी लम्बी लिस्ट जारी की गई है।

ओपी रायगढ़ और टेकाम का केशकाल से चुनाव लड़ना तय

रायपुर/नवप्रदेश। बीजेपी के विधानसभा उम्मीदवारों की दूसरी सूची जल्द जारी होने वाली है। इस लिस्ट में कई चौंकाने वाले नाम फिर हो सकते हैं, लेकिन बीजेपी के कुछ ऐसे कद्दावर नेता हैं जिन्हें फिर से पार्टी टिकट देगी। वहीं यह भी कहा जा रहा है कि जिन-जिन हाई प्रोफाइल लोगों की पार्टी में एंट्री हुई है, उनको टिकट जरूर मिलेगा। पूर्व आईएएस नीलकंठ टेकाम ने भी कुछ दिन पहले ही भारतीय जनता पार्टी में एंट्री ली है। माना जा रहा है कि पार्टी उन्हें केशकाल विधानसभा सीट से चुनाव लड़ा सकती है। इस क्रम में सतनामी धर्म गुरु बलदेव के बड़े पुत्र खुशवंत साहब का नाम भी शामिल है। खुशवंत साहब ने आरंग विधानसभा सीट से चुनाव लड़ने की इच्छा जाहिर की। सतनामी समाज में एक बड़ा नाम होने के नाते खुशवंत साहब का आरंग से चुनाव लड़ना तय है। आरंग से लगे रायपुर संभाग की उत्तर विधानसभा सीट की अगर बात करें तो वहां बीजेपी इस बार किसी सिंधी समाज के लिए टिकट देने की मन बना रही है। पूर्व विधायक श्रीचंद सुंदरानी का नाम सूची में ऊपर है। वहीं, रायपुर दक्षिण की बात करें तो बृजमोहन अग्रवाल के विपरीत किसी ने अपनी उम्मीदवारी नहीं जताई है। क्योंकि विधायक रहे बृजमोहन अग्रवाल भाजपा के दूसरे नंबर के सबसे बड़े नेता हैं और दक्षिण में पार्टी के

पास कोई और विकल्प नजर नहीं आता। इसके अलावा, रायपुर पश्चिम की बात करें तो आशु चंद्रवंशी का नाम काफी आगे चल रहा है। वहीं पूर्व विधायक और पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेश राजेश मूणत भी अपनी दावेदारी पश्चिम विधानसभा सीट से कर रहे हैं। धमतरी जिले की कुरूद विधानसभा की बात करें तो यहां अजय चंद्राकर की काफी अच्छी पकड़ है। चंद्राकर भारतीय जनता पार्टी के धाकड़ नेता भी माने जाते हैं। लेकिन उनको कुरूद से टिकट मिलने पर एक बहुत बड़ा संदेह है। तीन बार कैबिनेट मंत्री बने रहे अजय चंद्राकर को हो सकता है कि इस बार 2024 के लोकसभा चुनाव में लड़या जाए। वहीं ओपी चौधरी का इस बार रायगढ़ से चुनवा लड़ना तय है। पिछली बार वे खरसिया से चुनाव लड़े थे।

मलकीत सिंह गैंदू ने प्रभारी महामंत्री का लिया पदभार

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने नव नियुक्त प्रदेश प्रभारी महामंत्री प्रशासन एवं संगठन मलकीत सिंह गैंदू को पदभार दिलाया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मलकीत सिंह गैंदू को प्रशासन महामंत्री एवं संगठन प्रभारी बनने की बधाई दी। बड़ी जिम्मेदारी है हम सब मिलकर इस जिम्मेदारी का निर्वहन करेंगे। संकल्प शिविर कार्यक्रम चल रहा है। ब्लॉकों में प्रत्याशी आवेदन की प्रक्रिया चल रही है। 2 सितंबर का पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी का कार्यक्रम, 8 सितंबर को राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का कार्यक्रम की तैयारी करनी है। प्रदेश में ट्रेन बंद है।

रायगढ़ में खदानों को केंद्र सरकार अडानी को बेच रहे है। नगरनार संयंत्र नीलामी की प्रक्रिया निकल गयी है। महंगाई चरम सीमा पर है इसके खिलाफ आंदोलन करना है। पदभार ग्रहण समारोह में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने निवृर्तमान प्रभारी महामंत्री रवि घोष के कार्यों की प्रशंसा की एवं आभार जताया। उन्होंने कहा गैंदू के कंधो में बड़ी जवाबदारी है। उन्हें सभी को साथ लेकर चलना है।

राजस्थान के सीएम गहलोत ने सीएम भूपेश को लिखी चिट्ठी, बिजली संकट की आंशका

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को राजस्थान सीएम गहलोत ने चिट्ठी लिखी है। जिसमें उन्होंने परसा कोल ब्लॉक में जमीन के आबंटन को जल्द सौंपने की मांग की है। उन्होंने लिखा कि छत्तीसगढ़ राज्य ने राजस्थान विद्युत उत्पादन निगम को अपनी ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए कोयला खदानों की जमीन आवंटित की है। जिसमें चरणबद्ध तरीके से शेष 91.21 हेक्टेयर भूमि अब तक सौंपी नहीं गई है। जिससे राजस्थान में बिजली का संकट पैदा होने की संभावना है। उन्होंने सीएम बघेल से निवेदन किया है कि बची हुई आवंटित जमीन को सौंपने का आदेश जल्द जारी करें। दरअसल, राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड अपनी बिजली की जरूरत पूरी करने के लिए

सरगुजा स्थित पीईकेबी खदान से कोयला खरीदता है। इसके साथ ही वो क्षेत्र के लोगों के विकास के लिए भी कार्य करता है। लेकिन बीते कुछ समय से खनन के लिए अतिरिक्त जमीन मिलने में देरी और खदान के सुचारू संचालन न होने से राजस्थान सरकार को बिजली संकट का भय सताने लगा है। इसके लिए उन्होंने कई बार छत्तीसगढ़ के प्रशासनिक अधिकारियों को पत्र लिखा है। बावजूद अब तक कोई रास्ता नही निकल पाया है।

कई गांव भी है पूरी तरह निर्भर

पीईकेबी की इस कोयला खदान में आसपास के घाटबर्रा, परसा, साल्ही, जनार्दनपुर, फ्तेहपुर जैसे 10 गांवो के उपसरपंच और सरपंचों ने भी ज्ञापन सौंपा था। यहां के स्थानीय लोगों का मानना है कि इस खदान के होने से आसपास विकास हो रहा है। अब जब यहां कोयला खनन के लिए जमीन की कमी हो गयी है तो ये ग्रामीण आंदोलन कर जिले के कलेक्टर से लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री तक को पत्र दे चुके हैं। उन्होंने इस खदान पर निर्भर लोगों के आर्थिक सुरक्षा को लेकर राहुल गांधी की भारत जोड़े यात्रा के दौरान भी उन्हें इंदौर जाकर ज्ञापन सौंपा था।

100 बिस्तर अस्पताल खोलने की तैयारी

जिसमें उन्होंने कहा था कि बीते 10 सालों से परसा ईस्ट एवं कांता बासन कोयला खदान का संचालन किया जा रहा है। जिसमें स्थानीय लोगों के परिवारों की रोजी-रोटी चलती है। इनके क्षेत्र में खदान खोलने से पहले रोजगार शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाएं नहीं थी। लेकिन इस पीईकेबी कोयला खदान के चलते यहां के युवाओं का पलायन रुका है। यहां हजारों लोग प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार से जुड़े हुए हैं। इसके साथ ही राजस्थान विद्युत निगम के यहां 100 बिस्तरों अस्पताल भी खोलने वाली है। इसके अलावा यहां कंपनी द्वारा अंग्रेजी माध्यम के केंद्रीय स्कूल भी चलाए जा रहे हैं जहां बच्चों को मुफ्त की शिक्षा और सुविधाएं मिलती है। लेकिन वर्तमान में कंपनी को नई जमीनें उपलब्ध नहीं होने से इस खदान से अब बड़ी मशीनें वापस भेजी जा रही है। जिससे खदान के बंद होने की संभावना है।

मैं 50 ओवर के प्रारूप को समझने की कोशिश करूंगा : सूर्यकुमार

बेंगलुरु। भारत के मध्यक्रम के बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव ने कहा कि वह आगामी एशिया कप से पहले 50 ओवर के प्रारूप में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने की कोशिश करेंगे। उन्होंने कहा कि वह मुख्य कोच राहुल द्रविड़ के साथ बातचीत कर रहे हैं और इस संबंध में कप्तान रोहित शर्मा और करिश्माई बल्लेबाज विराट कोहली भी शामिल हैं।

शीर्ष क्रम के टी20 बल्लेबाज सूर्यकुमार ने 26 एकदिवसीय मैच खेले हैं और 101.38 के स्ट्राइक-रेट के साथ उनका औसत केवल 24.33 है। दाएं हाथ के बल्लेबाज ने वेस्टइंडीज के खिलाफ हालिया वनडे में 19, 24 और 35 के स्कोर बनाए और इससे पहले, वह मार्च में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू मैदान पर लगातार तीन पहली गेंद पर शून्य पर आउट हुए थे। सूर्यकुमार ने स्टार स्पोर्ट्स से कहा, मुझे लगता है कि जो भूमिका मुझे दी जाएगी, मैं उस भूमिका को बनाए रखने की कोशिश करूंगा, और अगर यह कोई बदली हुई भूमिका है तो मैं कोशिश करूंगा और वह करूंगा। लेकिन हां, यह एक ऐसा प्रारूप है जिसमें मैं वास्तव में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए उत्सुक हूं। हर कोई कह रहा है कि 'टी20 मेरे लिए अच्छा चल रहा है, दोनों सफेद गेंद का क्रिकेट है लेकिन मैं 50 ओवर के प्रारूप में कोड को क्रैक क्यों नहीं कर पा रहा हूं।' लेकिन, मैं अपना अभ्यास कर रहा हूं क्योंकि मेरे अनुसार, यह प्रारूप सबसे चुनौतीपूर्ण है।इसके पीछे कारण यह है कि यहां आपको बाकी 3 फॉर्मेट की तरह ही खेलना होता है। सबसे पहले शांति और धैर्य के साथ स्थापित होकर, फिर स्ट्राइक को अच्छी तरह से घुमाकर, इसके बाद अंत में टी20 गेमप्ले।उन्होंने आगे कहा, तो, इस प्रारूप में संतुलन बहुत महत्वपूर्ण है, और इसी कारण से, मैं बहुत अभ्यास कर रहा हूं और राहुल सर, रोहित भाई और विराट भाई के साथ इस संबंध में बातचीत भी कर रहा हूं। उम्मीद है, इस टूर्नामेंट के आगे बढ़ने के साथ, मैं इस फॉर्मेट में बेहतर प्रदर्शन करूंगा। दाएं हाथ के बल्लेबाज को उम्मीद है कि बेंगलुरु में चल रहे कैंप में उनकी कड़ी मेहनत उन्हें एशिया कप में वनडे कोड हासिल करने में मदद करेगी।मैं बस अपना इरादा बनाए रखने की कोशिश कर रहा हूं और कम से कम उसी दृष्टिकोण को अपनाने की कोशिश कर रहा हूं क्योंकि जब आप इस खेल को खेल रहे हों तो अपने दृष्टिकोण पर कायम रहना बहुत महत्वपूर्ण है। लेकिन मैं स्थिति के साथ खेलने की कोशिश कर रहा हूं।उदाहरण के लिए, अगर मैं 30वें ओवर में बल्लेबाजी करने जा रहा हूं और 20 ओवर बचे हैं, तो शुरू से ही मैं अपना खेल नहीं खेल सकता, जैसा कि मैं टी20 में खेलता हूं। इसलिए मुझे उस स्थिति से खेलना होगा। इसलिए मैं इस प्रारूप को डिकोड करने के लिए अपना अभ्यास कर रहा हूं और उम्मीद है कि मैं जिस तरह की तैयारी कर रहा हूं, उससे मैं इसे डिकोड कर पाऊंगा।सूर्यकुमार ने कहा कि मैच में स्थिति चाहे जो भी हो, वह हमेशा किसी भी चीज के लिए तैयार रहते हैं।

स्मृति ईरानी ने स्वर्ण पदक विजेता महिला ब्लाइंड क्रिकेट टीम को किया सम्मानित

नई दिल्ली। महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी ने बर्मिंघम में इंटरनेशनल ब्लाइंड स्पोर्ट्स फेडरेशन (आईबीएसए) वर्ल्ड गेम्स 2023 में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय महिला ब्लाइंड क्रिकेट टीम को सम्मानित किया। भारतीय महिला ब्लाइंड क्रिकेट टीम ने वर्ल्ड गेम्स में अपने शानदार प्रदर्शन से शनिवार को ऑस्ट्रेलिया को 9 विकेट से हरा दिया। टीम के यहां पहुंचने पर क्रिकेट खिलाड़ियों के साथ-साथ क्रिकेट एसोसिएशन फॉर ब्लाइंड इन इंडिया के अधिकारियों का जोरदार स्वागत किया गया। आगमन के बाद भारतीय महिला ब्लाइंड क्रिकेट टीम ने स्मृति ईरानी से मुलाकात की, जहां केंद्रीय मंत्री ने देश के लिए स्वर्ण पदक जीतने के लिए पूरे दल को सम्मानित किया। स्मृति ईरानी ने एक बयान में कहा, भारतीय महिला ब्लाइंड क्रिकेट टीम ने साबित कर दिया है कि भारत की बेटियां वैश्विक मंच पर अमिट छाप छोड़ सकती हैं। मैं देश की ओर से टीम को बधाई देती हूं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी हमारी विजेता टीम और इन लड़कियों की उपलब्धि को मान्यता दी है। ये 'बेटी बचाओ और बेटी पढ़ाओ' के सर्वश्रेष्ठ ब्रांड एंबेसडर हैं। क्रिकेट एसोसिएशन फॉर द ब्लाइंड इन इंडिया के अध्यक्ष डॉ. महंतेश जी किवदासनवर ने केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी को उनके उदार भाव के लिए धन्यवाद दिया।

हॉकी के जादूगर की याद में एसआरयू में राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया

भारत के सर्वश्रेष्ठ हॉकी खिलाड़ियों में से एक मेजर ध्यानचंद की जयंती के अवसर पर 29 अगस्त को श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया गया।

यह दिन एथलीटों की उपलब्धियों का सम्मान करने और जश्न मनाने के लिए एक मंच के रूप में मनाया जाता है, इसलिए विश्वविद्यालय के प्रशासन ने नए और आगे बढ़ने वाले छात्रों सहित खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों के पहलुओं में छात्रों की छिपी प्रतिभा को बाहर निकालने और उन्हें राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय मंच के लिए तैयार करने का प्रयास करने का निर्णय लिया।

उत्सव की शुरुआत श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय के कुलाधिपति अनंत विभूषित श्री रविशंकर जी महाराज द्वारा राष्ट्रीय खेल दिवस की मशाल जलाकर की गई, जिसके बाद एनसीसी कैडेट राष्ट्रीय ध्वज के साथ मशाल लेकर आए और खेल दिवस के सभी प्रतिभागियों के साथ खेल मैदान में मार्च किया।

इसके पश्चात महाराज जी ने प्रतिभागियों और छात्रों को खेल के प्रति प्रेरित करने के लिए वॉली-बॉल के कुछ शॉट भी खेले, फिर प्रतिभागियों ने राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर खेल मैदान में अपनी टीम के सदस्यों के साथ मैच शुरू किया।

विश्वविद्यालय के छात्रों में खेल और शारीरिक गतिविधियों की संस्कृति को प्रोत्साहित करने के लिए वॉली-बॉल, बास्केट-बॉल, कबड्डी और खो-खो सहित खेल गतिविधियाँ होती हैं जिनमें क्रमशः 8 टीम, 4 टीम, 6 टीम और 4 टीम ने भाग लिया।

वॉली-बॉल की विजेता टीम आर्ट्स, बास्केट-बॉल की विजेता टीम फार्मेसी, जबकि कबड्डी में बीपीईएस (आर्ट्स) की टीम विजेता रही। आज की खेल प्रतियोगिता के विजेताओं को 5 सितम्बर शिक्षक दिवस के अवसर पर पुरस्कृत किया जायेगा।

छात्रों के उत्साह को बढ़ाने के लिए, प्रति कुलाधिपति श्री हर्ष गौतम, कुलपति प्रोफेसर एस.के. सिंह और विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. सौरभ के. शर्मा ने भी खेल प्रतियोगिता में भाग लेने वाली सभी टीमों की उनकी क्षमता को निखारने के लिए सराहना की।

अमेज़न ने भारत में की अपनी प्रतिबद्धता मजबूत

नई दिल्ली। नई दिल्ली में आयोजित अमेज़ॅन सम्भव सम्मिट के चौथे संस्करण में भारत के प्रति अमेज़ॅन के भावी दृष्टिकोण को साझा करते हुए, अमेज़ॅन के एसवीपी इंडिया और इमर्जिंग मार्केट्स, अमित अग्रवाल ने कहा, 'हम भारतीय बाजार में विकास और दीर्घकालिक संभावनाओं और भारत में लाखों उपभोक्ताओं और विक्रेताओं को सेवा देने के अवसर को लेकर उत्साहित हैं। हमने हाल ही में 2030 तक अपने सभी व्यवसायों में भारत में 15 बिलियन डॉलर के वृद्धिशील निवेश की घोषणा की थी और हम 21वीं सदी में भारत की प्रगति में भागीदार बने रहेंगे। अमेज़ॅन सम्भव, अमेज़ॅन द्वारा आयोजित वार्षिक वैचारिक नेतृत्वकारी शिखर सम्मेलन है जिसमें डिजिटल इंडिया के लिए अनंत संभावनाओं के उपयोग हेतु सर्वोत्तम तरीकों पर जोरदार चर्चा के लिए नीति निर्माता, उद्योग के प्रतिष्ठित लीडर्स, स्टार्टअप और अमेज़ॅन लीडरशिप भाग लेते हैं।

आयोजन के दौरान, अमेज़ॅन ने भारत हेतु किए गए अपने संकल्पों के अनुरूप, भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था और निर्यात को बढ़ावा देने के लिए श्रृंखलाबद्ध नई पहलों की घोषणा की। भारत की लॉजिस्टिक्स और सप्लाई चेन इंफ्रास्ट्रक्चर की रीढ़, इंडिया पोस्ट और भारतीय रेलवे के साथ अपने लंबे समय से चले आ रहे सहयोग को गहरा करते हुए कंपनी ने एकीकृत सीमा पार लॉजिस्टिक्स समाधान के लिए इंडिया पोस्ट के साथ समझौता-पत्र पर हस्ताक्षर किए, जिससे देश भर के लाखों सूक्ष्म, लघु और मध्यम आकार के उद्यम (एमएसएमई) ईकॉमर्स के लिए एक्सपोर्ट के अवसर बढ़ेंगे। इसके अतिरिक्त, अमेज़ॅन भारतीय रेलवे के डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (डीएफसी) के साथ जुड़ रहा है ताकि उसके विक्रेता पूरे भारत में अपने ग्राहकों को तेजी से डिलीवरी कर सकें। इसके साथ ही, अमेज़ॅन भारत में फ्रेट रेलवे मार्गों के माध्यम से ग्राहक पैकेजों की शिपिंग के लिए डीएफसी का लाभ उठाने वाली भारत की पहली ई-कॉमर्स कंपनी बन गई है।

अमेज़ॅन ने यह भी घोषणा की कि वह विक्रेताओं के लिए 'अमेज़ॅन सह-एआई' नामक अपनी तरह का पहला जेनरेटिव एआई आधारित व्यक्तिगत डिजिटल सहायक पेश करेगा और मल्टी-चैनल फुलफिलमेंट क्षमताओं के माध्यम से पूरे भारत में डायरेक्ट-टू-कंज्यूमर (डी2सी) ब्रांडों के लिए अपनी लॉजिस्टिक्स और आपूर्ति श्रृंखला क्षमताओं को खोल देगा।

पीएम जन धन योजना के 9 साल पूरे

नई दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को कहा कि प्रधानमंत्री जन धन योजना (पीएमजेडीवाई) ने वित्तीय समावेशन में क्रांति ला दी है। योजना के 9 साल पूरे होने के अवसर पर बोलते हुए उन्होंने कहा, पीएमजेडीवाई के नेतृत्व वाले 9 सालों के हस्तक्षेप और डिजिटल परिवर्तन ने भारत में वित्तीय समावेशन में क्रांति ला दी है। यह जानकर खुशी हो रही है कि जन धन खाते खोलकर 50 करोड़ से अधिक लोगों को बैंकिंग सिस्टम में लाया गया है।इनमें से लगभग 55.5 प्रतिशत खाते महिलाओं के हैं और 67 प्रतिशत खाते ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में खोले गए हैं।

कार्यालय नगर पंचायत प्रतापपुर जिला-सूरजपुर (छ.ग.)

फोन नंबर- 07777-271280 Email-nagarpanchayatpratappur@gmail.com

क्रमांक 681/ तक / न.प./ 2023-24 प्रतापपुर दिनांकः- 28/08/2023

निविदा आमंत्रण सूचना

नगर पंचायत प्रतापपुर में अधोसंरचना मद 2023-24 एवं राज्य प्रर्वतित योजना अन्तर्गत विभिन्न निर्माण कार्य हेतु एकल खिड़की प्रणाली में पंजीकृत सक्षम ठेकेदारों से छत्तीसगढ़. पीडब्लूडी भवन एवं सड़क एसओआर 01.01.2015 से प्रभावशील लागत, अधिक या कम प्रतिशत दर पर फार्म A निम्नलिखित कार्य हेतु मुहर बंद निविदाएं आमंत्रित की जाती है जो मात्र स्पीड पोस्ट/पंजीकृत डाक (त्रिलिफाफा पद्धति) से अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्राप्त की जावेगी ।

निविदा आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम दिनांक - 05/09/2023 समय अपरान्ह 05:00 बजे तक
निविदा प्रपत्र प्रदाय करने की अंतिम दिनांक - 13/09/2023 समय अपरान्ह 05:00 बजे तक
निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम दिनांक - 21/09/2023 समय अपरान्ह 03:00 बजे तक
निविदा प्रपत्र खोलने की दिनांक - 21/09/2023 समय अपरान्ह 04:00 बजे

क्र.	कार्य का नाम	मद	लागत राशि (लाखों में)	अमानत राशि रु. में	निविदा प्रपत्र का मूल्य	ठेकेदार की श्रेणी	कार्य अवधि
01	02	03	04	05	06	07	08
01	वार्ड क्रमांक 01 पक्की तालाब में रिर्टनिंग वॉल।	अधोसंरचना मद	19.75	15000	750	सक्षम श्रेणी	03 माह
02	वार्ड क्रमांक 01 में पक्की तालाब से गार्डन तक सीसी रोड़ निर्माण कार्य।		19.84	15000	750	सक्षम श्रेणी	03 माह
03	वार्ड क्रमांक 03 रफीक घर से जितेन्द्र घर तक सीसी नाली निर्माण कार्य।		3.23	3500	750	सक्षम श्रेणी	03 माह
04	वार्ड क्रमांक 01 में गंगा तालाब में सौंदयीकरण कार्य।	राज्य प्रवर्तित मद	8.33	6500	750	सक्षम श्रेणी	06 माह
05	वार्ड क्रमांक 01 में जमुना तालाब में सौंदयीकरण कार्य।		8.10	6500	750	सक्षम श्रेणी	06 माह
06	वार्ड क्रमांक 07 में पानी टंकी के पासा उद्यान सौंदर्यीकरण कार्य।		9.98	7500	750	सक्षम श्रेणी	06 माह
07	वार्ड क्रमांक 02 पुष्पवाटिका के पास उद्यान सौंदर्यीकरण कार्य।		10.79	8500	750	सक्षम श्रेणी	06 माह
08	वार्ड क्रमांक 01 मंगल भवन के पास सौंदर्यीकरण कार्य।		15.14	11500	750	सक्षम श्रेणी	06 माह

टीपः- उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा शर्ते/विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। यह जानकारी www/http.cg.uad में देखी जा सकती है।

अध्यक्ष
(श्री कंचन सोनी)
नगर पंचायत प्रतापपुर
जिला सूरजपुर (छ.ग.)

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पंचायत प्रतापपुर
जिला सूरजपुर (छ.ग.)

साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड

"मिनी रत्न कम्पनी"
(कोल इंडिया लिमिटेड का उपक्रम)

SECL/RGH/SAM/CSA/2023/1831 दिनांक 02.08.2023

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, एसईसीएल रायगढ़ क्षेत्र की छाल खुली खान Seam-III परियोजना (6MTY) हेतु भूमि का अर्जन कोयला धारक क्षेत्र (अर्जन और विकास) अधिनियम 1957 के धारा 9(1), संवैधानिक आदेश क्रमांक 03, प्रकाशन दिनांक 04.01.2014 के तहत् किया गया है। जिसमें **ग्राम - बांधापाली,** तहसील – छाल, जिला–रायगढ़ (छ.ग.) के निम्नलिखित भू–प्रभावितों द्वारा नामित अपने प्रत्यक्ष आश्रित उम्मीदवारों को एसईसीएल में कोल इण्डिया पुनर्वास एवं पुनर्स्थापना नीति 2012 (अवरोही क्रम) के तहत् नौकरी प्रदान करने हेतु प्रस्तावित है। उक्त प्रकरण में प्रभावित खातेदारों/नामित आश्रितों द्वारा संलग्न किए गए भूमि एवं अन्य व्यक्तिगत दस्तावेजों में नाम में भिन्नता पायी गई है, जिसका विवरण निम्नानुसार है:–

स. क्र.	खसरा क्रमांक	रकबा (हेक्टे.में)	Statement-1A के अनुसार खातेदार/सह खातेदार का नाम एवं जाति	नामांकन पत्र अनुसार नौकरी नामांकित व्यक्ति का वास्तविक नाम व जन्मतिथि	नाम में अन्तर वाले व्यक्ति	दस्तावेजों के अनुसार खातेदार/सह खातेदार, बालिग आश्रित तथा नौकरी नामांकित व्यक्ति के नाम (बी-I, पी-II, नामांतरण पंजी, ऋण-पुस्तिका, आधार कार्ड, मतदाता परिचय पत्र, अंकसूची, राशन कार्ड आदि में)	टिप्पणी
1	2	3	4	5	6	7	8
1	66/1 179/1 197 199 203/1 207 343/1 370 409 कुल 09	0.017 हे. 0.162 हे. 0.090 हे. 0.140 हे. 0.264 हे. 0.120 हे. 0.405 हे. 0.960 हे. 0.800 हे. 2.958 हेक्टेयर (7.31 एकड़)	पुष्पवास सिंह, रेशम लाल पिता शोभासिंह, सत्यभामा (फौत) पिता शोभासिंह, जाति गोंड़	(1) विजय कुमार सिदार पिता–पुष्पवाश सिदार जाति – गोंड़ जन्मतिथि 07.06.1984 (2) नवरतन सिंह सिदार पिता–रेशम लाल सिदार जाति–गोंड़ जन्मतिथि 10.06.1990 (3) जगेश्वर सिंह पिता–रेशम लाल जाति–गोंड़ जन्मतिथि 30.09.1996	पुष्पवास सिदार पिता शोभा सिदार	(1) बी–I वर्ष 2013-14 में पुष्पवास सिंह वल्द शोभा सिंह, जाति गोंड़ है। (2) पी–II वर्ष 2013-14 में पुष्पवास सिंह पिता शोभासिंह एवं पुष्पवास सिंह वगै. गोंड़ है। (3) नामांतरण पंजी की नकल में पुष्पवास सिंह/शोभासिंह, जाति गोंड़ है। (4) बी–I वर्ष 2022-23 में पुष्पवास सिंह पिता शोभा सिंह, जाति गोंड़ है। (5) पी–II वर्ष 2022-23 में पुष्पवास सिंह पिता शोभा सिंह एवं पुष्पवास सिंह, जाति गोंड़ है। (6) ऋण–पुस्तिका में पुष्पवास सिंह पिता शोभासिंह गोंड़ एवं पुष्पवास सिंह पिता शोभासिंह है। (7) आधार कार्ड में पुष्पवाश सिदार पिता शोभा सिदार (Pushpwash Sidar S/o Sobha Sidar) है।	दस्तावेजों में भिन्न–भिन्न नाम खातेदार पुष्पवास सिदार पिता शोभा सिदार का ही नाम है।
					रेशमलाल सिदार पिता शोभा सिदार	(1) बी–I वर्ष 2013-14 में रेशम लाल पिता शोभा सिंह, जाति गोंड़ है। (2) पी–II वर्ष 2013-14 में रेशम लाल पिता शोभासिंह है। (3) नामांतरण पंजी की नकल में रेशमलाल/शोभासिंह, जाति गोंड़ है। (4) बी–I वर्ष 2022-23 में रेशम लाल पिता शोभा सिंह, जाति गोंड़ है। (5) पी–II वर्ष 2022-23 में रेशम लाल पिता शोभा सिंह एवं रेशम लाल, जाति गोंड़ है। (6) ऋण–पुस्तिका में रेशम लाल पिता शोभासिंह है। (7) आधार कार्ड में रेशमलाल सिदार पिता शोभा सिदार (Reshamlal Sidar S/o Sobha Sidar) है।	दस्तावेजों में भिन्न–भिन्न नाम सहखातेदार रेशमलाल सिदार पिता शोभा सिदार का ही नाम है।
					विजय कुमार सिदार पिता पुष्पवाश सिदार	(1) प्रधान पाठक शा.प्रा.शा. बांधापाली, वि.खं.धरमजयगढ़ द्वारा जारी प्राथमिक प्रमाण पत्र परीक्षा 1994-95 कक्षा – पांचवी के अंकसूची में विजय कुमार पिता पुष्पवास सिंह एवं जन्मतिथि – 07.06.1984 है। (2) स्थायी सामाजिक प्रास्थिति प्रमाण पत्र में विजय कुमार सिदार पिता पुष्पवास सिदार, जाति गोंड़ है। (3) स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र में विजय कुमार सिदार पिता पुष्पवास सिदार है। (4) आधार कार्ड में नाम विजय कुमार सिदार पिता पुष्पवाश सिदार है। (5) मतदाता परिचय पत्र में विजय कुमार सिदार पिता पुष्पवास सिंह सिदार है। (6) राशन कार्ड में विजय कुमार सिदार है।	दस्तावेजों में भिन्न–भिन्न नाम नौकरी हेतु नामांकित व्यक्ति विजय कुमार सिदार पिता पुष्पवाश सिदार का ही नाम है।
					नवरतन सिंह सिदार पिता रेशम लाल सिदार	(1) हाई स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा (10+2) 2005 मार्च, 2005 प्रमाणपत्र–सह–अंकसूची, कक्षा – दसवीं के अंकसूची में Navratan Singh Sidar S/o Reshm Lal Sidar है एवं जन्मतिथि 10.06.1990 है। (2) हायर सेकण्डरी स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा (10+2) 2008 फरवरी–मार्च, 2008 प्रमाणपत्र–सह–अंकसूची, कक्षा – बारहवीं के अंकसूची में Navratan Singh Sidar S/o Reshm Lal Sidar है। (3) B.A. में Navratan Singh Sidar S/o Resham Lal Sidar है। (4) M.A. (Final) Geography में Navratan Singh Sidar S/o Resham Lal Sidar है। (4) I.T.I. (C.O.P.A.) में नवरतन सिंह सिदार पिता रेशम लाल सिदार है। (5) स्थायी जाति प्रमाण पत्र मे नवरतन सिंह सिदार पिता रेशम लाल, जाति गोंड़ है। (6) वास्तविक निवास प्रमाण – पत्र में नवरतन सिंह पिता रेशमलाल है। (7) आधार कार्ड में नवरतन सिंह सिदार पिता रेशम लाल सिदार (Navratan Singh Sidar S/o Resham Lal Sidar) है। (8) मतदाता परिचय पत्र मे नवरतनसिंह सिदार पिता रेशमलाल सिदार सिदार है। (9) राशन कार्ड में नाम नवरतन सिंह है।	दस्तावेजों में भिन्न–भिन्न नाम नौकरी हेतु नामांकित व्यक्ति नवरतन सिंह सिदार पिता रेशम लाल सिदार का ही नाम है।
					जगेश्वर सिंह पिता रेशम लाल	(1) हाई स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा (10+2) 2012 मार्च, 2012 प्रमाणपत्र–सह–अंकसूची, कक्षा – दसवीं के अंकसूची में Jageshwar Singh S/o Resham Lal है एवं जन्मतिथि 30.09.1996 है। (2) हायर सेकण्डरी स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा (10+2) 2014 प्रमाणपत्र–सह–अंकसूची, कक्षा – बारहवीं के अंकसूची में Jageshwar Singh Sidar S/o Resham Lal Sidar है। (3) B.A. में Jageshwar Singh Sidar S/o Resham Lal Sidar है। (4) M.A. (Final) Geography में Jageshwar Singh Sidar S/o Resham Lal Sidar है। (5) PGDCA में Jageshwar Singh S/o Resham Lal है। (6) जाति प्रमाण पत्र मे जगेश्वर सिंह पिता रेशम लाल, जाति गोंड़ है। (7) वास्तविक निवास प्रमाण – पत्र में जगेश्वर सिंह सिदार पिता रेशम लाल है। (8) आधार कार्ड में जागेश्वर सिंह सिदार पिता रेशमलाल सिदार (Jageshwar Singh Sidar S/o Reshamlal Sidar) है। (9) मतदाता परिचय पत्र में जगेश्वर सिदार पिता रेशम लाल सिदार है। (10) राशन कार्ड में नाम जगेश्वर है।	दस्तावेजों में भिन्न–भिन्न नाम नौकरी हेतु नामांकित व्यक्ति जगेश्वर सिंह पिता रेशम लाल का ही नाम है।
2	16 62 कुल 02	0.340 हे. 0.020 हे. 0.360 हेक्टेयर (0.89 एकड़)	विमला बाई (फौत) पिता तेजराम वारिशान परदेशी कंवर पिता – शिव प्रसाद कँवर, माता – विमला बाई, प्रदीप कुमार कँवर पिता – शिव प्रसाद कंवर, माता – विमला बाई, अजित कुमार कंवर पिता – शिव प्रसाद, माता – विमला बाई, जाति कंवर	(4) परदेशी कंवर पिता – शिव प्रसाद कँवर माता – विमला बाई कंवर जाति – कंवर जन्मतिथि – 18.02.1987	परदेशी कंवर पिता – शिव प्रसाद कँवर, माता – विमला बाई कंवर	(1) नामांतरण पंजी की नकल में परदेशी कंवर माता – विमला बाई कंवर है। (2) बी–I वर्ष 2022-23 में परदेशी कंवर माता – विमलाबाई, जाति कंवर है। (3) पी–II वर्ष 2022-23 में परदेशी कंवर माता विमलाबाई एवं परदेशी कंवर है। (4) ऋण–पुस्तिका में परदेशी कंवर माता – विमला बाई कंवर वगै., जाति कंवर एवं परदेशी कंवर माता – विमला बाई है। (5) आधार कार्ड में परदेशी कंवर पिता शिव प्रसाद कँवर (Pardeshi Kanwar S/o Shiv Prasad Kanwar) है। (6) हाई स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा (10+2) 2006 मार्च, 2006 प्रमाणपत्र–सह–अंकसूची, कक्षा – दसवीं के अंकसूची में Pardeshi Kanwar S/o Shiv Prasad Kanwar, Mother - Vimla Bai Kanwar है एवं जन्मतिथि 18.02.1987 है। (7) स्थायी सामाजिक प्रास्थिति प्रमाण पत्र मे परदेशी कंवर पिता शिव प्रसाद कंवर, जाति कंवर है। (8) स्थानीय निवासी प्रमाणपत्र में परदेशी कंवर पिता शिव प्रसाद कंवर है। (9) मतदाता परिचय पत्र में परदेशी कंवर पिता शिवप्रसाद कंवर है। (10) राशन कार्ड मे परदेशी पिता शिव प्रसाद, माता – विमला है।	दस्तावेजों मे भिन्न–भिन्न नाम खातेदार एवं नौकरी हेतु नामांकित व्यक्ति परदेशी कंवर पिता – शिव प्रसाद कँवर, माता – विमला बाई कंवर का ही नाम है।
					प्रदीप कुमार कँवर पिता – शिव प्रसाद कंवर, माता – विमला बाई	(1) नामांतरण पंजी की नकल में नाम प्रदीप कुमार कंवर माता – विमलाबाई कंवर है। (2) बी–I वर्ष 2022-2023 मे प्रदीप कुमार कंवर माता – विमलाबाई है। (3) पी–II वर्ष 2022-2023 में प्रदीप कुमार कंवर माता – विमलाबाई एवं प्रदीप कुमार कंवर है। (4) ऋण–पुस्तिका मे प्रदीप कुमार माता – विमला बाई है। (5) आधार कार्ड में प्रदीप कुमार कँवर पिता शिव प्रसाद कंवर (Pradip Kumar Kanwar S/o Shiv Prasad Kanwar) है।	दस्तावेजों मे भिन्न–भिन्न नाम सहखातेदार प्रदीप कुमार कँवर पिता – शिव प्रसाद कंवर, माता–विमला बाई का ही नाम है।
					अजित कंवर पिता शिव प्रसाद, माता – विमला बाई	(1) नामांतरण पंजी की नकल मे नाम अजित कुमार कंवर माता – विमलाबाई कंवर है। (2) बी–I वर्ष 2022-2023 मे अजित कुमार कंवर माता – विमलाबाई, जाति कंवर है। (3) पी–II वर्ष 2022-2023 मे अजित कुमार कंवर माता – विमला बाई एवं अजित कुमार कंवर है। (4) ऋण–पुस्तिका में अजित कुमार माता – विमला बाई है। (5) आधार कार्ड में अजित कुंवर पिता शिव प्रसाद (Ajita Kuanvar S/o Shiv Prasad) है।	दस्तावेजों मे भिन्न–भिन्न नाम सहखातेदार अजित कंवर पिता शिव प्रसाद, माता–विमला बाई का ही नाम है।

एसईसीएल में उपरोक्त प्रस्तावित नौकरियों हेतु किसी व्यक्ति को यदि कोई आपत्ति हो और साथ ही आवेदक भू–स्वामी व नौकरी हेतु नामांकित व्यक्तियों के पहचान व नाम में भिन्नता के संबंध में किसी व्यक्ति को यदि कोई आपत्ति हो तो अपना पूरा नाम, हस्ताक्षर, पता एवं मूल दस्तावेजों प्रमाणों के साथ इसकी लिखित शिकायत कार्यालय महाप्रबंधक, एसईसीएल रायगढ़ क्षेत्र के समक्ष उक्त सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 दिनों के भीतर प्रस्तुत कर सकता है, समयावधि के उपरान्त प्राप्त आपत्ति/दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

प्रभारी अधिकारी (भू-राजस्व),
छाल उपक्षेत्र, एसईसीएल, रायगढ़ क्षेत्र

SECL:23-24:155

भोरमदेव अभ्यारण्य में नहीं बनेगा टाईगर रिजर्व

राज्य वन्य जीव बोर्ड के निर्णय को चुनौती देने वाली जनहित याचिका हाई कोर्ट में खारिज

■ भाजपा सरकार के दौरान टाईगर रिजर्व को सैद्धांतिक स्वीकृति मिली थी

कवर्धा/नवप्रदेश। भोरमदेव वन्य जीव अभ्यारण्य को टाईगर रिजर्व घोषित नहीं करने के राज्य वन्य जीव बोर्ड के निर्णय को चुनौती देने वाली जनहित याचिका को छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट ने खारिज कर दिया है। प्रदेश के वन मंत्री मोहम्मद अकबर ने कहा है कि राज्य सरकार सुप्रीम कोर्ट में भी अपना पक्ष मजबूती से रखेगी।

छत्तीसगढ़ की तत्कालीन भारतीय जनता पार्टी सरकार द्वारा राज्य वन्य जीव बोर्ड की नौवी बैंठक दिनांक 23.05.2017 में कवर्धा स्थित भोरमदेव वन्य जीव अभ्यारण्य को टाइगर रिजर्व घोषित करने के लिए सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान की गई थी। तत्पश्चात 14.नव.2017 को हुई राज्य वन्य जीव बोर्ड की 10 वीं बैठक में यह अनुशंसा की गई कि कवर्धा स्थित भोरमदेव अभ्यारण्य को टाइगर रिजर्व घोषित किया जाए।

उक्त टाइगर रिजर्व की घोषणा करने से 39 गांवों को विस्थापित करना पड़ता एवं वहां उस समय पीढ़ियों से निवासरत 17566 व्यक्तियों को उनके मूल स्थान से दूसरी जगह विस्थापित करना पड़ता। इन निवासियों में बैगा जनजाति के लोग बड़ी संख्या में हैं। उनके विस्थापन से उनके प्राचीन संस्कृति, वनों के साथ उनके संबंधों आदि से विस्थापित होना पड़ेगा। कांग्रेस पार्टी ने उस समय भोरमदेव अभ्यारण को टाईगर रिजर्व घोषित करने के तत्कालीन भाजपा सरकार के निर्णय के विरोध में मोहम्मद अकबर के नेतृत्व में आंदोलन चलाया। बाद में परिस्थितिया बदल गयी तथा राज्य में कांग्रेस की सरकार बन गई। इतना ही नहीं बल्कि मोहम्मद अकबर राज्य के वन मंत्री बन गए। उनके प्रयास से राज्य वन्य जीव बोर्ड की बैठक दिनांक 24.11.2019 में कवर्धा स्थित भोरमदेव अभ्यारण्य को टाइगर रिजर्व घोषित नहीं करने का निर्णय लिया गया।

इधर उक्त निर्णय को छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, बिलासपुर में एक जनहित याचिका क्रमांक WPPIL 17/2019 के माध्यम से नितिन सिंघवी द्वारा चुनौती दी गई थी। इस प्रकरण में सुनवाई के दौरान सरकार द्वारा मजबूती से अपना पक्ष रखते हुए, न्यायालय को यह बताया गया कि उक्त टाइगर रिजर्व घोषित करने से भोरमदेव अभ्यारण्य में निवासरत आदिवासियों के विकास पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। सरकार द्वारा दी गई दलीलों से संतुष्ट होकर माननीय उच्च न्यायालय द्वारा जनहित याचिका दिनांक 14.08.2013 को खारिज कर दी गई।

वन मंत्री अकबर ने आदिवासियों-बैगा जनजाति को दिलाया भरोसा

प्रदेश के वन मंत्री छत्तीसगढ़ शासन मोहम्मद अकबर ने कहा है कि राज्य शासन आदिवासियों के साथ मजबूती से रहेगी। उन्होंने प्रस्तावित भोरमदेव अभ्यारण क्षेत्र के आदिवासियों एवं बैगा जनजाति के लोगों को भरोसा दिलाया है कि वे कतई चिंता न करें। इस क्षेत्र के विधायक होने के नाते वे (अकबर) हर स्थिति में उनके हितों की रक्षा करेंगे।

अवैध शराब परिवहन करते आरोपी पकड़ाया

■ 108 नग़ मसाला शराब जब्त

भाटापारा/नवप्रदेश। मोटर सायकल में अवेध रूप से शराब का परिवहन करते ग्रामीण पुलिस ने 1 युवक को गिरफ्तार कर उसके पास से 108 नग शराब और उसकी मोटर सायकल को जब्त कर उसे न्यायिक रिमांड में भेज दिया है।

उपरोक्त कार्यवाही वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक झा के आदेश अति0पु0अधीक्षक हरीश यादव एंव अनुविभागीय अधिकारी पुलिस आशीष अरोरा के मार्ग दर्शन मे थाना प्रभारी भाटापारा ग्रामीण अमित पाटले के नेतृत्व में की गई। टी आई अमित पाटले ने बताया की मुखबीर से सूचना मिला की एक व्यक्ति मो0सा0 क्रमांक CG-22-W-3653 मे अवैध शराब लेकर ग्राम कुम्हरखान की ओर आ रहा है की सूचना पर ग्राम सिद्धबाबा में घेराबंदी कर मो0 सा0 क्रमांक CG-22-W-3653 के चालक को रोक कर तलाशी लिया गया मोटर सायकल मे केनवास का बैग मे अवैध शराब भारी मात्रा में रखे परिवहन करते मिला । नाम पता पुछने पर अपना नाम संजय गेंदले ऊर्फ छोटू कुम्हरखान का रहने वाला बताया। आरोपी संजय गेंदले ऊर्फ छोटू के कब्जे से केनवास के बैंग में देशी मसाला शराब 108 नग प्रत्येक मे 180 एम एल कुल 20 बल्क लीटर किमती 11880 रूपये तथा मो0 सा0 क्रमांक CG-22-W-3653 को जप्त कर 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए आरोपी को गिरफ़्तार कर न्यायिक रिमांड में भेज दिया है।

■ न्यूज गैलरी

युवक पर ब्लेड से हमला

रायपुर/नवप्रदेश। ग्राम कपसदा में शराबब पीने के लिए पैसा नहीं देने पर एक युवक ने दूसरे युवक पर ब्लेड से हमला कर घायल कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर धरसींवा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी राजू देवांगन 35 वर्ष ग्राम कपसदा का रहने वाला है। बताया जाता है कि आरोपी दुर्गेश यादव प्रार्थी से शराब पीने के लिए पैसा मांगा। जिससे पैसे नहीं देने पर आरोपी ने युवक पर ब्लेड से हमला कर चोट पहुंचाया। प्रार्थी की शिकायत पर धरसींवा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

40 पाव देशी शराब के साथ युवक गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। डीडीनगर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर 40 पाव देशी शराब के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है।मिली जानकारी के अनुसार कल रात पुलिस को सूचना मिली कि त्रिमुर्ति चौक के पास एक युवक अवैध रूप से शराब बेच रहा है। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने आरोपी सोनू खटवानी 32 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 40 पाव देशी शराब जब्त किया है। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

सरेआम शराब पीते 13 पकड़ाए

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी पुलिस ने नशेडियों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते 13 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार उरला पुलिस ने मेटल पार्क के पास शराब पीते आरोपी मकबुल आलम 30 वर्ष व खमतराई पुलिस ने आरोपी विपिन गुप्ता 26 वर्ष एवं अमरेश सिंह 35 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह खम्हारडीह पुलिस ने आरोपी गोविंद निहाल 35 वर्ष, प्रवीण सेंडे 30 वर्ष, रोहित कुमार 39 वर्ष, लिंगराज दीप 27 वर्ष व मुकेश कश्यप 31 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं मंदिरहसौद पुलिस ने आरोपी चुम्मन 22 वर्ष व शुभम मौर्या 29 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरहह आरंग पुलिस ने आरोपी मालिकराम निर्मलकर 36 वर्ष, गोपाल डहरिया 30 वर्ष व विनोद कुमार डहरिया 28 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

नशीली टेबलेट बेचते युवक गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। लोको कालोनी गुढियारी में पुलिस ने नशीली टेबलेट बेचते एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से नकदी सहित हजारों रुपए के नशीली टेबलेट जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर सूचना मिली कि लोको कालोनी गुढियारी में एक युवक नशीली टेबलेट बेच रहा है। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने आरोपी शुभम गुप्ता 28 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 9 स्ट्रीप सेल, 20 स्ट्रीप न्यूट्रोसन व नकदी 1000 रुपए जब्त किया है।

पैसे के लेन-देन को लेकर नुकीली चीज से हमला

रायपुर/नवप्रदेश। बंजारी नगर रावाभाठा में पैसे के लेन-देन को लेकर एक युवक ने दूसरे युवक पर नुकीली चीज से हमला कर घायल कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी प्रकाश साहू 40 वर्ष बंजारी नगर रावाभाठा का रहने वाला है। बताया जाता है कि आरोपी मोंटू श्रीवास्तव ने पैसे के लेन-देन को लेकर जबरन प्रार्थी के घर प्रवेश कर उसके भाई हरीश साहहू से गाली-गलौज कर नुकीली चीज से मारकर चोट पहुंचाया।

शिविर में 1650 लोगों को सहायक उपकरण

■ किसान नेता योगेश तिवारी की ओर से आयोजित शिविर में हजारों ग्रामीणों ने लिया स्वास्थ्य लाभ

बेरला/बेमेतरा/नवप्रदेश। रक्षाबंधन के पावन अवसर पर बेरला ब्लॉक के ग्राम नेवनारा स्थित मां चंडी मंदिर प्रांगण में निःशुल्क आंख व कान जांच शिविर आयोजित हुआ। शिविर का आयोजन किसान नेता योगेश तिवारी व महावीर इंटरकॉन्टिनेंटल सर्विस ऑर्गेनाइजेशन रायपुर के संयुक्त तत्वाधान में हुआ। इस शिविर में वातानुकूलित एंबुलेंस में लगी मशीनों से विशेषज्ञों के द्वारा निःशुल्क आंख और कान की जांच की गई। शिविर में बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र से हजारों ग्रामीण बीपी, शुगर, आंख व कान की जांच के लिए पहुंचे थे। शिविर में जरूरतमंद मरीजों को दवाई, चश्मा और कान की मशीन का वितरण किया गया। जिसमें 1800 आंख के मरीजों को चश्मा व 150 कान के मरीजों को मशीन का निःशुल्क वितरण किया गया। शिविर में संस्था के पदाधिकारी लोकेश कांवरिया अंतर्राष्ट्रीय महासचिव, अशोक जैन प्रदेश अध्यक्ष, मोतीलाल ओसवाल अध्यक्ष रायपुर शाखा, नवनीत झा सचिव रायपुर शाखा, संजय गिड़िया कोषाध्यक्ष रायपुर शाखा, धर्मेंद्र जैन डायरेक्टर आई केयर, नरेंद्र लुनिया डायरेक्टर आई केयर ने सेवाएं दी। निःशुल्क शिविर गरीब परिवारों के लिए बड़ी राहत - किसान नेता योगेश तिवारी ने बताया कि 27 मई को बेमेतरा स्थित बेसिक स्कूल मैदान में निशुल्क शिविर का आयोजन किया गया था। इस दौरान सभी मरीजों का इलाज संभव नहीं होने पर दूसरी बार शिविर आयोजन का निर्णय लिया गया, इसलिए रक्षाबंधन के अवसर पर ग्राम नेवनारा स्थित मां चंडी मंदिर प्रांगण में शिविर आयोजित किया गया। गरीब परिवार के लोग बड़े हॉस्पिटलों में इलाज का खर्च वहन नहीं कर सकते, ऐसी स्थिति में यह शिविर उनके लिए राहत लेकर आया हैं, इसलिए क्षेत्र के लोगों के लिए निःशुल्क शिविर का आयोजन किया जा रहा हैं, ताकि अधिक से अधिक लोग शिविर में स्वास्थ्य परीक्षण कराकर उसका लाभ ले सकें।

युवक के हाथ से ब्रेसलेट व अंगूठी पार

रायपुर/नवप्रदेश। घड़ी चौक के पास कार में सो रहे युवक के हाथ से अज्ञात चोर ने सोने के ब्रेसलेट व अंगुठी पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर सिविल लाइन पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी सौरव मिश्रा 26 वर्ष कचना खम्हारडीह का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी अपनी कार को घड़ी चौक के पास खड़ी कर उसमें सो रहा था, तभी अज्ञात चोर ने प्रार्थी के हाथ में पहने सोने के ब्रेसलेट व अंगुठी पार कर दिया। चोरी गए जुमला कीमती करीब 95 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर सिविल लाइन पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

एसडीएम के किया मतदान केंद्रों का निरीक्षण, एक को नोटिस जारी

बेमेतरा/नवप्रदेश। एसडीएम व आरओ बेमेतरा सुरुचि सिंह ने बेमेतरा शहरी क्षेत्र में आने वाले मतदान केंद्रों का औचक निरीक्षण किया, जिसमें समस्त शहर के स्कूलों का दौरा किया गया। शासकीय प्राथमिक विद्यालय कोबिया में अभिहित अधिकारी उपस्थित नहीं थे और उनके कक्ष में ताला लगा हुआ था, अतः उनको कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। शासकीय कन्या विद्यालय में अभिहित अधिकारी आवेदकों के साथ थे और उनसे नाम जुड़वाने का आवेदन लेते हुए दिखे। एसडीएम के आदेशानुसार सारे तहसीलदार नायब तहसीलदार विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2.0 के दौरान अपने अपने क्षेत्रों में दौरे पर रहेंगे और अनुपस्थित अधिकारियों पर कार्यवाही करेंगे।

कुसमुंडा खदान में ट्रेलर की चपेट में आने से मुंशी की मौत

कोरबा/नवप्रदेश। कुसमुंडा खदान में एक ट्रेलर की चपेट में आने से निजी कंपनी के मुंशी की मौत हो गई। घटना से सहकर्मियों में नाराजगी व्याप्त हो गई। पुलिस ने शव को मर्च्यूरी में रखा दिया है। साऊथ ईस्टर्न कोलफिल्ड्स लिमिटेड एसईसीएल की कुसमुंडा खदान के 29 नंबर काल स्टार्ट में यह घटना बुधवार की शाम चार बजे हुई। बताया जा रहा है कि घुड़देवा निवासी विनय कुमार, कोल लिफ्टरों का काम देखने वालों के अधीन मुंशी का काम करता था। बुधवार को भी काम करने खदान गया था। इसी बीच मौसम ने एकाएक करवट ली और वर्षा होने लगी। इससे बचने के लिए वह एक ट्रेलर के पीछे तरफ डाला के नीचे जाकर बैठ गया। कुछ देर बाद ट्रेलर चालक ने जाने के लिए वाहन चालू किया और पीछे कर मोड़ने लगा, तभी विनय उसकी चपेट में आ गया और ट्रेलर का चक्का उसके सिर पर चढ़ गया। इससे घटना स्थल पर ही उसकी मौत हो गई। जानकारी मिलते ही स्थल पर सहकर्मियों में नाराजगी व्याप्त हो गई। सूचना मिलने पर स्थल पर पहुंची पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई के बाद शव को एसईसीएल विकास नगर स्थित अस्पताल के मर्च्यूरी में रखा दिया है। शाम होने की वजह से अब गुरूवार को पोस्टमार्टम किया जाएगा। पुलिस का कहना है कि वाहन चालक के विरूद्ध मामला दर्ज कर लिया गया है।

यूडी मिंज ने सर्वेश्वरी आश्रम और अनुयायियों से मांगी माफी

■ सोगड़ा आश्रम का नाम पत्र लिखे जाने पर अंतरात्मा से इसके लिए दु:ख व्यक्त किया

पत्थलगांव/नवप्रदेश। संसदीय सचिव यू. डी. मिंज ने सर्वेश्वरी समूह सोगड़ा आश्रम के लिए अपने एक पत्र में सर्वेश्वरी आश्रम के उल्लेख के लिए आश्रम से जुड़े सभी अनुयायियों से सार्वजनिक रूप से माफ़ी मांगी है और अंतरात्मा से इसके लिए दुःख व्यक्त किया है उन्होंने कहा कि इसके लिए मेरी अंतरात्मा व्यथित है । प्रभारी ई ई जलसंसाधन को हटाने के लिए मंत्री को लिखे पत्र में संसदीय सचिव ने सोगड़ा आश्रम का नाम उल्लेख किया जिस पर आज स्वयं संसदीय सचिव यू. डी. मिंज ने ह्रदय से दुःख व्यक्त किया है उन्होंने कहा कि आश्रम सभी जाति धर्म समूह के लोगों के प्रति सदभावनापूर्वक जीवन जीने का रास्ता दिखाती है इसलिए सर्वेश्वरी समूह आश्रम में शुरू से ही मेरी गूढ आस्था रही है। उन्होंने कहा कि आश्रम का आशीर्वाद और मार्गदर्शन समय समय पर मुझे मिलता रहा है।

उन्होंने आज कहा कि भगवान अघोरेश्वर सरकार बाबा, परमपूज्य संभव राम बाबा और सर्वेश्वरी समूह के सभी पूजनीय बाबा के साथ जन जन का आस्था केंद्र सोगड़ा आश्रम मेरे लिए अत्यंत पूजनीय और श्रद्धेय है. उन्होंने कहा कि मेरे द्वारा लिखे पत्र में सोगड़ा आश्रम का नाम उल्लेख कर दिया गया इससे निश्चित ही आश्रम से जुड़े श्रद्धालुओं को पीड़ा हुई उनकी भावनाएं आहत हुई, मुझे भी इस बात का अहसास हुआ कि जो मेरे लिए श्रद्धेय और पूजनीय है उनके आश्रम का नाम कतिपय परिस्थितियों में मेरे द्वारा नाम उल्लेखित हो गया है. उन्होंने कहा कि शुरआत समय से ही मै अघोरेश्वर आश्रम और ट्रस्ट की गतिविधियों से जुडा रहा हूँ मेरी भावनाएं ह्रदय से जुडी रही है. इसके साथ ही क्षेत्र के लिए जो सर्वेश्वरी समूह की मंशा है उसके अनुरूप पर्यटन, जैविक खेती, चाय बागान, उद्यानिकी को समृद्ध करते हुए जशपुर जिले को एग्रो टुरिज्म की ओर ले जाने का प्रयास बाबा के आशीर्वाद से किया जा रहा है जिसमें प्रदेश सरकार ने जशपुर को बढ़ावा देने का कार्य किया है. जशपुर में चाय बागान की शुरुआत, काफ़ी उत्पादन एवं मसालों की खेती की दिशा में ले जाने में अहम भूमिका है उनसे प्रेरित होकर हम और हमारी सरकार भी इसे अनुशरण करते हुए आगे बढ़ रही है और किसानों को भी एक बेहतर भविष्य का रास्ता दिखा रहे है. क्षेत्र के किसानों की कुछ समस्या भी है जिसे दृष्टिगत कर उन्हें दूर करने का सार्थक प्रयास कर रहे है।

पालकी यात्रा में हैरतअंगेज कारनामा

भाटापारा/नवप्रदेश। नगरपालिका स्थित महाकाल मंदिर में सावन के अंतिम सोमवार को विशाल पालकी यात्रा निकाली गई इस पालकी यात्रा की विशेषता यह रही कि बनारस काशीविश्वनाथ नगरी के तर्ज पर अघोरी आश्रम से आधा दर्जन से अधिक अघोरी अपने वेष भूषा से सज्जित यात्रा का अगुवाई कर रहे थे जिसे देखने के लिए जनसैलाब उमड़ पड़ा ।

डीजे साउण्ड सिस्टम व ढोल ताशे पर के साथ निकली इस पालकी यात्रा में पुरुष महिलाएं बुजुर्ग बच्चे नाचते गाते यात्रा का शोभा बढ़ाते रहे ।महाकाल की पालकी यात्रा शाम चार बजे नगरपालिका के सामने से निकाली गई और नगर के मुख्य मार्ग से होकर वापस मंदिर में आ कर संपन्न हो गई। पालकी यात्रा में शामिल भोले के भक्तो के द्वारा प्रमुख चोक चौराहों पर हैरत अंग्रेज कारनामे का प्रदर्शन कर लोगो को दाते तले उंगली दबाने को मजबूर कर दिया।